21 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 94



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI


# रिम्स का मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान शीघ्र बनायें: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य, कल्याण और वन विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक
- कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तावित चार नये आदिवासी कल्याण हॉस्टलों के निर्माण कार्य को तय समय में पूरा करने का निर्देश
- वाइल्डलाइफ सेंचुरी के अंतर्गत आनेवाले ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों की बाधाओं को दूर करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) जल्द ही नये रंगरूप में दिखेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रिम्स का एक बेहतर मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान शीघ्र तैयार करें। रिम्स के नये री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी चीजें सुसज्जित तरीके से व्यवस्थित करने की कार्य योजना बनायें। मुख्यमंत्री सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं, वाइल्डलाइफ सेंचुरी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों की बाधाओं को दूर करने का आदेश दिया।

**आदिवासी कल्याण हॉस्टल का निर्माण एक महीने में होगा शुरू:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों से प्रस्तावित आदिवासी कल्याण हॉस्टल के टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि रांची में दो आदिवासी कल्याण हॉस्टल्स तथा डाल्टनगंज में दो आदिवासी कल्याण हॉस्टल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, इन चारों हॉस्टलों का टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। रांची के विमेंस कॉलेज (साइंस ब्लॉक) परिसर में 525 अनुसूचित जनजाति के छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण तथा आदिवासी हॉस्टल कैंपस में 525 छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। वहीं, पलामू जिला के डाल्टनगंज स्थित बाइपास रोड रेड़मा में एसटी वर्ग के लिए 525-525 विद्यार्थियों का दो छात्रावास का निर्माण कार्य किया जाना है। इन सभी छात्रावासों का निर्माण कार्य अगले एक महीने के भीतर शुरू कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी सुविधाओं को द्यान में रखने और समय पर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

**विकास कार्यों की बाधाओं को दूर करें :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के भीतर वाइल्डलाइफ सेंचुरी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों की बाधाओं को दूर करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वन क्षेत्र में बसे गांवों में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का अपेक्षा अनुरूप विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। मधुबन से पारसनाथ (सिकर) हिलटॉप तक जोड़ने वाली सड़क के पुनर्निर्माण कार्य की बाधाओं को शीघ्र दूर करें।

## देश में रिम्स की अलग पहचान होनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से रिम्स के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। हेमंत ने कहा कि देश में रिम्स की अलग पहचान होनी चाहिए। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। रिम्स के री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में सभी हॉस्टल्स को एक जगह, सभी रेजिडेंशियल कंपलेक्स को नॉर्थ ब्लॉक में शिफ्ट करने की योजना बनायी जाये। मुख्यमंत्री ने



अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्तमान में रिम्स परिसर के 1600 बेडवाले इनडोर क्षेत्र का रिनोवेशन करें। बेसमेंट क्षेत्र को सील करने का कार्य करें, ताकि बार-बार होने वाला वाटर लॉगिंग रोका जा सके।

## शाह पर टिप्पणी मामला: राहुल पर नहीं चलेगा केस



**रांची/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले झारखंड के चाइबासा में अपने एक भाषण के दौरान राहुल ने अमित शाह को हत्यारा बताया था। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने उन पर शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का केस किया था। सुनवाई के दौरान राहुल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि कई न्यायिक फैसलों में कहा गया है कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत किसी तीसरे पक्ष की ओर से दायर की गयी थी। मानहानि मामले में ऐसा करना स्वीकार्य नहीं है।

## कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के दोषी को उम्रकैद



- घटना के 164वें दिन संजय रॉय को मिली सजा
- कोर्ट ने कहा, यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर का मामला नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनायी गयी। सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सोमवार को सजा सुनाते हुए कहा कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है। मौत की सजा नहीं दी सकती। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपये मुआवजा दे। हालांकि परिवार ने इसे लेने से इनकार कर दिया।

फैसला सुनाने से पहले दोपहर में कोर्ट ने दोषी संजय, सीबीआइ और पीड़ित परिवार की बातें सुनीं। संजय से कहा कि यह बताया जा चुका है कि तुम किन अपराधों के दोषी हो। कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। घटना के 164वें दिन (20 जनवरी) सजा पर 160 पेज का फैसला सुनाया। सीबीआइ और पीड़ित परिवार ने मौत की सजा मांगी थी।

संजय का परिवार बोला कि भले ही फांसी हो। हम फैसले के खिलाफ अपील नहीं करेंगे। संजय की मां ने कहा कि मैं उस लड़की के मां-बाप का दुख समझती हूं, मेरी भी बेटियां हैं। उधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि केस कोलकाता पुलिस से जबरन छीन लिया गया। अगर मामला उनके पास होता तो मौत की सजा तय होती।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 74,800 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# आर्थिक मोर्चे पर मजबूत होता आज का झारखंड

## ■ केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट में झारखंड ने बिहार और यूपी को पछाड़ा
## ■ आर्थिक और सामाजिक मोर्चे पर भी हो रही तारीफ
## ■ सरकार के साथ आम लोगों को भी इस सिलसिले को जारी रखने की है चुनौती

**आजाद सिपाही विशेष**

यह झारखंड के लिए सुखद सूचना है कि वह अब देश का सबसे गरीब राज्य नहीं है। केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी आर्थिक विकास के विभिन्न सूचकांकों से पता चलता है कि झारखंड की आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हुई है। इतना ही नहीं, यहां की प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ी है और गरीबी भी कम हुई है। झारखंड के लिए यह कम बड़ी उपलब्धि नहीं है, लेकिन इस पर अधिक इतराना खतरनाक हो सकता है। पिछले कुछ सालों में झारखंड में जितना काम हुआ है, उसका नतीजा ही आर्थिक मोर्चे पर हासिल की गयी ये उपलब्धियां हैं, लेकिन अब न केवल सरकार, बल्कि झारखंड के हर व्यक्ति के सामने इन उपलब्धियों को बरकरार रखने की चुनौती है। झारखंड की विकास यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है, यह हर किसी को समझना होगा। राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार इसका लक्ष्य नहीं है और होना भी नहीं चाहिए। इसका वास्तविक लक्ष्य तो राज्यों का सिरमौर बनना होना चाहिए। इसके लिए अभी बहुत काम करने की जरूरत है। झारखंड सरकार को, यहां के प्रत्येक व्यक्ति को और यहां की संस्थाओं को मिल-जुल कर आर्थिक विकास का ऐसा मॉडल तैयार करना होगा, जिसमें यहां के सबसे गरीब व्यक्ति की भी उतनी ही भागीदारी हो, जितनी कि किसी अमीर की। जब तक अमीरी और गरीबी के बीच की यह खाई पूरी तरह खत्म नहीं होगी, झारखंड की विकास यात्रा को इसी रफ्तार से जारी रखना होगा। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो आर्थिक सूचकांक की ये उपलब्धियां महज आंकड़ा बन कर रह जायेंगी, जिसका कोई मोल नहीं होता। क्या है झारखंड की आर्थिक स्थिति और क्या हैं उपलब्धियां, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

15 नवंबर 2000 को देश के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में उभरा झारखंड आज बहुत खुश नजर आ रहा है। 24 साल के नौजवान प्रदेश के खुश होने का कारण भी है। अपने स्थापना काल से ही राजनीतिक और सामाजिक झंझावात झेल रहे झारखंड में हाल के दिनों में आर्थिक मोर्चे पर जितना काम हुआ है, उसकी एक झलक पिछले महीने केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट में मिलती है। यह रिपोर्ट झारखंड के सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र के लिए अच्छी खबर लेकर आयी है। रिपोर्ट का कहना है कि झारखंड में प्रति व्यक्ति आय बढ़ कर सालाना 1,05,274 रुपये हो गयी है। इस मामले में झारखंड ने बिहार और उत्तर प्रदेश को पीछे छोड़ दिया है। बिहार में प्रति व्यक्ति आय 60,337 रुपये है, तो उत्तर प्रदेश में यह 93,514 रुपये है। यानी झारखंड की प्रति व्यक्ति आय बिहार से 44,937 रुपये अधिक है।

झारखंड की यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले 20 साल में इसने अपनी प्रति व्यक्ति आय को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2004-05 में झारखंड में प्रति व्यक्ति आय महज 18,510 रुपये थी। 19 साल में इसमें करीब 87 हजार रुपये का इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं, चार साल पहले 2020-21 में झारखंड की प्रति व्यक्ति आय 69,963 रुपये थी। हालांकि यह भी सच है कि झारखंड की प्रति व्यक्ति आय अब भी राष्ट्रीय औसत से करीब 79 हजार रुपये कम है। अभी प्रति व्यक्ति आय का राष्ट्रीय औसत 1,84,205 रुपये है।



### क्या कहती है रिपोर्ट

यह रिपोर्ट पिछले वर्षों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास को प्रतिबिंबित करती है। पिछले कुछ वर्षों में झारखंड की विकास दर अधिकांशतः देश के विकास दर से अधिक रही है। गरीबी और बेरोजगारी उन्मूलन की दिशा में भी इसने सफलता प्राप्त की है। रिपोर्ट के अनुसार झारखंड की अर्थव्यवस्था वर्ष 2019-20 की आर्थिक मंदी एवं 2020-21 के कोविड-19 और देशव्यापी लॉकडाउन के प्रभाव से पूरी तरह से उबर चुकी है। राज्य की विकास दर 8.8 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार 2019-20 में देशव्यापी आर्थिक मंदी और 2020-21 में कोविड-19 और लॉकडाउन का कुप्रभाव देश के साथ-साथ झारखंड पर भी पड़ा। इन दो वर्षों में देश और राज्य, दोनों की विकास दर में गिरावट आयी, लेकिन इस दौरान देश की तुलना में राज्य की विकास दर में कम गिरावट आयी।

### आर्थिक मोर्चे पर बहुत काम हुआ

रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में आर्थिक मोर्चे पर पिछले दो दशकों में बहुत काम हुआ है। यही कारण है कि पिछले 20 साल के दौरान हर साल राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़ी। इसमें केवल दो साल अपवाद हैं। 2015-16 में सुखाड़ और 2020-21 में कोविड के कारण इसमें गिरावट दर्ज की गयी थी। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

### झारखंड के हर व्यक्ति पर 2675 रुपये का कर्ज

रिपोर्ट कहती है कि झारखंड के हर व्यक्ति पर अब केवल 2675 रुपये का कर्ज है। यह पूरे देश में सबसे कम है। यह सब सरकार की आर्थिक नीतियों और वित्तीय प्रबंधन के कारण संभव हुआ है। कर्ज लेकर घी पीने की पुरानी परंपरा को इस सरकार ने छोड़ दिया है और आमदनी के अनुरूप खर्च करने की इसकी नीतियों ने राज्य पर कर्ज के बोझ को कम कर दिया है।

### 10 साल में गरीब आबादी 14 फीसदी घटी

अपनी स्थापना के समय झारखंड गरीबी के पैमाने पर सबसे निचले पायदान पर था, लेकिन अब यह संख्या तेजी से कम हो रही है। रिपोर्ट कहती है कि पिछले 10 साल में झारखंड में गरीब आबादी 42 फीसदी से कम होकर 28 फीसदी पर पहुंच गयी है। वर्ष 2005-06 में राज्य की कुल आबादी का 74 फीसदी हिस्सा गरीब था। वर्ष 2015-16 में यह घट कर 42 फीसदी पर पहुंचा। अब यह 28 फीसदी पर आ गया है।

### सामाजिक मोर्चे पर भी हुई प्रगति

ऐसा नहीं है कि झारखंड ने केवल आर्थिक मोर्चे पर ही विकास किया है। सामाजिक क्षेत्र में भी राज्य की प्रगति कम उल्लेखनीय नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड में कुपोषण और शिशु मृत्यु दर भी कम हुई है।

तीन साल पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि झारखंड का हर तीसरा बच्चा कुपोषित है, लेकिन अब यह आंकड़ा कम हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015-16 में झारखंड में कुपोषण की दर 34.39 फीसदी थी, जो 2020-21 में घट कर 23.22 फीसदी रह गयी। इसी तरह झारखंड की शिशु मृत्यु दर भी 2.74 प्रतिशत से घटकर 1.75 प्रतिशत हो गयी। झारखंड में मातृत्व स्वास्थ्य की स्थिति में भी सुधार हुआ है।

### इस रिपोर्ट के बाद बढ़ गयीं चुनौतियां

झारखंड की चुनौतियां इन आंकड़ों के सामने आने के बाद बढ़ गयी हैं। अब इन उपलब्धियों को बरकरार रखने की जिम्मेदारी सरकार के साथ-साथ आम लोगों और संस्थाओं की भी है।

लोगों को यह समझना होगा कि मंजिल अभी तक नहीं मिली है और वहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। सब कुछ सरकार के भरोसे छोड़ने से काम नहीं बन सकता है। झारखंड के विकास की गाड़ी को मिल-जुल कर आगे बढ़ाना होगा, सरकार केवल बड़ी भूमिका निभा सकती है। जब तक लोग यह नहीं समझेंगे, ये उपलब्धियां अधूरी ही रहेंगी।

---

# जेएमएम नेता का शव डोभा में मिला

- बेटे ने हत्या की आशंका जतायी
- झारखंड आंदोलनकारी भी थे उमेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता




**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और झारखंड आंदोलनकारी उमेश महतो की डेड बॉडी एक डोभा में मिली। बॉडी गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के धनयडीह गांव के डोभा में मिली। लाश मिलने की खबर के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशंका जतायी जा रही है कि उमेश महतो की हत्या कर उनकी लाश को डोभा में फेंक दिया गया है। मृतक उमेश महतो के बेटे रवींद्र प्रसाद वर्मा ने गांव के ही एक शख्स और उसके बेटे पर अपने पिता की हत्या का इल्जाम लगाया है। पुलिस को दिये अपने बयान में उन्होंने बताया कि जमीन को लेकर गांव के ही एक शख्स के साथ झगड़ा चल रहा था।

रवींद्र ने बताया कि बीते रविवार को दिन के करीब 12 बजे उमेश महतो अपनी गाड़ी से सुल्तानगंज के लिए निकले थे। इसी बीच खबर मिली कि पिता की लाश डोभा में मिली है। रवींद्र ने आगे बताया कि उनके पिता झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के पूर्व प्रखंड प्रमुख और सरपंच भी रह चुके हैं। झारखंड अलग राज्य बने, इसको लेकर जो आंदोलन हुआ, उसमें भी वे शामिल रहे हैं। 2019 का चुनाव गिरिडीह प्रखंड पश्चिम भाग में उनके पिता के ही नेतृत्व में लड़ा गया था। स्पॉट पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि उमेश महतो की लाश को जब डोभा से निकाला गया तो उनके मुंह-नाक-आंख से खून निकल रहा था। गर्दन में मफलर कसा हुआ था। फिलहाल पुलिस ने डेड बॉडी का पोस्टमार्टम करा दिया है। थानेदार श्याम किशोर महतो दलबल के साथ पूरे इलाके में तफ्तीश कर रहे हैं।

# सीबीआइ ने बीसीसीएल के क्लर्क को 14 हजार रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआइ) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बीसीसीएल के क्लर्क प्रणय सरकार को 14 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी धनबाद स्थित कोयला भवन से हुई है, जहां प्रणय सरकार अपनी ड्यूटी पर तैनात थे।

**पीएफ की राशि ट्रांसफर करने के बदले में रिश्वत मांग की थी** : सीबीआइ के अनुसार, प्रणय सरकार पर आरोप है कि वह एक कर्मचारी से पीएफ की राशि ट्रांसफर करने के बदले में रिश्वत मांग रहा था। इस मामले की शिकायत मिलने के बाद सीबीआइ ने जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। इस गिरफ्तारी के बाद बीसीसीएल के अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया है।

### प्रणय सरकार के खिलाफ कई अन्य शिकायतें भी मिलीं

प्रणय सरकार के खिलाफ कई अन्य शिकायतें भी मिली हैं, जिनमें वह अन्य कर्मचारियों से भी रिश्वत मांगता था। सीबीआइ अब इन शिकायतों की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी के खिलाफ और भी आरोप लगाये जा सकते हैं।

# लातेहार में जमीन कारोबारी को मारी गोली, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** जिला मुख्यालय में सोमवार को आपसी जमीन विवाद में एक व्यक्ति को गोली लग गयी है। गोली लगने से जमीन कारोबारी सदाकत अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गये। उसे गंभीर अवस्था में लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

दरअसल, लातेहार जिला मुख्यालय स्थित डुरुआ निवासी सदाकत अंसारी स्टेशन निवासी शर्मा के परिवार से जमीन की बिक्री की थी। बाद में जमीन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। सोमवार को सदाकत अंसारी और शर्मा परिवार के बीच इसी मामले को लेकर विवाद हुआ। देखते ही देखते दोनों में भिड़ंत हो गयी।

घायल के परिजनों ने बताया कि सदाकत अंसारी सोमवार को पंपुकल की ओर गये थे। यहीं पर शर्मा परिवार पहुंच गया और विवाद करते हुए सदाकत अंसारी के सिर में टांगी से वार कर दिया। जिससे सदाकत जमीन पर गिर पड़े, उसके बाद सदाकत को निशाना बनाकर गोली चला दी गयी। गोली उसके पैर में लगी। इधर, गोली चलने के बाद जब आसपास के लोग वहां दौड़े तो सभी आरोपी वहां से फरार हो गये।

### जमीन विवाद का है मामला

घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी दुलार चौड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। वहीं, घायल सदाकत अंसारी को तत्काल लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। प्रथमदृष्टया मामला जमीन विवाद का ही लग रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी है। जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार होंगे।

# गोंदुलपारा खनन परियोजना में अदाणी फाउंडेशन ने मनाया सड़क सुरक्षा सप्ताह

- अदाणी फॉउंडेशन की ओर से 150 हेलमेट का भी निशुल्क वितरण किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना (हजारीबाग) के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड में उत्साह और लोगों की भागीदारी के साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया। इस सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान आम लोगों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए जागरूकता बढ़ाने और जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। पुलिस निरीक्षक अनिल सिंह ने झंडा फहराकर सड़क सुरक्षा सप्ताह की आधिकारिक शुरूआत की। इसके बाद आयोजित शपथ समारोह में अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, पारा मिलिट्री और सेना भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी, परियोजना प्रभावित परिवार के परिजन और कंपनी के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं को बढ़ावा देने की शपथ ली।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते अनिल सिंह ने सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सप्ताह भर चले इस अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा पर चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस दौरान आम राहगीरों के बीच बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक की मौजूदगी में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से 150 हेलमेट का भी निशुल्क वितरण किया गया और लोगों से वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने के लिए अनुरोध किया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान मुखिया इतवरिया देवी, मुखिया बेबी देवी, पूर्व मुखिया शमशेर आलम, बलदेव गंझू के अलावा खनन परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण समेत अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.6 °c | 10.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# झामुमो ने शुरू किया सदस्यता अभियान, 1200 नये सदस्य बनाये

## राज्य में 50 लाख सदस्य बनाने का है टारगेट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक के समीप सदस्यता अभियान की शुरूआत की। इस दौरान कई नये सदस्यों को पार्टी से जोड़ा गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एवं वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सुप्रियो भट्टाचार्य ने पूर्व जिला प्रवक्ता उमेश यादव को सदस्यता का प्रपत्र दिया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम के नेतृत्व में चलाया गया। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि संगठन से जन-जन को जोड़ने का लक्ष्य है। झामुमो रांची जिला के जरिये सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और काफी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के जरिये महानगर के वार्डों और प्रखंड एवं पंचायतों में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। जिस प्रकार से लोगों में पार्टी में जुड़ने का उत्साह है उससे हमें लगता है कि रांची जिला अपने पांच लाख नये सदस्य का लक्ष्य और पूरे राज्य में 50 लाख से भी ज्यादा नये सदस्य बनाने के लक्ष्य को हम जरूर पूरा करेंगे। इस दौरान झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि पार्टी के अधिवेशन से पहले सदस्य बनाने का एक लक्ष्य रहता है और जल्द ही पार्टी का अधिवेशन होने वाला है। इसी क्रम में रांची जिले में भी नये सदस्य बनाने का लक्ष्य है। आज के सदस्यता अभियान में यहां अल्बर्ट एक्का चौक रांची में अबतक 1200 सौ नये सदस्य बन चुके हैं, जो कि रांची जिले के लिए उपलब्धि है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। सरकार की योजनाओं से भी विशेष रूप से महिलाएं प्रभावित हैं और पार्टी से जुड़ रही हैं।

### सदस्यता अभियान में इनकी रही सहभागिता

रांची में शुरू हुए झामुमो के सदस्यता अभियान में केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, रांची जिला के संयोजक मंडली के सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, धर्मेंद्र सिंह, संध्या गुड़िया, जयवंत तिग्गा, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, संजय राय, कुदूस अंसारी, आदिल इमाम, फरीद खान, डॉ तालकेश्वर महतो, महावीर विश्वकर्मा, मंटू लाला, अरुण वर्मा, विलयम रिचर्ड लकड़ा, सुजीत कुजूर, परवेज आलम, प्रदीप मिर्धा, शांति तिर्की, अनिमा एक्का, अंशु लकड़ा सहित कई नेता शामिल हुए।

# रांची में 10 डिसिमल तक के म्यूटेशन के लंबित मामलों की सूची तैयार



**कट ऑफ डेट में लंबित आवेदनों का वेरिफिकेशन पूरा करने का निर्देश**

**प्रत्येक अंचल में होगी जिलास्तरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार जिला के सभी अंचलों में 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के आवेदनों की सूची तैयार कर ली गयी है। कैंप लगाकर म्यूटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए उपायुक्त द्वारा बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के म्यूटेशन के मामलों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया था। जिला के सभी अंचल अधिकारियों के साथ सोमवार को ऑनलाइन मीटिंग में डीसी ने लंबित म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन के लिए दिशा-निर्देश दिये। समाहरणालय अवस्थित एनआइसी सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता राम नारायण सिंह, उप समाहर्ता भूमि सुधार मुकेश कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

हर अंचल के लिए होगी वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

उपायुक्त ने कहा कि हर अंचल में 10 डिसिमल तक के लंबित मामलों के जल्द निष्पादन के लिए जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी अंचल से किसी तरह की शिकायत ना आये यह सभी अंचल अधिकारी सुनिश्चित करें, जहां अन्य दस्तावेज की आवश्यकता हो वहां आवेदक को नोटिस दें सीधे म्यूटेशन रिजेक्ट ना करें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार में अवरोध,परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। शैक्षणिक उन्नति।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण,बकाये रकम की प्राप्ति होगी,वस्त्र-आभूषण।

**कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी,नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा,शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** बाधित उन्नति,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा,रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा,परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

## स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का प्रचार करें

# नये एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन शीघ्र शुरू करें : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत झारखंड राज्य के सभी जिलों में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाये। इस हेतु वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये तथा इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाये। वहीं नये एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन यथाशीघ्र प्रारंभ कराया जाये।

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा सोमवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय और पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय समेत सारे आवासीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

कल्याण मंत्री ने सभी जिला कल्याण पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत ऋण वितरण एवं ऋण वसूली से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। चमरा लिंडा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लाभुक व्यवसाय करने हेतु बड़े वाहन ले रहे हों उन्हें ही वाहन ऋण उपलब्ध कराया जाये क्यूंकि अक्सर ऐसा देखा जा रहा है बड़ी संख्या में वाहन ऋण योजना के लाभुक बड़े वाहन ले रहे हैं, जो व्यवसाय से संबंधित नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति पर रोक लगाते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि जो वाहन व्यवसाय से संबंधित हों, वही वाहन उपलब्ध कराया जाये। अगर इससे संबंधित संकल्प में संशोधन की आवश्यकता हो तो यथाशीघ्र संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण करें।

### जरूरतमंदों को इस योजना से जोड़ें

**बैठक में चमरा लिंडा ने विगत वर्षों में वितरित किये गये स्वरोजगार ऋण से संबंधित कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में इसमें तेज गति से लाभुकों को लाभांन्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने योजना से लाभांन्वित लाभुकों की सफलता की कहानी से प्रेरणा लेते हुए अन्य जरूरतमंदों को भी इस योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही जिला द्वारा वितरित ऋण के विरुद्ध ससमय ऋण का वितरण किया जा रहा है या नहीं, इससे संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया।**

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने किया मचान मिथिला पंचांग का लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मिथिलांचलवासियों की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था मचान उत्कर्ष फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित मिथिला पंचांग 2025 का लोकार्पण सोमवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपने आवास पर किया। मौके पर उन्होंने राज्य में प्रवास कर रहे मिथिलांचवासियों को नये वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष भारतेंदु झा ने दिशोम गुरु का अभिनंदन मिथिला के पारंपरिक पाग एवं दोपटा से किया। साथ ही उन्हें स्मृति चिह्न के रूप में मिथिला पेंटिंग भेंट की। इस अवसर पर ब्रजकुमार झा एवं नर्मदेश्वर झा भी उपस्थित थे। भारतेंदु झा ने बताया कि मचान 'सर्वभाषा उन्नयन' की भावना से कार्य करने वाली संस्था है, जो भाषाओं के संवर्धन एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इस वर्ष पंचाग में जिन मिथिला विभूतियों के छाया चित्र प्रकाशित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये हैं, उनके नाम हैं - मैथिली कवि विद्यापति, मिथिला स्वर कोकिला पद्मभूषण स्व शारदा सिन्हा, जगत जननी मां जानकी के प्राकट्य स्थल पुनौरा धाम के विकास हेतु आजीवन सक्रिय पूर्व सांसद स्व प्रभात झा, ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद, देवघर बाबा धाम के पूर्व ट्रस्टी एवं राजनीतिज्ञ स्व कृष्णानंद झा, कुशल शिक्षा प्रशासक स्व पशुपति झा एवं समाजसेवी स्व ताराकांत ठाकुर? पंचांग में वर्ष भर के व्रत, त्योहार एवं महापुरुषों की जयंती की जानकारी दी गयी है। मिथिलांचलवासी इस पंचाग से विवाह, द्विरागमन, मुंडन, उपनयन, गृहारंभ, गृहप्रवेश, एकादशी व्रतोद्यापन, भदवा (पंचक) इत्यादि की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। पंचांग की निःशुल्क प्राप्ति हेतु मोबाइल नंबर 8873002101 और 9334706120 पर अनुरोध किया जा सकता है।

### कैबिनेट की बैठक आज

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड मंत्रिपरिषद यानी कैबिनेट की बैठक 21 जनवरी को प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा में होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। माना जा रहा है कि इसमें निकाय चुनाव और मंईयां सम्मान योजना से संबंधित कुछ अहम फैसले लिये जायेंगे।**

# आठवीं की प्रीबोर्ड परीक्षा आयोजित करने वाला एकमात्र जिला बना रांची

**8वीं प्री बोर्ड की परीक्षा 20, 21 और 22 जनवरी को आयोजित की जा रही है, 22 हजार छात्र होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को कक्षा 8वीं प्री बोर्ड परीक्षा प्रश्न पत्र को ऑनलाइन संबंधित ग्रुपों में भेज कर परीक्षा की औपचारिक शुरूआत की। बताते चलें कि सोमवार से रांची जिले के सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में कक्षा 8 की प्री बोर्ड परीक्षा शुरू हो गयी है। रांची जिला पूरे राज्य में जैक द्वारा आयोजित कक्षा 8वीं बोर्ड के लिए प्री बोर्ड आयोजित करने वाला एकमात्र जिला बन गया है। परीक्षा में कुल 22 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा जैक बोर्ड के तर्ज पर ही ओएमआर शीट पर ली जा रही है। इससे छात्रों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव प्राप्त होगा। जैक द्वारा आठवीं बोर्ड की परीक्षा 29 जनवरी 2025 को आयोजित की जायेगी। डीसी ने सभी छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप पूरी निष्ठा लगन के साथ पढ़ाई करें, ताकि आपका भविष्य उज्जवल बने। आप राज्य का नाम रौशन करें।

# 'ठुकरा के मेरा प्यार' की लीड एक्ट्रेस संचिता बासु पहुंची रांची

**'ठुकरा के मेरा प्यार' सीरीज बनी डिज्नी हॉट स्टार पर सबसे ज्यादा सब्सक्राइब की जाने वाली सफल सीरीज**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** डिज्नी+हॉटस्टार पर प्रसारित सीरीज ठुकरा के मेरा प्यार ने एक नयी उपलब्धि हासिल की है। यह अब तक की सबसे ज्यादा सब्सक्राइब की जाने वाली सीरीज बन गयी है। शो की दिलचस्प कहानी और किरदारों ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस सीरीज को जबरदस्त सफलता मिल रही है। इस सीरीज में शान्विका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री संचिता बासु को लोग खास तौर पर पसंद कर रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय के दम पर दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनायी है। इस तरह शो की सफलता में उनका योगदान अहम रहा है।

इस उपलब्धि के जश्न के रूप में शो के निर्माता और क्रिएटर सचिन पांडेय और अभिनेत्री संचिता बासु रांची पहुंचे। उन्होंने यहां के दर्शकों को धन्यवाद देते हुए सीरीज की सफलता को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने की बात कही। रांची में अपने दौरे के दौरान उन्होंने शो के प्रशंसकों से मुलाकात की। साथ ही शो के पीछे की दिलचस्प कहानियों और अनुभवों को साझा किया। इस दौरान संचिता बासु ने अपने अनुभव को खास बताते हुए कहा कि रांची में रहना एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। यहां के दर्शकों का प्यार और उत्साह मेरे दिल के बहुत करीब है। ठुकरा के मेरा प्यार की यात्रा मेरे लिए बहुत खास रही है। अब जब दर्शक इस शो से जुड़ रहे हैं, तो मुझे अपार संतुष्टि हो रही है।

वहीं, निर्माता सचिन पांडेय ने भी शो की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस शो ने दर्शकों के दिलों को छुआ है। यह कहानी भारतीय संवेदनाओं से जुड़ी है। इसने वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनायी है। रांची में मिले अपार समर्थन ने हमें और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने आगे कहा कि ठुकरा के मेरा प्यार सिर्फ डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। इस दौरान उन्होंने दर्शकों को शो को देखने का आग्रह किया। इस सीरीज की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जब एक कहानी दर्शकों से जुड़ती है। तो वह सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक घटना बन जाती है।

# आजसू की जांच समिति ने सुदेश को सौंपी मधुबन कांड की रिपोर्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद के मधुबन में वर्चस्व को लेकर हुई फायरिंग और आगजनी की घटना के संबंध में आजसू की छह सदस्यीय समिति ने जांच रिपोर्ट पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो को सौंप दी है। समिति के सदस्यों ने प्रभावित परिवारों से 15 जनवरी को मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली थी। समिति में मांडू विधायक निर्मल महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो, पूर्व न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव, पूर्व डीआइजी सुबोध प्रसाद, पार्टी के प्रधान सचिव राजेंद्र मेहता और राधेश्याम गोस्वामी शामिल थे।

### ये है जांच रिपोर्ट में

- बीसीसीएल ने आउटसोर्सिंग कंपनी हिलटॉप को सीमांकन और चहारदीवारी निर्माण के लिए एजेंसी नियुक्त किया है।
- स्थानीय लोगों की अधिग्रहित जमीन का मुआवजा और नियुक्ति से संबंधित मामलों का निराकरण लंबित है।
- भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है।
- सांसद का नाम गलत मंशा से एफआइआर में अंकित कर मुद्दे को भटकाने का प्रयास हो रहा है।
- हिलटॉप कंपनी ग्रामीणों और स्थानीय रैयतों की आवाज दबाने के लिए आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का सहारा ले रही है।

# संविधान गौरव अभियान के दौरान भाजपा करेगी सभी जिलों में गोष्ठी

**केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष सहित सहित राष्ट्रीय और प्रदेश के नेता करेंगे संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा द्वारा 15 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जिलों में गोष्ठियों का भी आयोजन किया जा रहा। 19 जनवरी से 24 जनवरी तक विभिन्न जिलों में गोष्ठियां आयोजित हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश के नेता संबोधित करेंगे। 19 जनवरी को कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने गिरिडीह में और प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पलामू प्रमंडल के प्रभारी विकास प्रीतम ने गढ़वा जिला मुख्यालय में गोष्ठी को संबोधित किया।

सोमवार को दुमका में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल हजारीबाग में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ लातेहार में विधायक नवीन जायसवाल, रामगढ़ में पूर्व विधायक अनंत ओझा और जामताड़ा में पूर्व विधायक नारायण दास ने गोष्ठी को संबोधित किया। 21 जनवरी को धनबाद ग्रामीण जिला के निरसा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और लोहरदगा में पूर्व विधायक किशुन दास और अमरदीप यादव संबोधित करेंगे।

22 जनवरी को रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी नामकुम में होगी जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद मुख्यवक्ता होंगे जबकि गुमला जिला की गोष्ठी को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सिमडेगा में नीलकंठ सिंह मुंडा, चतरा में डॉ नीरा यादव, पूर्वी सिंहभूम घाटशिला में शशांक राज मुख्य वक्ता होंगे।

23 जनवरी को देवघर जिला की गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी संबोधित करेंगे जबकि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान धनबाद महानगर जिला की गोष्ठी को झरिया में, पलामू में विधायक सीपी सिंह, सरायकेला खरसावां में मनोज कुमार सिंह संबोधित करेंगे।

24 जनवरी को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बोकारो में, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान रांची महानगर, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास चाइबासा, खूंटी में समीर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय जमशेदपुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद गोड्डा में, पूर्व विधायक बिरची नारायण साहेबगंज में, विधायक राज सिन्हा पाकुड़ में कोडरमा में विधायक डॉ मंजू कुमारी गोष्ठी को संबोधित करेंगे। यह जानकारी अभियान के सह संयोजक राकेश भास्कर ने दी।




आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# वर्तमान सरकार गौशालाओं के सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील : राजीव रंजन प्रसाद

**पांच गौशालाओं के लिए एक करोड़ 35 लाख रुपये रिलीज**

**अनुदान के साथ साथ आत्मनिर्भर बनाने बनाने की होगी पहल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड गो सेवा आयोग की बैठक सोमवार को आयोग के हेसाग, रांची सभागार में हुई। बैठक में गौशालाओं के संचालकों, गो सेवा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ गोशालाओं के विकास, उन्हें दिये जाने वाले अनुदान पर विचार विमर्श हुआ। आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने जानकारी दी कि बैठक में गो सेवा और गौशालाओं को सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। अभी राज्य की पांच गौशालाओं के लिए कुल एक करोड़ 35 लाख 75 हजार रुपये रिलीज किये गये। दिसंबर 2023 से अबतक करीब 23 गौशालाओं के लिए 3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अलग-अलग मद में जारी की जा चुकी है। वर्तमान सरकार गौशालाओं के सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील है। आयोग की तैयारी अनुदान देने के साथ साथ गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी है। मौके पर आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, सचिव डॉ मुकेश मिश्रा सहित अन्य भी उपस्थित थे।

**गौशालाओं से लिये जायेंगे सुझाव :** अध्यक्ष ने बताया कि आयोग गौशाला संचालकों से आयोग को और बेहतर करने के लिए सुझाव भी ले रहा है। आने वाले दिनों में आयोग की टीम सभी जिलों में जायेगी। स्थानीय प्रशासन और गौशाला संचालकों से महत्वपूर्ण विषयों जमीन, अनुदान भुगतान में विलंब सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा करेगी। उपयोगी सुझाव भी लिये जायेंगे। पलामू में पिछले दिनों गौमुख धाम की स्थापना हुई है। इसके अनुभव अच्छे रहे तो सभी प्रमंडलों में भी इसे शुरू किया जायेगा। राजीव रंजन ने बताया कि अगले महीने बजट सत्र से पहले आयोग रांची में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजित करने के प्रयास में है। इसमें देशभर के 400 प्रतिनिधि शामिल होंगे। **पारिस्थितिकी संतुलनः** गो सेवा के अवसर और चुनौतियों पर प्रख्यात विद्वान अपने अनुभव शेयर करेंगे। झारखंड में गो सेवा को लेकर किये जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा होगी। इसमें सीएम हेमंत सोरेन के हाथों उद्घाटन कराये जाने का प्रयास है। राजू गिरी ने बताया कि गौशालाओं को हाइमास्ट लाइट के लिए भी मदद दी जा सकती है। वे आवेदन करें तो पांच लाख रुपये तक की मदद मिलेगी। इससे अधिक के लिए सरकार से आग्रह होगा।

# अबुवा बजट में अल्पसंख्यकों के विकास को प्राथमिकता दें : आमया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आमया संगठन ने अबुवा बजट में अल्पसंख्यकों के आर्थिक विकास की योजनाओं को शामिल करने की मांग की है। इस संबंध में संगठन ने सोमवार को रांची के मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा में एक बैठक की, जिसमें अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े योजनाओं पर चर्चा की गयी। आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों को एक प्रस्ताव पत्र सौंपा, जिसमें अल्पसंख्यकों के विकास के लिए कई योजनाएं शामिल की गयी हैं। इनमें अल्पसंख्यक प्रभाग के बजट में बढ़ोतरी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में अल्पसंख्यक युवकों के लिए बजट, अल्पसंख्यक प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना और जिला स्तर पर +2 अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय खोलने जैसी योजनाएं शामिल हैं। एस अली ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए सरकार को इन योजनाओं को लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमया संगठन अल्पसंख्यक समुदाय के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करता रहेगा। इस अवसर पर आमया संगठन के जियाउद्दीन अंसारी, मो फुरकान, एकराम हुसैन, मौलाना फजलुल कदीर, शाहिद अफरोज, औरंगजेब आलम, अलाउद्दीन अंसारी, जावेद अंसारी, अब्दुल बारी, सिद्दीक अंसारी, असलम अंसारी, हसन अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### संत गुरु रविदास की निकली जायेगी भव्य शोभायात्रा : संतोष रवि



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को अपर बाजार रविदास समाज के प्रमुख लोगों की बैठक अपर बाजार के चौधरी संतोष कुमार रवि की अध्यक्षता में हातमा रांची में संपन्न हुई। बैठक में 3 फरवरी को गादी पूजा एवं 12 फरवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती की तैयारी पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित महंत कालेश्वर रविदास भोलाराम एवं चौधरी संतोष कुमार रवि ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संत गुरु रविदास की भव्य जयंती समारोह के आयोजन में अपर बजार से बजे एवं सद्गुरु रविदास की मूर्ति रथ के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी जिसमें राज्यभर से समाज के लोग भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से कामेश्वर रविदास, रामनिवास राम, बाबूलाल दास, भोला राम, रमेश रंजन, विकास कुमार रवि, रमेश रंजन, अनूप कुमार राम, राजकुमार राम, राजू राम, दीपक राम, जगदीश दास, श्रवण दास, बीके दास, पप्पू राम, विजय रविदास आदि उपस्थित थे।

### पीपुलकेयर हॉस्पिटल का शिल्पी नेहा तिर्की ने किया निरीक्षण



रांची (आजाद सिपाही)। रिंग रोड कमड़े स्थित पीपुलकेयर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर का सोमवार को शिल्पी नेहा तिर्की ने निरीक्षण किया। शिल्पी नेहा तिर्की ने सभी हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। मौके पर डॉ. जेपी पांडेय, डॉ.शैलेश यादव, आशीष सोनी, अरविंद राणा, आकाश गुप्ता, ज्ञान सिंह और हॉस्पिटल के स्टाफ मौजूद थे।

### पीसीसी पथ का सीपी सिंह ने किया उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी सुखदेव नगर मंडल दक्षिण भाग के अंतर्गत रांची नगर निगम रांची के द्वार श्रीनगर रोड नंबर 3 में राजेश गली में बने पीसीसी पथ का उद्घाटन रांची के विधायक सीपी सिंह के किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से निवर्तमान वार्ड पार्षद ओम प्रकाश, सुखदेव नगर मंडल दक्षिण के अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा, राजेश, संजीव सिंह, प्रदीप वर्मा, उमेश वर्मा, संजय दास सहित अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### आइएमएस में नये निदेशक एसके सिंह ने संभाला कार्यभार



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आइएमएस) में नये निदेशक श्याम कृष्ण सिंह ने सोमवार को कार्यभार संभाला। इस अवसर पर एस के सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। एस के सिंह के पास उद्योग जगत का 40 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने कहा कि आइएमएस को नामी गिरामी प्रवेश संस्थानों में शामिल करने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को औद्योगिक घरानों के दक्ष लोगों के अनुभव से लाभांन्वित करने के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार और कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसके अलावा, छात्रों और शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए भी प्रयास किया जायेगा। एस के सिंह ने कहा कि बदलते वैश्विक माहौल में प्रबंधन के विकास के लिए औद्योगिक कुशलता, पारंपरिक उद्योग और नीतियों का पुनरीक्षण और मानव संसाधनों के सार्थक उपयोग पर लगातार नजर रखनी होगी।

### सेल सिटी कृष्णा पथ मार्ग में महारुद्राभिषेक



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को सेल सिटी कृष्णा पथ मार्ग नं-5 में महारुद्राभिषेक किया गया। इसमें यजमान के रूप दिलीप चौबे सपत्नी पूजा में बैठीं। इस पूजा को मुख्य रूप से ओम प्रकाश पांडेय, प्रियांशु पांडेय, मनोज कुमार पुटू ने मिलकर पूजा संपन्न करवाया।इस अवसर पर पूजा पाठ, भजन, हवन कर आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। वहां उपस्थित सभी लोगों ने समस्त लोगों के लिए मंगलकामनाएं किया।इस अवसर पर नीतू झा, धरावंति देवी, हर्ष झा, सोनम कुमारी, बबली कुमारी, सृष्टि कुमारी, शौर्या कुमार, बिट्टू कुमार, मनीष कुमारी, टिंकल कुमारी, लवली कुमारी, बबिता देवी, रुद्र कुमार, नेहा कुमारी, अभिराम कुमार,एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# सिक्किम टीम का तीसरे दिन विधानसभा और पतरातू दौरा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेरा युवा भारत नेहरू युवा केंद्र रांची द्वारा आयोजित अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम अंतर्गत सिक्किम से आये 27 सदस्यीय युवाओं की टीम को तीसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर झारखंड विधानसभा एवं जगरनाथ मंदिर का भ्रमण कराया गया। सिक्किम की टीम ने जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार की अगुवाई में सचिव से सौजन्य मुलाकात किया। इसके बाद युवाओं को पतरातू डैम एवं अन्य दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। साथ ही झारखंड के बारे जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, लेखापाल चार्ल्स बोदरा, टीम लीडर प्रज्ञान, नीलम एवं अन्य युवा शामिल रहे।

## समस्तीपुर मंडल संसदीय समिति की बैठक

# विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** रविवार को समस्तीपुर मंडल की मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में समस्तीपुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसद उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर द्वारा की गयी। सभी सांसदों ने जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारी उपस्थित थे ।

केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी, सांसद राजेश रंजन, दिनेश चंद्र यादव, डॉ संजय जायसवाल, प्रदीप कुमार सिंह, वीणा देवी, रामप्रीत मंडल, गोपाल जी ठाकुर, लवली आनंद, राजेश वर्मा, शांभवी, देवेश चंद्र ठाकुर, मनोज कुमार झा, धर्मशीला गुप्ता एवं सुनील कुमार उपस्थित थे। साथ ही केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, नित्यानंद राय के प्रतिनिधि तरुण कुमार, केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि राजीव वर्मा, केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के प्रतिनिधि रणजीत कुमार चौबे, सांसद दिलेश्वर कामैत के प्रतिनिधि भास्कर पांडेय, सांसद डॉ फैयाज अहमद के प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव और सांसद संजय कुमार झा के प्रतिनिधि हिमांशु शेखर उपस्थित थे । बैठक में सांसदों ने रेल विकास और यात्री सुविधाओं में वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदों द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने माननीय सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत किया। महाप्रबंधक ने सांसदों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यों की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होगा।




# डीसी ने गणतंत्र दिवस को लेकर की बैठक, दिये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में विभागीय झांकी प्रदर्शित किये जाने को लेकर बैठक की। डीसी ने बैठक में समारोह की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिये। गणतंत्र समारोह के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में महत्वपूर्ण योजनाओं/नीतियों पर आधारित एवं झारखंड की उत्कृष्ट कला, संस्कृति, परंपरा एवं धरोहर को प्रदर्शित करने वाली झांकियों का प्रदर्शन सरकार के कुल 11 विभागों द्वारा किया जा रहा है।

उपायुक्त ने विभागों की ओर से झांकी प्रदर्शन से संबंधित बनाये गये नोडल पदाधिकारियों संग बैठक कर कई निर्देश दिये। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्रदर्शित किये जाने वाली झांकी से संबंधित निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्ता, रांची, रामनारायण सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी खादी ग्रामोद्योग रांची, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, रांची, उर्वशी पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी रांची, रामशंकर सिंह एवं संबंधित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।



**झाकियों का प्रदर्शन करनेवाले 11 विभाग**

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, परिवहन विभाग एवं महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग।

# सेंटेविटा अस्पताल में मोटापे से मुक्ति का अत्याधुनिक, सुरक्षित और प्रभावी समाधान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंटेविटा अस्पताल को गर्व है कि डॉ निरुपम सिन्हा ने अत्याधुनिक बैरिएट्रिक और मेटाबोलिक सर्जरी ओपीडी की शुरुआत की है। डॉ सिन्हा एशिया के सबसे बड़े बैरिएट्रिक सेंटर से प्रमाणित विशेषज्ञ हैं और उनके पास एमएस, एफएमबीएस, एफआइएजीइएस, एफएलए रोबोटिक जैसी महत्वपूर्ण डिग्रियां और प्रमाणपत्र हैं। यह विभाग उन लोगों के लिए एक आशा की किरण बनकर आया है जो मोटापे और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं।

बैरिएट्रिक सर्जरी मोटापे के इलाज का एक स्थायी और प्रभावी समाधान है। यह न केवल शरीर के अतिरिक्त वजन को कम करती है, बल्कि टाइप 2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, और जोड़ों के दर्द जैसी गंभीर समस्याओं में भी सुधार करती है। बैरिएट्रिक सर्जरी गैस्ट्रिक बाईपास, स्लीव गैस्ट्रेक्टोमी, और सर्जिकल एवं नान सर्जिकल जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से की जाती है। इसका उद्देश्य वजन घटाने के साथ-साथ शरीर की चयापचय प्रक्रियाओं को सुधारना और बेहतर स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करना होता है। गैस्ट्रीक बायपास, स्लीव गैस्ट्रेक्टोमी, स्लीव प्लस की प्रक्रियाएं इंस्टागैस्ट्रीक बलून (नन-सर्जिकल प्रक्रिया) आदि सारी चिकित्सिय प्रक्रियाएं डॉ निरूपम द्वारा किया जाता है। डॉ निरूपम को 3 हजार से भी ज्यादा सफल बैरिएट्रिक सर्जरी करने का अनुभव है।




**बैरिएट्रिक सर्जरी के लाभ**

- वजन में 50 प्रतिशत अथवा उससे अधिक की कमी होती है।
- टाइप 2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी बीमारियों में सुधार होता।
- जीवन की गुणवत्ता में सुधार और आत्मविश्वास में वृद्धि।
- दवाओं पर निर्भरता में कमी आती है।

# आदिवासी मूलवासी युवाओं को टेंडरों में प्राथमिकता दे राज्य सरकार : विजय शंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के विकास कार्यों में राज्य के आदिवासी मूलवासी युवाओं को टेंडरों में प्राथमिकता देने की मांग को लेकर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि ओड़िशा की तर्ज पर झारखंड में भी यह नीति लागू की जाये ताकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के युवाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में मदद मिल सके। विजय शंकर नायक ने यह भी कहा है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीन वर्ष पूर्व इस संबंध में घोषणा की थी, लेकिन इसे अभी तक कैबिनेट में नहीं लाया गया है। उन्होंने मांग की है कि सरकार अपने वादे को पूरा करे और इस नीति को जल्द से जल्द लागू करे।



# झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने आयोजित की गोष्ठी, वीसी पोर्टल की समस्याओं पर चर्चा हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने सोमवार को निर्मला कॉलेज, डोरंडा रांची में एक गोष्ठी का आयोजन किया। इस गोष्ठी में झारखंड राज्य के अल्पसंख्यक संस्थानों के अध्यक्ष और प्रायार्यों ने भाग लिया। गोष्ठी आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सॉलोमन और ज्योति सिंह मथारू की अध्यक्षता में की गयी। गोष्ठी में अल्पसंख्यक संस्थानों में वीसी पोर्टल के माध्यम से नामांकन करने में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गयी। राज्य के विभिन्न संस्थानों से आये अल्पसंख्यक महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने मत व्यक्त किये। गोष्ठी में भाग लेने वाले प्राचार्यों, बुद्धिजीवी वर्ग और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वीसी पोर्टल को अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए संविधान में दिये गये प्रावधानों के विपरीत बताया। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने कहा कि वह तमाम बिंदुओं पर विचार-विमर्श करके राज्य के मुख्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री और राज्य के मुख्य सचिव के समक्ष छात्र-छात्राओं और संस्थान के प्रबंधन हित में बातों को रखेगी।






आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## देवघर पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री, झारखंड के किसानों को दिये सुझाव

# उन्नत खेती के साथ पशुपालन भी करें झारखंड के किसान

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** सोमवार को देश के मत्स्य पालन पशुपालन एवं डेयरी विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल देवघर पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह दूसरी बार बाबा धाम पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसानों को उन्नत खेती करवाने के लिए भारत सरकार कई सुविधाएं बहाल करवा रही है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार एनिमल वेलफेयर, बत्तख पालन, मछली पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि किसानों की आय को दोगुना करना है। इसीलिए किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ उन्नत पशुपालन के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि खेती से यदि सभी किसान पर्याप्त पैसा कमा पाते तो शायद आज यह देश अरबपतियों का देश रहता।

केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने कहा कि कई बार किसान बाढ़, ओला, कम वर्षा, अति वर्षा सहित कई समस्याओं से जूझने को मजबूर होते हैं। जिसकी वजह से उनकी फसल अच्छी नहीं हो पाती है और उनकी आमदनी भी नहीं बढ़ पाती है। इसलिए झारखंड के किसान यदि परंपरागत खेती के साथ-साथ मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन बत्तख पालन करेंगे तो किसानों के आय में निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी।

वहीं जल संरक्षण को लेकर भी केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि किसान साधारण तरीके से सिंचाई करने की जगह ड्रिप इरीगेशन का इस्तेमाल करें। इसके अलावा मोटे अनाजों की खेती के साथ-साथ फूलों की खेती, ऑर्गेनिक खेती, औषधि की खेती को लेकर भी सरकार काम कर रही है ताकि देश के हर राज्यों में उन्नत किस्म के पशुपालन और फसलों की खेती की जा सके।

उन्होंने कहा कि आज किसान यदि अपने गायों को कृत्रिम गर्भ धारण करवाते हैं तो ज्यादातर फीमेल गाय पैदा होंगी। यदि प्राकृतिक रूप से गर्भधारण कराया जाता है तो आधे से अधिक बछड़ा पैदा होने की संभावना रहती है।

इसीलिए उन्होंने झारखंड के किसानों से अपील करते हुए कहा कि कृत्रिम गर्भधारण पशुओं का करवाएं ताकि किसान गाय से दूध निकाल कर अपनी आमदनी को बढ़ा सकें। क्योंकि आजकल खेती में बैल का उपयोग ना के बराबर है। आजकल ज्यादातर किसान ट्रैक्टर या फिर अन्य मशीनों से अपनी खेती का काम करते हैं।

वहीं उन्होंने झारखंड सरकार के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को जागरूक करने के लिए पशुपालन के बारे में जानकारी दें। झारखंड के किसानों को उन्नत खेती और उसके प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा सब्सिडी भी दी जाये।

वहीं देवघर पहुंचने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी बघेल ने कड़ी सुरक्षा के बीच देवघर के बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि देश के बारह ज्योतिलिंगों का दर्शन करना किसी के लिए भी सौभाग्य की बात होती है। इसीलिए वह आज भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने देवघर पहुंचे हैं। इसी के साथ उन्होंने झारखंड के लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग महाकुंभ मेले में पहुंचे और मेले की शोभा बढ़ायें।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एडीजी बिहार और झारखंड एनसीसी निदेशालय मेजर जनरल एएस बजाज और ब्रिगेडियर आरके सिंह ने मुलाकात की।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम केंद्रीय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

## बाबूलाल मरांडी ने गठित की प्रदेश स्तरीय अपील समिति

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संगठन महापर्व, सदस्यता अभियान के लिए तीन सदस्यीय अपील समिति का गठन किया है। समिति में पूर्व मंत्री एवं रांची के विधायक सीपी सिंह, सांसद मनीष जायसवाल एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्याम नारायण दुबे शामिल हैं।

## झारखंड में महिला सशक्तिकरण के लिए खाली स्कूल भवनों का किया गया नवीन उपयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य सरकार ने खाली स्कूल भवनों को महिला सशक्तिकरण के लिए उपयोग करने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत, झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ( जेएसपीएल) के सहयोग से खाली स्कूल भवनों को महिला सशक्तिकरण के लिए उपयोग किया जायेगा। यह पहल झारखंड के विभिन्न जिलों में लागू की जायेगी। इस पहल के माध्यम से, महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रमों में शामिल किया जायेगा। इसके अलावा, महिलाओं को उद्यमिता और रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पहल की शुरूआत करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हमें उम्मीद है कि यह पहल झारखंड की महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद करेगी। इस पहल के लिए झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ( जेएसपीएल ) के सहयोग से खाली स्कूल भवनों की पहचान की जायेगी। इसके बाद, इन भवनों को महिला सशक्तिकरण के लिए उपयोग किया जायेगा।

## आइएएस विजय कुमार गुप्ता वित्त विभाग के अपर सचिव नियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड में अपर सचिव के पद पर पदस्थापित विजय कुमार गुप्ता आइएएस (झारखंड 2013) को स्थानांतरित करते हुए वित्त विभाग के अपर सचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सोमवार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के अवर सचिव विनोद कुमार ने अधिसूचना जारी की है।

## झारखंड की डिवाइन योगा एकेडमी ने नेशनल योगासन प्रतियोगिता में जीते चार पदक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की डिवाइन योगा एकेडमी ने पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में आयोजित ओपन नेशनल योगासन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। एकेडमी के प्रतिभागियों ने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं।

प्रतियोगिता में एकेडमी की टीम ने जगदीश सिंह, प्रदीप कुंभकार, शत्रुघन कुमार और संदीप कुमार ठाकुर के साथ भाग लिया था। जगदीश सिंह टीम के कप्तान और कोच थे।

प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार, प्रदीप कुंभकार ने ग्रुप एफ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शत्रुघन कुमार ने द्वितीय स्थान और संदीप कुमार ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जगदीश सिंह ने ग्रुप जी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विजयी टीम के रांची वापस आने पर डिवाइन योगा एकेडमी की डायरेक्टर डॉ परिणीता सिंह ने रांची रेलवे स्टेशन में टीम का स्वागत किया और उन्हें ढेरो बधाइयां दीं और साथ ही साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर पांच लाख रुपये लेकर हुआ फरार

### चुटिया थाना में मामला दर्ज, छानबीन कर रही पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एमबीबीएस में एडमिशन के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी कर ली गयी। इसको लेकर चुटिया थाना में मामला दर्ज हुआ है। यह मामला अयोध्यापुरी की रहने वाली ममता देवी ने दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अनूप अग्रवाल नाम के व्यक्ति से उनकी मुलाकात हुई। उसने कहा कि वह उनकी बेटी का एडमिशन हिमाचल प्रदेश स्थित एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में करा देंगे। इसके लिए उनसे पांच लाख रुपये की मांग की गयी। ममता देवी उसके झांसे में आ गयी। उन्होंने पांच लाख रुपये उसे दो किश्तों में चेक के माध्यम से दिये। अनूप अग्रवाल ने उन्हें एडमिशन के नाम पर फर्जी दस्तावेज दिये और कहा कि उनकी बेटी का एडमिशन हो जायेगा।

पैसे लेने के कुछ दिन बाद जब ममता देवी ने उससे एडमिशन के सिलसिले में पूछताछ की तो वह टाल मटोल करने लगा। धीरे-धीरे वह उनका फोन उठाना भी बंद कर दिया। तब ममता देवी को समझ में आ गया कि वह ठगी की शिकार हो गयी है। जब अपना पैसा मांगने के लिए उसके गोसाई टोला अपार्टमेंट गयी तो पता चला कि वह मकान खाली कर भाग गया है। इस ठगी की घटना के बाद वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हो गयी। इसके बाद उन्होंने चुटिया थाने में ठगी की प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

## झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने 85वें पीठासीन अधिकारियों की बैठक में भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने सोमवार को पटना में आयोजित 85वें पीठासीन अधिकारियों की बैठक में भाग लिया। इस बैठक में उन्होंने संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाये रखने के लिए संसद और राज्य विधान मंडल का योगदान विषय पर अपनी व्याख्या प्रस्तुत की। रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाये रखने के लिए संसद और विधान मंडलों को पांच विषयों पर विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सदन की बैठक कम समय तक के लिए आहूत होना, परस्पर राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के लिए सदन के कार्य बाधित होना, व्हिप के व्यवस्था कारण माननीय सदस्यों का महत्वपूर्ण जनहित के मामलों पर अपनी आंतरिक आस्था और समझ होने के बावजूद दलगत आधार पर ही अपनी विचारों का रख पाना, राजनीतिक दलों के अंदर आंतरिक लोकतंत्र का अभाव होना और विधान के निर्माण में विधायिका का मत देने के अतिरिक्त विशेष सक्रियता का अभाव। इससे पूर्व, रवींद्रनाथ महतो ने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार भेंटवार्ता की। वे इस बैठक में भाग लेने के क्रम में 21 जनवरी 2025 तक पटना प्रवास पर रहेंगे।

## मारुति नीलकंठ शक्ति मंदिर में प्रांत प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के निर्गुण टोली चौक स्थित मारुति नीलकंठ शक्ति मंदिर में प्रांत प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। इस कलश यात्रा में 1100 महिलाओं ने भाग लिया और हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी एवं बुद्धिजीवी सम्मिलित हुए। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर इगो टोली, कैलाश मंदिर, कुमार टोली, पहाड़ी मंदिर, हरमू रोड, किशोरगंज होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंची। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सैकड़ों कार्यकर्ता और श्रद्धालु दिन-रात लगे हुए हैं। 21 जनवरी मंगलवार को वैदिक पूजा एवं महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में बुद्ध नाथ मुंडा, ओमप्रकाश शर्मा, शिवकुमार, सुनील चौरसिया, संदीप हेंब्रो, अरुण सिंह, अनिल कुमार साहू, रमेश मिस्त्री, मुकेश वर्मा, अनीता सिंह, सागर हमरो, राजुरा राम, पिंकू शर्मा, यशवंत बरनवाल, पंकज सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## डोनाल्ड ट्रंप बने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति, कहा

# हर खतरे से अमेरिकी संविधान की हिफाजत करूंगा



### शपथ के दौरान पत्नी मेलानिया बाइबिल लेकर खड़ी रहीं

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर 'ट्रंप युग' लौट आया है। रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समयानुसार सोमवार रात 10:30 बजे अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के जज जॉन रॉबर्ट्स ने शपथ दिलायी। इसके साथ ही वे अमेरिका 47वें राष्ट्रपति बन गये हैं। शपथ के दौरान पत्नी मेलानिया बाइबिल लेकर खड़ी रहीं। ट्रंप के शपथ लेने के बाद कुछ देर तक कैपिटल बिल्डिंग के रोटुंडा में तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। इससे पहले उन्होंने 2017 से 2021 तक अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के रूप में काम किया था। उनसे पहले रिपब्लिकन नेता जेडी वेंस ने अमेरिका के 50वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

इधर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वे रूस-यूक्रेन और परमाणु हथियारों के मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं।

### पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को दी बधाई



पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ऐतिहासिक शपथ ग्रहण पर बधाई। मैं एक बार फिर साथ मिलकर काम करने, दोनों देशों को लाभ पहुंचाने और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए तत्पर हूं। आने वाले सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।

### धड़ाधड़ सुनाये फैसले

डोनाल्ड ट्रंप ने धड़ाधड़ सुनाये अपने फैसले। डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी होगा। उन्होंने कहा, हम दुनया में शांति चाहते हैं, लेकिन अमेरिका अपने दुश्मनों को हरा कर रहेगा। वह दूसरे देशों पर टैक्स और टैरिफ बढ़ायेंगे। इसके अलावा पनामा को वापस लेंगे। उन्होंने चीन पर भी हमला बोला है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अब अमेरिका में केवल मेल और फीमेल ही होंगे। इसके अलाव कोई जेंडर नहीं होगा। सीमाओं पर घुसपैठ रोकने के लिए सेना भेजी जायेगी। ट्रंप ने कहा कि ड्रग्स की तस्करी करने वालों को आतंकी घोषित कर दिया जायेगा। इसके अलावा देश के दुश्मनों से निपटने के लिए सेना को फ्री हैंड दिया जायेगा। अमेरिका में सेंशरशिप को खत्म किया जायेगा और अभिव्यक्ति की आजादी दी जायेगी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको के बर्डर पर दीवार बनायी जायेगी। उन्होंने ड्रिल बेबी ड्रिल नीति का ऐलान किया। इसके तहत अमेरिका को ऊर्जा संपन्न बनाने पर काम होगा। इससे ज्यादा से ज्यादा पेट्रोलियम का दोहन किया जायेगा।

**पूर्व तट रेलवे**

फाइल सं. DRM/Engg/KUR/24-25/E-Tender/96
दिनांक : 13.01.2025

(1) निविदा सूचना सं.: e-Tender-NORTKUR-283-2024, दिनांक : 07.01.2025

विवरण: पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मंडल द्वारा डिपॉजिट स्कीम के तहत् डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, धामरा में मौजूदा रेल ट्रैक से VIB III बिल्डिंग तक नए रेलवे ट्रैक (60 किग्रा बीजी) का प्रावधान।

कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 204.31 लाख
ईएमडी: ₹2,52,200/-
पूर्णता अवधि : 10 (तीन) माह

(2) निविदा सूचना सं.: e-tenderstatekur-287-2024, दिनांक : 08.01.2025

विवरण: चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर में रेल सदन के एट्रियम की छत की प्रस्तावित मरम्मत और अन्य विविध मरम्मत कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 93.10 लाख
ईएमडी: ₹1,86,200/-
पूर्णता अवधि : 6 (तीन) माह

(3) निविदा सूचना सं.: e-Tender-eastkur-281-2024, दिनांक : 07.01.2025

विवरण: खोरधा रोड मंडल के वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/पी.वे/ गोरखनाथ के अधिकार क्षेत्र के तहत कटक–पारादीप खंड पर प्रस्तावित विविध पी.वे कार्य जैसे उथली स्क्रीनिंग, डिस्ट्रेसिंग, लिफ्टिंग और ट्रैक की पैकिंग, दोषपूर्ण रेल, वेल्ड, मलबे को हटाना और अन्य सक्षम कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत: ₹215.46 लाख
ईएमडी: ₹2,57,700/-
पूर्णता अवधि : 12 (बारह) माह

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 29.01.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)

इन ई–निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक / कूरियर / फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

निविदादाता / बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए और वह आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता / बोलीदाता ही ई–टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं।

नोट: भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के 10 दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें। वेबसाइट: www.ireps.gov.in

मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग)
खोरधा रोड
PR-897/P/24-25

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. 55/ET/SBP/ENGG/2024-25, दिनांक : 10.01.2025

(1) ई-निविदा सं.49-eT-DENS-SBP-24

कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/टिटिलागढ़ के अधिकार क्षेत्र के अधीन टिटिलागढ़ स्टेशन पर बाहरी पेंट, डिस्टेंपरिंग, इनेमल पेंटिंग, स्नोसेम और एल्युमीनियम पेंटिंग।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 85,28,774.23,
बिड सिक्युरिटी : ₹ 1,70,600.00

(2) ई-निविदा सं.50-eT-DENS-SBP-24

कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/मुनिगुड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन मुनिगुड़ा - थेरुबाली के बीच किमी: 292/08-20, 293/05-294/1, 294/1-295/25, 296/24-42, 298/01-18, 298/28-299/15, 300/12-24, 300/34-09, 303/01-304/08 (मुनिगुड़ा - बिस्सम कटक के बीच), 305/07-306/28, 306/28-307/1, 308/2-323/12 (बिस्सम कटक - थेरुबाली के बीच) पर आरसीसी कास्ट इन सीटू सेंट्रल ड्रेन (लगभग 1 किमी) और UP एवं DN एवं DN एवं तीसरी लाइन के साइड ड्रेन का निर्माण।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,20,80,314.95,
बिड सिक्युरिटी : ₹ 2,10,500.00

(3) ई-निविदा सं.52-eT-DENS-SBP-24

कार्य का नाम : सम्बलपुर मण्डल के सैन्तला - रूपरा रोड सेक्शन में छत की लीकेज को रोकने के लिए एपीपी शीट प्रदान करके स्टाफ क्वार्टर की छत की मरम्मत।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 85,86,307.10,
बिड सिक्युरिटी : ₹ 1,71,800.00

(4) ई-निविदा सं.37-eT-SDENW-SBP-24

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/ कंटाबांजी के अधिकार क्षेत्र में पुलों का फर्श, बैलास्ट की दीवार, सीढ़ियाँ, पिचिंग, डिसिल्टिंग, जंगल की सफाई और रंग धुलाई इत्यादि की विविध मरम्मत कार्य।

कार्य की अनुमानित लागत ₹ 80,55,473.55,
बिड सिक्युरिटी : ₹ 1,61,200.00

कार्य पूरा होने की अवधि: 08 (आठ) महीने (क्रम सं. 1 हेतु), 12 (बारह) महीने (क्रम सं. 2 एवं 3 हेतु) एवं 03 (तीन) महीने (क्रम सं. 4 हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 07.02.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग),
सम्बलपुर
PR-896/P/24-25

**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस (ई) / टीएम / 1 — नई दिल्ली, दिनांक : 16.01.2025

**शुद्धिपत्र संख्या 1**

विषय: 23 अदद् 'मल्टी परपज़ टैम्पर (एम पी टी)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 24.01.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024-TM-1A

1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 24.01.2025 (शुक्रवार) से 17.03.2025 (सोमवार) बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

217/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# खुले मन से हो बातचीत

केंद्र सरकार की पहल के बाद 26 नवंबर से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने आखिर चिकित्सा सहायता लेना स्वीकार कर लिया है। डल्लेवाल की उम्र और उनके स्वास्थ्य की नाजुक स्थिति को देखते हुए स्वाभाविक ही चिंता बढ़ती जा रही थी। ऐसे में यह फैसला सभी पक्षों के लिए राहत बन कर आया है। हालांकि अभी यह राहत तात्कालिक ही है, क्योंकि यह साफ नहीं हो पाया है कि बातचीत के इस प्रस्ताव से किसान संगठनों की मागों पर बना गतिरोध दूर होगा या नहीं और होगा तो कैसे। यह इस बात से भी स्पष्ट है कि किसान नेता डल्लेवाल ने चिकित्सा सहायता लेना मंजूर करते हुए भी अपना अनशन जारी रखने का एलान किया है। अभी भी उनका यह रुख कायम है कि मांग पूरी होने तक उनका अनशन चलता रहेगा। ध्यान रहे, उम्र के आठवें दशक में चल रहे डल्लेवाल कैंसर पेशंट भी हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि जल्द से जल्द अनशन समाप्त कर वह डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक समय पर दवाएं और भोजन लेना शुरू करें। किसान संगठनों की मांगों को लेकर गतिरोध लंबे समय से बना हुआ है। जहां किसान मुख्य तौर पर सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी मांग रहे हैं, वहीं सरकार बार-बार कह चुकी है कि यह व्यावहारिक नहीं है। दोनों पक्षों के पास अपने तर्क हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि किसी बुजुर्ग नेता का अनशन पर बैठना भावनात्मक दबाव भले बनाये, किसानों की मांग को ज्यादा तर्कसंगत और न्यायोचित नहीं बनाता। सरकार इस मांग को स्वीकार करने में अपनी असमर्थता जताते हुए जो इन्फ्रास्ट्रक्चर का अभाव, वित्तीय संसाधनों की कमी और खाद्य पदार्थों के मूल्य में असाधारण बढ़ोतरी की आशंका जैसे कारण गिनाती है, उन्हें सीधे तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता। शायद यही वजह रही कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में न तो कोई आदेश जारी किया और न ही इन मांगों के मेरिट पर कोई सीधी टिप्पणी की। वैसे देखा जाये, तो किसान संगठन शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग पर जोर दे रहे हैं, जिसका उन्हें अधिकार है। ऐसे में इकलौता रास्त यही बचता है कि दोनों पक्ष खुले मन से बातचीत के जरिए बीच की कोई राह निकालें। उम्मीद है कि ताजा पहल हालात को उस तरफ ले जायेगी।

**दोनों पक्षों के पास अपने तर्क हैं, लेकिन एक बात तो तय है कि किसी बुजुर्ग नेता का अनशन पर बैठना भावनात्मक दबाव भले बनाये, किसानों की मांग को ज्यादा तर्कसंगत और न्यायोचित नहीं बनाता।**

# एग्री स्टैक डीपीआइ : डिजिटल प्रणाली के जरिए भारतीय कृषि का बदल रहा है परिदृश्य


भारत में अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि क्षेत्र है, जो अभी अकुशलता, अपर्याप्त ऋण, बाजार तक कम पहुंच और गुणवत्तापूर्ण साधन के अल्प निवेश और संसाधनों की सीमित उपलब्धता जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रहा है। डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसान केंद्रित बुनियादी ढांचा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआइ) यानी एग्री स्टैक का आरंभ इस दिशा में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। एग्री स्टैक, व्यापक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा निजी नवाचार को बढ़ावा देते हुए किसानों के लिए मापीय, अंतःप्रचालनीय और समावेशी समाधान प्रदान करता है।

एग्री स्टैक डीपीआई को शासन, सेवा वितरण और समावेशिता में सुधार लाकर संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शी, कुशल और संवहनीय डिजिटल कृषि पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना है।

डीपीआई में एग्री स्टैक के प्रमुख घटक एग्री स्टैक को कृषि क्षेत्र में अंतर-संचालनीयता, मापनीयता, पुनः प्रयोज्यता और निजी नवाचार के मूल सिद्धांतों के आधार पर तैयार किया गया है-

1. डिजिटल पहचान प्रणाली: एग्री स्टैक में किसान रजिस्ट्री डेटा बेस, भू-संदर्भित ग्राम मानचित्र और बोई गई फसल की रजिस्ट्री शामिल है। इसके अंतर्गत विश्वसनीय डिजिटल पहचान के लिए 11 अंकों की अनूठी संख्या के किसान आइडी के साथ ही जनसांख्यिकीय जानकारी और उनकी भूमि जोत और मौसमी फसल संबंधी आंकड़े शामिल किये गये हैं।




डीपीडीपी अधिनियम 2023 के अनुपालन में एग्री स्टैक

किसान पहचान पत्र के रूप में एग्री स्टैक डीवीसी (डिजिटल रूप से सत्यापित क्रेडेंशियल) का उपयोग करते किसान

अभी देश भर में 1 करोड़ किसानों के लिए डिजिटल पहचान बनायी गयी है। मार्च 2025 के अंत तक 6 करोड़ किसानों को इसमें शामिल करने की योजना है।

**1. सहायक रजिस्ट्रियां:** देश भर में कृषि डेटा के समरूप मानकीकरण के लिए फसल रजिस्ट्री, बीज रजिस्ट्री, कीटनाशक रजिस्ट्री आदि सहित 30 से अधिक सहायक रजिस्ट्रियां बनाई जा रही हैं। अभी विभिन्न उपयोगों के लिए फसल बीमा, फसल क्षेत्र अनुमान, फसल खरीद आदि की 14 सहायक रजिस्ट्रियां काम कर रही हैं।

**2. सहमति प्रबंधक:** सहमति प्रबंधक डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के अनुरूप किसानों की सहमति से इन्हें साझा करने और रद्द करने संबंधी नियंत्रण रखते हुए सहमति से डेटा साझाकरण सुनिश्चित करता है।

**3. एकीकृत किसान सेवा इंटरफेस:** एकीकृत किसान सेवा इंटरफेस (यूएफएसआइ) विषम प्रणालियों में निर्बाध सूचना आदान प्रदान के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। यह उसी तरह करता है जैसे यूपीआइ बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा प्रदान करता है। प्रत्येक सीबीएस में अलग-अलग संरचना और प्रणालियां हो सकती हैं।

केंद्रीय संरचना पर आधारित, यूएफएसआइ सुरक्षित और गोपनीयता रखते हुए डेटा साझाकरण सुनिश्चित करता है। साथ ही यह राज्यों और कृषकों का अपने डेटा पर नियंत्रण सशक्त बनाता है।

## एग्री स्टैक का डिजाइन डीपीआइ के सिद्धांतों का पालन करता है

**1 हितधारकों के बीच उपयोगिता:** किसान रजिस्ट्री और बोई गई फसल संबंधी रजिस्ट्री, ऋण, बीमा, सलाहकार सेवा आदि कई योजनाओं में सहायक है।

**2 डिजाइन द्वारा अंतःप्रचालनीयता:** मानक डेटा और एपीआइ के विनिर्देश- सरकार, एग्रीटेक (कृषि प्रौद्योगिकी और तकनीकी नवाचारों का इस्तेमाल) और अनुसंधान संगठनों को निर्बाध डेटा साझा करने में सक्षम बनायेंगे।

**3 राष्ट्रीय प्रभाव के लिए मापनीयता:** लाखों किसानों को कृषि और संबंधित क्षेत्रों में सहायता के लिए डिजाइन किया गया, एग्री स्टैक मापनीय है और सटीक कृषि कार्य और बेहतर बाजार पहुंच जैसी पहल को सुविधाजनक बनाएगा।

**4 इसके मूल में समावेशिता:** सहमति और किसान केंद्रित उपायों से इसमें छोटे किसानों, कृषक मजदूरों और महिलाओं के लिए समान पहुंच सुनिश्चित की गयी है।

**सूचना प्रौद्योगिकी से आगे :** एग्री स्टैक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में एग्री स्टैक कृषि में प्रणालीगत परिवर्तन को उत्प्रेरित करके पारंपरिक सूचना प्रौद्योगिकी परियोजना से भी आगे बढ़ गया है। ऐतिहासिक रूप से भूमि रिकॉर्ड को अद्यतन करने की प्रक्रिया चुनौतियों से भरी हुई थी और राजस्व विभाग के लिए इसकी प्रशासनिक अत्यावश्यकता भी नहीं होती थी, जिससे पुराने और गलत रिकॉर्ड बन जाते थे, जो आर्थिक विकास में बाधक थे। किसान रजिस्ट्री में यह आवश्यक बनाया गया है कि किसानों के स्वामित्व वाली सभी कृषि भूमि को वर्तमान समय के अनुसार अद्यतन किया जाए और और उनके व्यक्तिगत विवरण से जोड़ा जाये, क्योंकि कृषि भूमि से जुड़े लाभ, जैसे फसल बीमा, बीज, उर्वरक और सिंचाई- किसान रजिस्ट्री से जुड़े होंगे। इसलिए भूमि रिकॉर्ड को अद्यतन करने की प्रत्यक्ष और तत्काल आवश्यकता है। इससे किसानों और राजस्व विभाग दोनों को भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। सटीक और अद्यतित भूमि रिकॉर्ड जानकारी से विवादों में कमी आएगी, सेवा वितरण सुव्यवस्थित होगा, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता बढ़ेगी, बाजार तक पहुंच में सुधार होगा और सकल घरेलु उत्पाद बढ़ोत्तरी में यह योगदान देगा।


## डीपीआइ के सिद्धांतों के अनुसार कृषि स्टैक अनुपालन

### आगे की योजना

एग्री स्टैक का लक्ष्य किसान रजिस्ट्री के अगले चरण में कृषि भू-स्वामियों से आगे बढ़ते हुए पशुपालकों, मत्स्यपालकों, बटाईदार किसानों और वन भूमि क्षेत्र धारकों को इसमें शामिल करना है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण, खरीफ सत्र 2025 से पूरे देश में शुरू किया जायेगा।

### निष्कर्ष और आगे का मार्ग

किसान केंद्रित डिजिटल बुनियादी ढांचे एग्री स्टैक में कृषि में डिजिटल बदलाव से लोगों को सशक्त बनाने, संवहनीयता को बढ़ावा देने और अवसरों तक समान पहुंच बनाने के लिए उभरती हुई तकनीकों का उपयोग हुआ है। समावेशी दृष्टिकोण और मापनीयता पर जोर देने के साथ, एग्री स्टैक कृषि क्षेत्र में क्रांति ला सकता है। इससे आजीविका बढ़ेगी और राष्ट्रीय विकास को गति मिलेगी।




एग्री स्टैक उन प्रश्नों के उत्तर देता है, जो कई हितधारक अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए जानना चाहते हैं, जैसे सरकारें, निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत आदि।

## कोल्हान की खबरें

# आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र से हटा अतिक्रमण

**चिह्नित स्थलों को तीन दिन के अभियान में कराया गया अतिक्रमण मुक्त : सदानंद महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो के निर्देश पर आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र मे तीन दिवसीय अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे झोपड़ी में बसे सैकड़ो दुकानों को हटाया गया। सोमवार को अभियान के दौरान सुधा डेयरी के समीप कुछ युवाओं ने विरोध भी किया। जहां जिला प्रशासन के सूझबूझ अभियान जारी रहा।मौके पर जिला प्रशासन के प्रति दुकानदार व स्थानीय युवाओ का आक्रोश देखने को मिला। हालांकी पूर्व में दुकान हटाने का नोटिस भी जारी किया गया था। उधर आगामी नगर निगम चुनाव से पूर्व अभियान के दौरान एक तरफ रोज कमा के खाने वाले की दुकान चली गयी, दूसरे तरफ कुछ समाजसेवी व स्थानीय नेता अपनी राजनीति की रोटी सैकते नजर आये। इतना ही नही राजनेता झूठे आश्वासन देकर गरीब जनता का आंसू के साथ खिलवाड़ करने में लगे रहे।वही लोगो का कहना है अभियान अगर रुकवाना ही था तो पहले दिन ही (16 तारीख) रुकवा सकते थे। वही अंचल पदाधिकारी सदानंद महतो ने कहा चिन्हित स्थलों को 3 दिन के अभियान में अतिक्रमण मुक्त कराया गया।अभियान रोकने का ऐसी किसी भी तरह की निर्देश नहीं मिला है।

# 15 फरवरी तक अफीम की खेती को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित : आयुक्त

**यथाशीघ्र अफीम की खेती को छोड़ पारंपरिक खेती पर करें रुख, अन्यथा होगी कार्रवाई : आइजी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**सरायकेला।** खरसावां के आइबी भवन में प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी के अध्यक्षता में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। सोमवार को दो घंटे तक चली मैराथन बैठक में कोल्हान डीआइजी मनोज रतन चौथे, सरायकेला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, चाईबासा उपायुक्त कुलदीप चौधरी, सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुनायत, चाइबासा एसपी आशुतोष शेखर,पोड़ाहाट डीएफओ नीतीश कुमार सहित दोनों जिलों के तमाम पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सरायकेला खरसावां जिले के अवैध अफीम की खेती पर रोकथाम के लिए चलाये गये अभियान की समीक्षा की गयी। मौके पर आयुक्त हरि कुमार केसरी ने बताया दोनों जिलों में अवैध अफीम खेती को लेकर जिलाप्रशासन का कार्य कुछ संतोषजनक रही। इसमें और तेजी लाने के लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गये। उन्होंने बताया दोनों जिलों में अब तक 50% से अधिक अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध सफलता मिली है।बाकी के लिए 15 फरवरी तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया। ताकि दोनों जिलों में अफीम की खेती को पूर्ण रूप से समाप्त किया जा सके।वही जोनल आईजी अखिलेश झा ने भी दोनो जिले में अफीम की खेती पर रोक लगाने की अभियान पर संतुष्टि जतायी। उन्होंने जिले के एसपी, डीएसपी सहित तमाम पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों को 15 फरवरी तक संबंधित थाना क्षेत्र से अवैध अफीम की खेती को समाप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कहीं से सूचना प्राप्त होती है तो वैसे पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। वही आईजी ने अवैध अफीम की खेती से जुड़े कारोबारियों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा यथाशीघ्र वे अफीम की खेती को छोड़ पारंपरिक खेती का रुख करें। पुलिस प्रशासन उन्हें पूरा सहयोग करेगी। अन्यथा पकड़े जाने पर सख्त सजा का प्रावधान है। इससे बचने का प्रयास करें।उन्होंने कहा अभियान के दौरान सरायकेला खरसावां जिले के 214 एकड़ जमीन में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। साथ ही पश्चिमी सिंहभूम में भी 300 एकड़ जमीन में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया।

# टिन-प्लेट वर्कर्स यूनियन की नयी कमेटी के मेंबरों का स्वागत समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन में नए कमिटि मेम्बरों के लिए स्वागत सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को टिनप्लेट जनरल ऑफिस के ऑडिटोरियम में आयोजित स्वागत समारोह में टाटा स्टील टिनप्लेट डिवीजन के इआईसी उज्जवल चक्रवर्ती, यूनियन अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडे सहित यूनियन व प्रबंधन की पूरी टीम शामिल हुए। मौके पर सभी ने टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन नए कार्यकारिणी सदस्यों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कंपनी ईआईसी उज्जवल चक्रवर्ती, यूनियन के अध्यक्ष राकेशश्वर पांडे, एच आर सोनम रंजन, दीपक वर्गीश, चीफ वर्क्स सरोजती डे,यूनियन के महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने प्रबंधन यूनियन के बीच अपने बातों को विस्तार पूर्वक रखा। वही प्रबंधन ने आने वाले दिनों में कम्पनी के सामने की चुनौतियां,समाधान व जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी।मौके पर परविंदर सिंह सोहल ने कंपनी के लक्ष्य के बारे जानकारी देते हुए उपस्तित सभी को बधाई दी। इस अवसर पर प्रबंधन की ओर से राजन सिंह, शिल्पी सिन्हा, गुरप्रीत सिंह, उत्तम मिश्रा, चंचल कुमार,सुरेश राय, शिवेश कुमार सिंह, राजेश रोशन, सुधीर कुमार, दुर्गेश कुमार, सोमनाथ बोस, कुमुद रंजन सहित यूनियन की ओर से उपाध्यक्ष परबिंदर सिंह सोहल, महासचिव मनोज कुमार सिंह, वाईस प्रेजिडेंट साईं बाबू राजू, वकील खान, जगजीत सिंह, सह सचिव संजय कुमार, अमृत कुमार झा, निरंजन महापात्र, विनय कुमार साहू, कोषाध्यक्ष संग्राम किशोर दास, सह कोषाध्यक्ष सूर्यभूषण शर्मा,राकेश कुमार दिलवागी, सुकेश कुमार मिश्रा,गजराज सिंह,कुंदन कुमार सिंह, नवजोत सिंह सोहल, अनिल कुमार, लोकनाथ पांडे, मिठू दत्ता, अंकित कुमार सिंह, अभयानंद कुमार, अमरजीत सिंह, चंदन कुमार तिवारी, विशाल कुमार तिवारी, जयपाल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मानगो और एनएच 33 की दुकानों में प्रशासन की दबिश

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के उपायुक्त के निर्देशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच नियमित अंतराल पर की जाती है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम को प्राप्त कतिपय शिकायत के आलोक में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो मंजर द्वारा नेशनल हाईवे 33 स्थित संजीत कुमार, शंभू कुमार, प्रवीण महतो एवं कौशिक पति महतो के चाय दुकानों से चाय का नमूना संग्रह किया गया जिसे गुणवत्ता जांच एवं कोई नशीली सामग्री की मिलावट है अथवा नहीं, की जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भेजा जायेगा। साथ ही कूल वैली दुकान, मानगो के अलावा अलबैक खाद्य प्रतिष्ठान, मानगो के किचन और पकवान फैमिली रेस्टोरेंट, चेपा पुल, मानगो के किचन का निरीक्षण किया गया और किचन की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

# कदमा मंडल के कैंप में 280 लोग बने भाजपा के सदस्य, प्रदेश मंत्री ने दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा कदमा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को गति देने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। सोमवार को कदमा बाजार में लगाये गये कैम्प में 280 लोगो ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण की। वही कैंप के माध्यम से शामिल हुए नए सदस्यों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य की सराहना की। उन्होंने संतुष्ट होकर अपने स्वेच्छा से पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने नए सदस्यों को गुलाब का फूल भेट कर व मिठाई खिलाकर पार्टी में स्वागत किया।साथ ही उन्होंने कैंप में शामिल सभी कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया। मौके पर सदस्यता प्रभारी मनोज सिंह,दिनेश शर्मा, डी एन सिंह,कमल कुमार, सपन दास, बलवीर पांडे,राजेश सिंह, राहुल दुबे,तापस सरकार, महेश पांडे, कृष्ण कुमार,एस गांगुली, महावीर बाग,विश्वजीत सिंह, रंजीत, लोकनाथ त्रिपाठी, रवि शंकर सिंह, तारक मुखर्जी, राजन नायक सहित अन्य शामिल रहे।

## भवनाथपुर क्रेशर प्लांट की नीलामी पर रोक लगाने को लेकर सांसद से मिले



गढ़वा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष सूरज सिंह गढ़वा भवनाथपुर में विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यों के द्वारा भवनाथपुर में सेल द्वारा संचालित भवनाथपुर खदान समूह के एशिया के सबसे बड़े क्रेशर प्लांट के नीलामी पर रोक लगाने और मजदूरों के बकाया राशि का भुगतान के मुद्दों को लेकर सांसद सह सदस्य SAIL, CCL BHEL भारत सरकार देवेंद्र प्रताप सिंह से दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात कर सारे बिंदु पर विस्तार से चर्चा कर विस्थापित संघर्ष समिति भवनाथपुर के मांग पत्रों को सौंपा।

### एसडीओ ने स्वैच्छिक रक्तदाताओं के साथ की बैठक

# रक्तदान करनेवाले मानवता के असली हीरो हैं : एसडीओ



**रक्तदान हेतु जागरूकता अभियान और प्रखंड स्तर पर शिविर लगाने की बनी योजना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार शाम को अपने कार्यालय कक्ष में गढ़वा के कई स्वैच्छिक रक्तदाताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने रक्तदाताओं के योगदान को रेखांकित करते हुए उनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रक्तदाता हर बार किसी के लिये जीवन रक्षक की भूमिका निभाते हैं इसलिए वे मानवता के रक्षक और समाज के सच्चे हीरो हैं।

**प्रखंड स्तर पर शिविर :** क्षेत्र के थैलेसीमिया बच्चों के लिए और अन्य मरीजों, घायलों आदि की आकस्मिक चिकित्सा आवश्यकताओं के दौरान रक्त की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए आवश्यक है कि लगातार रक्तदान शिविर आयोजित हों।

**शहर में रक्तदान के लिए कई संगठन हैं कार्यरत :** संजय कुमार ने कहा कि गढ़वा में कई सामाजिक संगठन और स्वैच्छिक कार्यकर्ता रक्तदान की दिशा में हमेशा सक्रिय रहते हैं, उन सभी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को उन्होंने साधुवाद दिया, साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से भी उन्हें नियमित अंतराल पर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जायेगा।

**रक्तदाताओं ने दिए कई सुझाव:** बैठक में कुछ की ओर से कहा गया कि यदि गढ़वा में ब्लड डोनेशन व्हीकल भी उपलब्ध हो जाये, तो चलायमान रक्तदान शिविर लगाने के लिए बहुत अच्छा रहेगा। कुछ रक्तदाताओं ने ब्लड सेपरेशन मशीन की मांग को भी दोहराया। इस दौरान अजय उपाध्याय, पंकज कुमार चौबे, दिवाकर तिवारी, विवेक तिवारी, दीपक तिवारी, रवींद्र कुमार यादव, अमित शुक्ला, नूर आलम अजीजी, शफीक अंसारी, रोहित कुमार हिमांशु आदि ने अपने अपने सुझाव रखे।

### टाउन हॉल मैदान में मेला-प्रदर्शनी के आयोजन पर रोक

गढ़वा। गोविंद विद्यालय के टाउन हॉल मैदान में मेला प्रदर्शनी जैसी भीड़भाड़ वाली वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अनुमति देने से इनकार करते हुए भविष्य में इस प्रकार की व्यापारिक गतिविधियों पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी है। दरअसल हाल ही में एक साथ कई संस्थाओं ने टाउन हॉल मैदान में भव्य मेला और प्रदर्शनी लगाने हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में आवेदन दिये थे। एसडीओ ने कहा कि गोविंद विद्यालय का यह मैदान स्कूली बच्चों के खेलने के लिए वर्ष भर उपयोग में लाया जाता है, कई बार विभिन्न खेल क्लबों के बच्चे भी यहां पर क्रिकेट आदि खेलते हैं। टाउन हॉल में भी सालों पर कोई न कोई सामाजिक, सांस्कृतिक, सरकारी या राजनीतिक कार्यक्रम चलते रहते हैं, ऐसे में इस गोविंद विद्यालय/टाउन हॉल मैदान में मेला, प्रदर्शनी जैसे भीड़ वाले वाणिज्यिक कार्यक्रमों के लिए अनुमति देना उचित नहीं है। इसलिए उपरोक्त सभी तथ्यों के दृष्टिगत ही आदेश जारी किया गया कि अब अगले आदेश तक इस मैदान में मेला प्रदर्शनी आदि की अनुमति नहीं होगी।

# पंचायत प्रतिनिधि को दरकिनार कर मेराल ब्लॉक में हो रहा है कार्य : मुखिया संघ

**बीडीओ पर सभी पंचायत में सभी प्रकार के कार्य को बाधित रखने का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड में पंचायत प्रतिनिधियों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है। किसी कार्य से संबंधित बीडीओ द्वारा कोई जानकारी नहीं दिया जाता है उक्त बातें सोमवार को मुखिया संघ की बैठक के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गयी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड के मुखिया के साथ कोई बैठक नहीं किया गया है। पदाधिकारी को पंचायत प्रतिनिधि से कोई मतलब नहीं है, ये मनमानी तरीके से कार्य कर रहे हैं। आरोप लगाया गया है कि वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किसी भी प्रकार का पेंशन की स्वीकृति नहीं दी गयी है, मंईयां समान योजना में सुधार हेतु लाभुक दर-दर भटक रहे हैं, अबुआ आवास में भी भुगतान नहीं किया जा रहा है, 15 वें वित्त के योजना भी इनके चलते बाधित है, 15वें वित्त और मनरेगा में मापी पुस्तिका के नाम पर परेशान किया जा रहा है, पंचायतों में सभी प्रकार का कार्य बाधित रखने का बड़ा आरोप लगाया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो, अनिल चौधरी, संजय राम, प्रतिमा देवी, मनदीप सिंह, आशीष महतो, जसीम बीबी, गौरी देवी, बेबी देवी, फूलमंती देवी, मनीषा देवी, उर्मिला देवी, जितनी देवी, अजीज अंसारी तथा सुरेश राम का नाम शामिल है। मुखिया संघ द्वारा लगाये गये आरोपी पर प्रभारी बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी सतीश भगत से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उन्होंने फोन कट कर दिया।

### कटहर खुर्द मध्य विद्यालय में बच्चों के निवाला पर डाका

# मेनू के आधार पर नहीं मिल रहा है मध्याह्न भोजन

श्यामबच्चन यादव



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में बच्चो के निवाला पर डाका मीनू के आधार पर नहीं मिल रहा है मध्यान भोजन। बताते चलें की सगमा अंतर्गत के कटहर खुर्द मध्य विद्यालय में देखने को उस समय मिला जब प्रतिनिधि के द्वारा उक्त विद्यालय में पहुंचने के बाद देखा की विद्यालय के बच्चे मध्यान भोजन कर रहे है उक्त मध्यान भोजन के स्थिति यह देखने को मिला की सोमवार को मीनू में अंडा या फल के साथ चावल दाल हरा सब्जी देना था मगर बच्चो के थाली में चावल के साथ आधा पानी देखने को मिला साथ हरा सब्जी के जगह पर आलू के साथ खोजने पर गोभी दिखायी दे रहा था। जब विद्यालय में उपस्थित प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामजीत उराव से पूछा गया, तो बताया कि अंडा अभी उबाला जा रहा है। जब पूछा गया की बच्चों की क्या उपस्थिति है, तो इसका उत्तर नहीं दे पाये। इस संबंध में मध्यान भोजन कर रहे बच्चो में आकाश, रूपेश प्रजापति, विकास, दीपक कुमार, अलियार प्रजापति, प्रियांशु, मनोज, दुर्गा, निशु, संगम, काजल कुमारी ने बताया की उक्त विद्यालय में प्रतिदिन चावल के मसूरी का पानी मिला दाल मिलता है। मीनू के अनुसार भोजन नहीं मिलता है, देखने लायक यह है कि इसी विद्यालय के भवन में बीआरसी कार्यालय संचालित होता है। जब बीआरसी कार्यालय के नाक के नीचे मध्यान भोजन की यह स्थिति है, तो दूरदराज विद्यालय में कैसा भोजन मिलता होगा, सोचनीय विषय बन जाता है।

### होगी जांच, दोषी पाये जाने पर कार्रवाई : बीपीओ

इस संबंध में कार्यालय में उपस्थित प्रखंड बीपीओ पदाधिकारी कविता कुमारी से पूछा गया, तो उन्होंने बच्चो को मिल रहे भोजन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर मध्यान भोजन से संबंधित लोगों से जांच किया जायेगा, दोषी पाये जाने पर उचित कार्रवाई किया जायेगा।

## दो लाख के इनामी भाकपा माओवादी के परिजन से मिले एसपी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय और अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), गढ़वा द्वारा डंडई थाना क्षेत्र के ग्राम लवाही कला स्थित दो लाख के ईनामी भाकपा माओवादी सब जोनल कमांडर राजू भुईयां पिता स्वर्गीय छोटेलाल भुईयां के घर पहुंच कर उनकी पत्नी और मां से बातचीत कर झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति की जानकारी दी। राजू भुईयां की पत्नी और मां द्वारा आश्वासन दिया गया कि राजू भुईयां को आत्म समर्पण करने के लिए प्रेरित करेंगे तथा निकट भविष्य में आत्म समर्पण करायेगे। पुलिस अधीक्षक, गढ़वा द्वारा उनकी मां तथा पत्नी को आत्मसमर्पण नीति के लाभ के बारे में बताया गया तथा उन्हें किसी चीज की आवश्यकता या समस्या हो तो इस संबंध में जानकारी ली गई तथा उनकी आवश्यकताओं को पूर्ण करने तथा समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया गया।

# डीएवी मॉडल स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** डीएवी मॉडल स्कूल, गढवा में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक सुशील कुमार केशरी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपने-अपने मॉडल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें सलोनी कुमारी सोनाली कुमारी और रागिनी कुमारी ने ह्यूमन बॉडी सिस्टम, रजनीकांत यादव ने चंद्रयान, वैभव, अंकित तथा लकी ने ग्लोबल वार्मिंग, शौर्य केसरी एवं आयुष सोनी ने स्मार्ट सिटी, स्वयं कुमार ने चंद्रयान, अमृत राज ने लंग्स फंक्शन, मजहर ताज ने स्टेट ऑफ मैटर्स, नंदनी कुमारी ने लंग्स फंक्शन, अनन्या राज ने वोल्कानो, गुनगुन कुमारी, सृष्टि कुमारी ने बायोगैस, शिवानी, आराध्या, निधि ने वॉटर प्युरीफिकेशन, पीहू कुमारी, रिया कुमारी और प्रज्ञा राज ने ह्युमेन आई वर्किंग मॉडल का प्रदर्शन किया। अमित कुमार ,अमन कुमार सिंह तथा अन्य छात्रों ने भी अपने-अपने मॉडल का बखूबी प्रदर्शन किया। जिसमें मजहर ताज के मॉडल को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर निदेशक सुशील केसरी ने बताया कि साइंस एग्जीबिशन का आयोजन करने से बच्चों में अध्ययन के साथ-साथ विषेश प्रतिभा का विकास होता है। प्राचार्य गुलाम सरवर ने बच्चों द्वारा बनाये गये मॉडल की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में और अच्छा मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। मिथिलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि साइंस एग्जीबिशन में भाग लेने से बच्चों में सोचने, समझने और करने की क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर अंजनी कुमार सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र कुमार, चंदन, मदन मोहन द्विवेदी, तान्या, शिवानी, आरती, श्वेता, कोमल, सिमरन आदि ने भी बच्चों द्वारा मॉडल को प्रदर्शित करने में काफी सहयोग प्रदान किया।

## कांग्रेस ने जय बापू, जय भीम और जय संविधान कार्यक्रम का आयोजन किया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। कांग्रेस जिला कमिटी के तत्वाधान में जय बापू, जय भीम और जय संविधान अभियान के तहत रविवार को हीरो एजेंसी के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि 2014 के बाद केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार ने देश की हालत और देश के संविधान के साथ नाइंसाफी की है। मोदी सरकार को देश के भावना के साथ खेलने का कोई हक नहीं है। देश को आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान विभूतियों को बदनाम कर रही है। आजादी के बाद कांग्रेस के सरकार में एक से बढ़कर एक कल कारखाने की स्थापना की गयी थी, उसी भवनाथपुर में लगा हुआ एशिया का सबसे बड़ा क्रशिंग प्लांट की कटिंग कर इसका अस्तित्व समाप्त करना चाह रही है। सभा को वरीय कांग्रेस नेता उदय नारायण तिवारी, सुरेंद्रनाथ तिवारी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम, जिला सचिव मानिक राम, सुशील चौबे, प्रदीप गुप्ता, जसमुद्दीन, नंदलाल, दीपक, शंभू राम, रामलखन, वीरेंद ने भी संबोधित किया।

## 40 वर्षीय होमगार्ड के जवान की मौत



फाइल फोटो होमगार्ड जवान।

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पुतूर गांव निवासी चालीस वर्षीय होमगार्ड जवान की ह्रदय गति रुकने से हुई मौत परिवारजनों में कोहराम मचा है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुशार पुत्तुर गांव निवासी मनोज बैठा रामगढ़ जिले के पतरातु में होमगार्ड जवान के रूप में तैनात था। मृतक एक सप्ताह पूर्व अपने गांव पुत्तुर आया हुआ था बीते शनिवार के दिन सुबह लगभग दस बजे अचानक तबियत खराब होने के बाद परिजनों के द्वारा आनन फानन में सदर अस्पताल गढ़वा लेकर गये, स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा रांची रेफर कर दिया गया। रांची के पारस हॉस्पिटल में ईलाज के लिए भर्ती किया गया था ईलाज के दौरान मध्य रात्रि में मनोज बैठा की मृत्यु हो गयी। इस मौके पर अन्य लोगो के अलावा मुख्यरूप से मुखिया पति हनुमंत यादव पूर्व उप प्रमुख संजय यादव, बीडीसी पति प्रेमन प्रसाद यादव, योगेंद्र यादव सुरेंद्र बैठा, सुधीर यादव, मनोज यादव सीवपुजन यादव उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिए सदा ही प्रेरणास्त्रोत रहेंगे : निदेशक

**जीएन कॉन्वेंट स्कूल में स्वामी विवेकानंद को लेकर परिचर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में विवेकानंद जी का विचार सदैव विश्व युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है विषय पर सीनियर लेवल के छात्र-छात्राओं के बीच एक परिचर्चा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक और शिक्षाविद एमपी केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि आज भी भारत के प्रत्येक युवा को स्वामी विवेकानंद की जीवनी से सबक लेना चाहिए तथा उनसे प्रेरित होकर वर्तमान युवा शक्ति को समाजसेवा और देश सेवा के प्रति हमेशा उन्मुख होना चाहिए। उनका संदेश युवा शक्ति में अपार सामर्थ्य और सही दिशा की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है। स्वामी विवेकानंद एक युवा संत थे जिन्होंने विश्व पटल पर भारत और सनातन धर्म का पताका फहराया था। उन्होंने युवाओं को कर्म योग की शिक्षा दी। स्वामी जी मानते थे कि युवाओं में देश को आगे बढ़ाने की बहुत ताकत है। उन्होंने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस से आध्यात्मिक शिक्षा ली थी। वह समाज सुधारक, योगी और समाज के उद्धारकर्ता थे। उन्होंने भारत की संस्कृति को पूरी दुनिया में फैलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम,विकास कुमार, निराशर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, ज्योति तिवारी, शिवानी कुमारी, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। मंच का संचालन बीके ठाकुर जबकि धन्यवाद ज्ञापन निरा शर्मा ने की।

# प्रिंस सेनेटरी ने सुप्रीम कंपनी के प्लंबिंग वर्कशॉप का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सुप्रीम कंपनी के द्वारा प्रिंस सेनेटरी के बैनर तले प्लम्बिंग वर्क शॉप का आयोजन होटल रॉयल पद्मावती में किया गया। इस वर्क शॉप में सुप्रीम कंपनी के इंजीनियर डीजीएम तकनीकी श्रीनिवास कुमार, प्रिंस सेनेटरी के प्रोपराइटर राघवेंद्र नारायण सिंह, गढ़वा सुप्रीम कंपनी के विजय कुमार सिंह, पवन मिश्रा और दीपक कुमार गिरि तथा जिले के लगभग 50 से ज्यादा प्लंबर उपस्थित थे। यह वर्क शॉप सुबह 10:30 से शाम 5:30 तक चला जिसमें सुप्रीम कंपनी के इंजीनियर श्रीनिवास कुमार डीजीएम (तकनीकी) ने सुप्रीम प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता और प्लम्बिंग के विभिन्न नए तकनीक से प्लंबरो को को अवगत कराया गया। कार्यशाला में रैन हार्वेस्टिंग के नये प्रावधान एवं विशेषताओं के बारे में पालंबरों को विशेष जानकारी दी गयी। सुप्रीम कंपनी भारत की प्लास्टिक पाइप, फिटिंग, प्लास्टिक के अन्य उत्पाद बनाने वाली सर्वश्रेष्ठ कंपनी है। सुप्रीम कंपनी के पास जलापूर्ति, जल निकासी, जल संग्रह, जल संचयन तथा जल से संबंधित सभी तरह के समाधान उपलब्ध हैं। सुप्रीम कंपनी आवासीय से लेकर औद्योगिक परियोजना के लिए विभिन्न तरह के प्लास्टिक के उत्पादों का निर्माण करती है।

## मुसहर परिवारों के बीच कंबल वितरित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीरबंधा पंचायत के नवादोहरी टोला में मुसहर परिवारों के बीच ठंड से राहत के लिए कंबल का वितरण किया गया, जिससे मुसहर परिवारों के बीच खुशी की माहौल देखी गयी। साथ ही वहां के संबंधित डीलर को मुसहर परिवारों के बीच खाद्यान देने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान अंचला पंचायत के भुईयां टोली में भी कंबल का वितरण किया गया। वितरण के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, अंचला पंचायत का मुखिया मुखराम भारती, बीरबंधा पंचायत का मुखिया प्रतिनिधि अजय ठाकुर, पंचायत सचिव रूपा कुमारी, रोजगार सेवक धर्मेंद्र पाठक, बीपीओ रंजीत, कनीय अभियंता अरुणदेव सिंह तथा ग्रामीण मौजूद थे।

# जायंट्स ग्रुप का पदस्थापना समारोह संपन्न

**नये सत्र के पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जायन्ट्स परिवार गढ़वा का पद स्थापना समारोह स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केसरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, अलखनाथ पांडेय, एम पी केशरी और फेडरेशन के वर्तमान पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सहित सात लोगों ने जायन्ट्स की सदस्यता ग्रहण की यूनिट 2 के निदेशक एसके जोरियार ने सभी सदस्यों को शपथ दिलायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने और धन्यवाद ज्ञापन दीपक तिवारी ने की। इसके पूर्व सभी ग्रुप के द्वारा पूरे वर्ष के सेवा कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया। मौके पर बोलते हुए एसडीओ ने कहा कि छोटा-छोटा काम ही सही एक-एक काम जोड़कर एक बहुत बड़ा काम हो जाता है। जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी, उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा और चंद्रभूषण सिंहा, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान एवं वित्त निदेशक अशोक केशरी, सहेली अध्यक्ष सुनीता केशरी, उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता और वंदना सोनी प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप एवं वित्त निदेशक बिना केसरी, यंग जायन्ट्स अध्यक्ष अंसित कुमार, उपाध्यक्ष प्रियांशु केशरी एवं देव केशरी, प्रशासनिक निदेशक मनीष केशरी तथा वित्त निदेशक राहुल केशरी को नये सत्र के लिए शपथ दिलाया गया। सभी ग्ग्रुप के अध्यक्ष द्वारा अपने ग्रुप के सदस्यों को सेवाकार्यों में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जायन्ट्स के मनोज केशरी रूपा गंजी, ध्रुव केशरी, अशोक गुप्ता, मनोज केशरी पोस्ट ऑफिस, शौकत खान, रवींद्र जायसवाल, सुनील अग्रवाल, अरुण सोनी,रविन्द्र केशरी, चंदन चंद्रवंशी, राजमोहन पाल, विजय केशरी जेनरल स्टोर, रवि केशरी, मोनू केशरी, सहेली के संस्थापक अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता, माला केशरी, रीता केशरी, सीमा केशरी, अनसुइया केशरी, सुषमा केशरी, निवर्तमान अध्यक्ष रंजना जायसवाल, संध्या केशरी, चांदनी केशरी, पल्लवी पुंज, अंजु गुप्ता, वर्षा अग्रवाल, मंजू गुप्ता, गुड़िया केशरी, करुणा केशरी, प्रियंका केशरी, रीना केशरी, रेडक्रॉस सचिव डॉ जेपी सिंह, डॉ पातंजलि केशरी, सहित जायन्ट्स, लायंस और रोटरी के अनेक पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित थे।


**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, रामगढ**
**Email ID :- eedbramgarh@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11/2024–25, PR No- 344229 में निम्न आंशिक संशोधन किया जाता है :–

1. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि – दिनांक 24.01.2025 को कार्यालय अवधि में।
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.01.2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 25.01.2025 को 03:30 बजे अपराह्न।
4. क्रम संख्या 07 की योजना में परिमाण विपत्र का मूल्य 5000.00 ( पॉच हजार) के जगह 1250.00 (एक हजार दो सौ पचास) रूपये होगा।
5. क्रम संख्या 08, योजना का नाम – रामगढ़ पंचायत– दोहाकातू के लोलो चौक से लेकर बगीचा टोला लोलो तक पी. सी.सी पथ निर्माण PHASE – II को अपरिहार्य कारणवश तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।

**शेष शर्ते यथावत रहेंगी।**

ह०/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, रामगढ़

PR 344713 District(24-25).D

**समाहरणालय, चतरा**
**(राजस्व शाखा)**

**–: आम सूचना :–**

सदस्य सचिव, पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक–701/पि0, दिनांक–03.12.2024 के आलोक में राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण के संबंध में डोर–टू–डोर सर्वे का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण के पश्चात् प्रपत्र–01 में प्राप्त सूचना के आधार पर आंकड़ों का प्रारूप जिला के वेवसाइट एवं शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों में दिनांक–20.01.2025 को प्रकाशित किया जाएगा। नगर निकाय स्तर पर प्रशासक, नगर परिषद्, चतरा को शिकायत निवारण पदाधिकारी नामित है।

आम सूचना के माध्यम से सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि जिला वेवसाईट (**www.chatra.nic.in**) एवं शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों में प्रकाशित आंकड़ों का प्रारूप पर प्रकाशन की तिथि–20.01.2025 से सात दिनों के अंदर आपत्ति शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष दायर कर सकते हैं।

उपायुक्त,
चतरा

PR 344648 Revenue(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## बचरा में एक साल भी नही टिका सड़क के किनारे लगाया गया पेवर ब्लॉक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा इलाके मे पिच सड़क निर्माण के साथ लगाया गया पेभर ब्लॉक एक साल भी नही टिका। गुणवत्ता के साथ कार्य नही होने से यह पेभर ब्लॉक उखड़ कर बर्बाद हो रहा है। वही पेभर ब्लॉक उखड़ने से यहां दुर्घटना की आशंका बढ़ गयी है। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा पिछले वर्ष ही बचरा बाजारटाड़ से थाना चौक, चार नम्बर चौक, पटेल चौक आदि जगहो पर पिच सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क निर्माण के साथ कई जगहो पर सड़क किनारे पेभर ब्लॉक लगाना था। इस कार्य से जुड़े संवेदक के द्वारा कुछ जगहो पर पेभर ब्लॉक का निर्माण भी कराया गया, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कार्य नही होने से पेभर ब्लॉक उखड़ने लगा है। पंजाब नेशनल बैंक के आगे और बचरा दक्षिणी पंचायत भवन के समीप सड़क किनारे लगाया गया पेभर ब्लॉक पुरी तरह से उखड़ कर बिखर गया है। अब स्थिति यह है कि यहां लोग गिरकर घायल हो रहे है। सोमवार को बिलारी से बैंक के काम से पहुंचे एक बाईक सवार यहां गिरकर घायल भी हो गया। इस संबंध मे स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा बचरा मे बेहतर सुविधा देने के लिए कई कार्य कराये जा रहे है। प्रबंधन द्वारा लाखो और करोड़ो रुपए खर्च किया जा रहा है, लेकिन संवेदक द्वारा गुणवत्ता के साथ कार्य नहीं कराये जाने से सीसीएल प्रबंधन की बदनामी हो रही है। प्रबंधन द्वारा बचरा मे बेहतर बुनियादी सुविधा बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन संवेदक की लापरवाही के कारण प्रबंधन का प्रयास भी विफल होते नजर आ रहा है। स्थानीय लोगो ने ऐसे मे सीसीएल प्रबंधन से इस पर गंभीर होकर पहल करते हुए कारवाई की मांग की है।

## जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैक्लुस्कीगंज में खेलकूद प्रतियोगिता



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैक्लुस्कीगंज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय 'के प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता और आचार्य संजय प्रसाद के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न तरह के खेलकूद प्रतियोगिता में भैया। छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता में पचास, दो सौ, चार सौ मीटर की दौड़, टॉपी रेश, गोली चम्मच, बोरा दौड़, रिले रेस, ऊंची कूद, लंबी कुंद आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टोपी रेस में प्रथम नितिन कुमार द्वितीय आयुष कुमार और तृतीय स्थान मानसी कुमारी सुई धागा में प्रथम अनिशा कुमारी, द्वितीय दिव्या कुमारी और तृतीय स्थान में पूजा कुमारी बोरा दौड़ में प्रथम एकलव्य कुमार, द्वितीय तारा गंझू और तृतीय स्थान में रोहित कुमार आदि। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया। बहनों को समिति के सदस्यों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जितेंद्रनाथ पांडेय, सचिव सरजू प्रसाद साहू, संरक्षक रामसेवक प्रसाद, मुकुंद प्रसाद, दीपक कुमार प्रसाद, कुलदीप प्रसाद साहु, पंकज कुमार प्रसाद रमाशंकर सिंह, ममता गुप्ता सरिता गुप्ता, विजयकुमार, सरिता कुमारी, सुशीला कूजुर, पिंकी कुमारी, रितिका कुमारी, मांती कुमारी, अंजली कुमारी, स्टेफिनजी आदि उपस्थित रहें।

## ट्रेलर की चपेट में आने से एक की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बाबा आम्रेश्वर धाम के निकट खूंटी तोरपा रोड में सोमवार की शाम ट्रेलर के द्वारा पीछे से धक्का मारने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक युवक गिरकर घायल हो गये। दोनों ही वाहन तोरपा से खूंटी की। जिसमें से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायलों की पहचान खूंटी के सेल्दा गांव निवासी 45 वर्षीय बंधना पाहन और सनिका मुंडा के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस मंगाया और घायलों को सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। लोगों ने बताया कि 108 में डायल करने पर नहीं लग रहा था, तो सिविल सर्जन को फोन किया गया तो उन्होंने एम्बुलेंस भेजा तभी दोनों युवकों ने सदर अस्पताल भेजा गया। घायल सनिका मुंडा ने बताया कि बंधना का ससुराल तोरपा के इटम गांव गये थे। घायल सनिका ने बताया कि बंधन ने अपने ससुराल में पालने के लिए बकरी दिया हुआ था। उसी को देखने गये थे, वहाँ से लौट रहे थे। जहां से लौट रहे थे। इसी क्रम में एक ट्रेलर गाड़ी धक्का मार दिया जिससे हमलोग गिर गये। वहीं बंधना पीछे बैठा था। वहीं बंधना हेलमेट नहीं पहना था जिसके कारण उसके सिर पर काफी चोट लगी थी जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद मृतक के परिजनों को खबर मिला तो सदर अस्पताल खूंटी पहुंचे। जिसमें मृतक के शव का आज अंत्य परीक्षण किया जायेगा।

## आज शोभायात्रा निकाली जायेगी, कल भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भारत माता चौक का अनावरण हेतु सोमवार को हीरो शो रूम में बैठक रखी गयी। जिसमें 21 जनवरी और 22 जनवरी की रूपरेखा तैयार की गयी। 21 जनवरी को नगर में शोभा यात्रा निकाली जायेगी और 22 तारीख को भारत माता चौक में भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। जिसके लिए, बुंडू को दुल्हन की तरह सजाया गया है। भगवा झंडे से बुंडू को पाट दिया गया है, हिन्दू के घरों में रंगोली से सजाया जा रहा है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल होंगे। इस मौके पर प्रमोद कुमार, अरुण जैन, रोशन महतो, सत्यनारायण भगत, राजकुमार महतो, मानस मिश्रा, दिलीप महतो, ललित साहू, पुरेंद्र महतो, पीयूष मिश्रा, मोहित मुखर्जी आदि शामिल हुए।

### हिंदू सम्राट भैरव सिंह आज भारत माता चौक पधार रहे हैं



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** हिंदू सम्राट भैरव सिंह आज सुबह लगभग 9 बजे भारत माता चौक पधार रहे हैं। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को आमंत्रित किया गया है। आज के शोभायात्रा में शामिल होंगे और बुंडू के चौक चौराहों में लोगों को संबोधित करते नजर आयेंगे। बुंडू के लोगों में गजब की उत्साह देखी जा रही है। शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ बैंड की धुन पर भारत माता को जगाया जायेगा।

# सोनाहातू क्षेत्र में अफीम की खेती के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** सोनाहातू थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर सूचना मिली थी कि सोनाहातू थाना क्षेत्र के सोमाडीह गांव में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पाया कि सोमाडीह गांव में लगभग 20 डिसमिल जमीन पर अफीम की फसल तैयार की जा रही थी। वहां मौजूद एक व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने की कोशिश करने लगा। सशस्त्र बल की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरुपदो सिंह मुंडा, उम्र 21 वर्ष बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## वुशू प्रतियोगिता में उर्सुलाइन के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** वुशू प्रतियोगिता में उसुर्लाइन कांवेंट स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। झारखंड सरकार के द्वारा चतरा जिले के अंतर्गत 17 वी वुशू चैंपियनशिप प्रतियोगिता डकरा स्थित सेंट्रल स्कूल परिसर में आयोजित हुई, जिसमे उसुर्लाइन कांवेंट स्कूल खलारी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में उसुर्लाइन कांवेंट स्कूल खलारी के छात्र विद्या चौहान, प्राची कुमारी, अंश खेस, दीपा कुमारी, नवीन कुमार, नैयर शान अहमद , हर्ष कुमार और सृष्टि टोप्पो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। वहीं अभय बाखला और आशुतोष कुमार ने सिल्वर मेडल पर लंका जमाया और रिशु कुमार पासवान और रोनित जैसन मिंज ने ब्रोंज मेडल जीता। दूसरी और पंजाब में आयोजित 24 वे सब जूनियर नेशनल वुशू टूर्नामेंट में प्राची कुमारी ने जियांशू केटेगरी में ब्रोंज मेडल जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। ओवरऑल प्रदर्शन में उसुर्लाइन कांवेंट स्कूल खलारी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। छात्रों के इस प्रदर्शन में विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जयंती ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल कूद का भी बहुत महत्व होता है। उन्होंने छात्रों के माता-पिता और अभिभावकों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अनुमति देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे ही उनका हौसला बढ़ाते रहें।

## भूजल प्रबंधन पर आदर्श उच्च विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड मध्य पूर्वी क्षेत्र पटना रांची के द्वारा स्थानीय भूजल मुद्दे और भूजल प्रबंधन पर टीयर 3 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भूजल विभाग से वैज्ञानिक अतुल बेक, सपना साक्षी, सहायक भूजल वैज्ञानिक मोहम्मद शादमान उपस्थित थे। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों द्वारा भूजल संरक्षण और प्रबंधन के संदर्भ में स्लाइड्स के माध्यम से वर्ग 9 और 10 के बच्चों को सार गर्भित जानकारी दी गयी। विद्यार्थियों को जल संरक्षित करने के प्रति जागरूक करते हुए अपने आसपास के लोगों को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से भूजल प्रबंधन को लेकर कई जानकारियां दी गयी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानचार्य आदित्य प्रसाद साहू का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर शिक्षक गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, एडवर्ड मरांडी, निर्मल कुजूर, सुधीर पांडे, अनिल कुमार, राधा कुमारी, मनोज दुबे, मनोहर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बिरसा कॉलेज में झारखंड की कला-संस्कृति और साहित्य विषय पर संगोष्ठी आज

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज खूंटी में 21 जनवरी मंगलवार को झारखंड की कला संस्कृति एवं साहित्य विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, नागपुरी की स्वर कोकिला यशोदा देवी, सुलोचना देवी, नागपुरी साहित्यकार मेघनाथ ओहदार, अंतर्राष्ट्रीय कलाकार शिव शंकर महली, रामप्रसाद महली, हरिराम मिर्धा, दीनबंधु ठाकुर, खूंटी जिले की नागपुरी लोक गायिका केशो देवी, दिगंबर सिंह, महावीर लोहरा आदि विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। यह जानकारी बिरसा कॉलेज खूंटी नागपुरी विभाग के डॉ कोरनेलियुस मिंज ने दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जे किड़ो के प्रयास से आयोजित संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी भाषा संस्कृति कला और साहित्य से रूबरू कराना और रुचि जगाना है। उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहने और इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी आने वाली पीढ़ी पर ही है, इसलिए उन्हें इसकी जानकारी देनी आवश्यक है। कार्यक्रम में गायन वादन और नृत्य की प्रस्तुति विशेषज्ञों द्वारा दी जायेगी। झारखंड के साहित्य से भी विद्यार्थियों को रूबरू कराया जायेगा।

## विधायक सविता महतो ने फीता काट कर किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चांडिल प्रखंड के बिरीगोड़ा टुसू मेला में सोमवार को लोगो का जनसैलाब उमड़ा। टुसू मेला समिति बिरीगोड़ा द्वारा आयोजित इस मेले में संस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सविता महतो ने विधिवत फिता काटकर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि संस्कृति हमारी पहचान है इसे बचाए रखने की जरूरत है। उन्होंने युवा पीढ़ी से इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। मेले की सफल आयोजन के लिए मेले के संरक्षक दिलीप महतो ने सभी को धन्यवाद दिये। इस अवसर पर कमिटी के संरक्षक दिलीप कुमार महतो, झामुमो नेता कार्तिक महतो, काबलु महतो, पूर्व मुखिया गुरुचरण सिंह सरदार, प्रदीप कुमार महतो, मनोज कुमार महतो, ठाकुर दास सिंह, आशीष महतो, रबिंद्र नाथ सिंह, सुनील कुमार महतो, लखिन्द्र उरांव, बादल महतो, हीरा लाल महतो, रबिंद्र तंतुवाई, समेत काफी संख्या में मेला प्रेमी उपस्थित थे।

## कर्रा स्वास्थ्य केंद्र को बहुत जल्द एक नयी एंबुलेंस उपलब्ध करायी जायेगी : सूर्या मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि कर्रा स्वास्थ्य केंद्र को बहुत जल्द एक नयी एंबुलेंस उपलब्ध करायी जायेगी, साथी स्वास्थ्य केंद्र में जो भी कमियां हैं, उन्हें दूर किया जायेगा। स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार जनता के हित में कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जायेगा और चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के खाली पदों को भरा जायेगा। विधायक ने कहा कि अक्सर ग्रामीणों की शिकायत रहती है कि अस्पताल में दवा के साथ ही चिकित्सकों की कमी रहती है।

## आगे भी नि:शुल्क जांच शिविर लगेगा : विधायक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विधायक सुदीप गुड़िया की पहल पर सोमवार को रनिया में मेडिहोप सुपर स्पेशयालिटी हॉस्पिटल, तिलता रांची द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर मिथिलेश कुमार और डॉ सोनू कुमार के द्वारा लगभग 275 मरीज का मुक्त चिकित्सा जांच किया गया। उनके बीच दवाइयां का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में 110 लोगों का नेत्र जांच कर उचित सलाह दी गयी। शिविर में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया उपस्थित थे। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रनिया जैसे सुदूर वर्ती क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है, जिसको देखते हुए मैंने यह शिविर का आयोजन करवाया ताकि लोग इसका लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे और निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन होता रहेगा। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत डांग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर संजय कुमार सहित जिब्राइल मियां ,हेमंत एल्डा ,डॉक्टर सरफराज अहमद, विवेक विश्वास देवनाथ मगहिया, प्रमुख नेली दहंगा, मुखिया मंजू सुरीन, सुरसेन सुरीन, प्रतिमा कंडुलना, जोन कंडुलना, जास्तीन भेंगरा, सरफुदीन मियां, फिलिप मड़की, आदि उपस्थित थे।

# झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने सीएमडी को सौंपा 24 सूत्री मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन जोनल समिति का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को सीसीएल सीएमडी एनके सिंह से मुलाकात किया। इस दौरान युनियन के द्वारा कोयला मजदूर और विस्थापितों से जुड़ी विभिन्न समस्या से संबंधित 24 सूत्री मांग पत्र सीएमडी को सौंपा।मांग पत्र में मुख्य रूप से कोयला मजदूरों के आवास मरम्मत, आवास आवंटन, प्रमोशन, मेडिकल सुविधा सहित विस्थापित रैयतों के लंबित नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास केंद्र में बुनियादी सुविधा बहाल करने, असंगठित मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी देने, सीएमपीएफ, ग्रेच्युटी, समय पर वेतन का भुगतान करने, बकाया बोनस भुगतान करने सहित कुल 24 सूत्री मांग पत्र शामिल है।

मांग पत्र की समस्या से अवगत होने के बाद सीसीएल सीएमडी एनके सिंह ने विभागीय अधिकारियों को जल्द मीटिंग आयोजित कर इस समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि मजदूर विस्थापित रैयत और असंगठित मजदूरों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मौके पर यूनियन के जोनल अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, राजकुमार महतो, सैनाथ गंझु, दिलीप महतो, इकबाल हुसैन, मनोज चंद्रा, संजीव बेदिया, ओमप्रकाश राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक 16 से टेनिस बॉल क्रिकेट लीग प्रतियोगिता

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक हीरा दास ने किया। बैठक में सभी सदस्यों ने निर्णय लिया गया की आगामी 16 से 23 फरवरी तक पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से जीइएल चर्च अमलेशा मैदान में टेनिस बॉल क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की आने वाले वर्षो में विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार ट्रॉफी और बीस हजार, द्वितीय पुरस्कार ट्रॉफी और पंद्रह हजार, तृतीय पुरस्कार पांच हजार, चतुर्थ पुरस्कार पांच हजार के अलावे सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मेडल, मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और अन्य पुरस्कार रखे गये है। एसोसिएशन के हीरा दास, हरीश मुंडा, प्रेमचंद पूर्ति, निशांत भेंगरा, करम मुंडा, लखीनारायण मुंडा,गुप्तेश्वर मुंडा, राजेश मुंडा, विवेक गुप्ता, रितेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## टुसू मेला देखने दूर-दूर से आये लोग



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के दानाडीह बाजारटांड़ में टुसू मेला का आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न गांव से काफी जनसंख्या में लोग आये और मेला का आनंद लिये। यह मेला पौराणिक समय से चलता आ रहा है, मेले में डोमन अहीर द्वारा टुसू गीत गाकर और बांसुरी बजा कर लोगों को खूब रिझाया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद के अध्यक्ष शुकरा और मुंडा पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष श्याम कुमार महतो, मुखिया सविता देवी, पंचायत समिति रैमनी देवी, उप मुखिया बिना पानी देवी, प्रखंड अध्यक्ष आजसु के सुसेन प्रमाणिक, जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील राणा, ललित महतो, विपिन पाल, विश्वनाथ महतो, राजेश महतो, बेनी माधव महतो, प्रकाश महतो और और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मेला को सफल संचालन किया गया।

## पुलिस ने अनुमंडल क्षेत्र में कुल 44 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को नष्ट किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने सोमवार को अनुमंडल क्षेत्र में कुल 44 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। बुंडू थाना क्षेत्र में लगभग 18 एकड़ भूमि पर और दशम फॉल थाना क्षेत्र में लगभग 3 एकड़ भूमि पर और तमाड़ थाना क्षेत्र में लगभग 20 एकड़ भूमि राहे थाना क्षेत्र में लगभग 3 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ लोगों को जागरुक भी किया गया। इस अभियान में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार, दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, राहे थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, विकास के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने करायी जांच




**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनाहातू के परिसर में सोमवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्धघाटन दीप प्रज्वलित कर विधायक अमित कुमार महतो, प्रमुख विक्टोरिया देवी, मुखिया विकास सिंह मुंडा और डॉ जयराम शर्मा ने संयुक्त रूप में किया। मेला में लोगों के लिए निःशुल्क जांच सहित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। इस दौरान विधायक अमित ने कहा कि दूर दराज के ग्रामीण मरीज इस मेले का लाभ जरुर ऊठाएं, सीएचसी में चिकित्सक हमेशा उपलब्ध रहें। सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। स्वास्थ्य मेला को डॉ कालाचंद सिंह मुंडा, डॉ पूनम मिंज, डॉ बीना, डॉ विभा आदि का योगदान रहा, दवा भी दिया गया। मौके पर उप प्रमुख सविता देवी, बीडीओ खगेश कुमार, सीओ मनोज महथा, पूर्व मुखिया कृष्ण सिंह मुंडा, हलधर महतो, बासुदेव महतो, मनोज कुमार महतो, किसलय महतो, मनोरंजन महतो समेत बड़ी संख्या में सहिया और सीएचसी कर्मी उपस्थित थे।

## हिंडालको ने मोदीडीह गांव में सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट का किया शिलान्यास



**मुरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड के बासारूली पंचायत स्थित मोदीडीह गांव में लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट का शिलान्यास हिंडालको द्वारा किया गया। इस परियोजना का उद्धाटन हिंडालको प्लांट के हेड संदीप पाटिल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना से सैकड़ो किसानों के खेतों में सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित होगी जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसान समुदाय को लाभ मिलेगा। संदीप पाटिल ने अपने संबोधन में कहा हमारी कंपनी सामाजिक दायित्व के निर्वहन के लिए हमेशा तत्पर रहती है यह परियोजना गांव के किसान के लिए एक महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के सी एस आर हेड अनिल सिंह, प्रोजेक्ट हेड अंजनी कुमार, आइटी हेड अतुल कुमार, ए आर हेड कुमार अभिषेक, अनुराग वर्मा उपेंद्र महतो प्रभात सौमेंदु भरत सिंह मोहम्मद फारूक मोमिन समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच की झारखंड इकाई की जनवरी गोष्ठी का समापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच झारखंड इकाई की जनवरी महीने की काव्य गोष्ठी सोमवार को नीलांबर-पीतांबर पार्क में संपन्न हुई। यह आयोजन पिकनिक के रूप में आयोजित किया गया। जिसमें 14 रचनाकारों ने अपनी कविताओं के साथ ही स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। गोष्ठी का शुभारंभ संगीता सहाय ने प्रतिभागियों का अभिनंदन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगीता सहाय ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड विभागाध्यक्ष वंदना राय मौजूद रही। इस अवसर पर डॉ नरेश नाज ने अपने मार्गदर्शन से कार्यक्रम को सार्थक बनाया। गोष्ठी में सुनीता श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, वंदना राय, बिंदु प्रसाद, भावना अंबष्ठा, मंजुला सिन्हा, सुमिता सिन्हा, सुरिंदर कौर नीलम, राकेश रमन, मोनिका प्रसाद, अनुपमश्री, सुनीता अग्रवाल, कल्याणी झा, सीमा सिन्हा और संगीता सहाय ने काव्य पाठ कर माहौल को साहित्यिक रंगों से भर दिया।

## गोदाम से ट्रक चालक का शव बरामद

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सिदरौल गांव स्थित विनायका कैंपस में सोमवार की सुबह एक ट्रक चालक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान तमिलनाडु के कोल्लूर निवासी राजेश के रूप में हुई है। पुलिस की मानें तचो राजेश रविवार को कंटेनर में सामान लेकर गोदाम पहुंचा था। सोमवार की सुबह जब गोदाम के सुरक्षाकर्मी ने परिसर का निरीक्षण किया तो कंटेनर के पास राजेश का शव मिला। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी उसी के मोबाइल फोन से दे दी गई है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि राजेश ने अत्यधिक शराब का सेवन किया होगा। जिससे संतुलन बिगड़ने से गिर गया होगा। रातभर ठंड में पड़े रहने के कारण उसकी मौत हो गई होगी।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में सैकड़ों लोगों की हुई जांच

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें 482 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। वहीं, 42 लोगों के नेत्र और 29 दंत रोगियों की जांच की गई। इसके अलावा 249 लोगों के डायबिटीज और उच्च रक्तचाप की जांच की गई। जबकि 279 लोगों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता की देखरेख में आयोजित स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने किया। इस मौके पर बीडीओ उषा मिंज, सापुकेरा की मुखिया सविता उरांव एवं विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली आदि मौजूद थे।

## बेडो में जंगली हाथियों का उपद्रव जारी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जामटोली गांव में में रविवार की रात 10 बजे एक विशाल जंगली हाथी ने जामटोली निवासी लिवन उरांव के कच्चा मकान को तोड़ दिया। साथ ही घर में रखे धान व चावल को भी खाकर बर्बाद कर दिया। इस दौरान घर में सोये सभी लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचायी। जंगली हाथी ने जामटोली के खखसीटोली में मंगरा उरांव के खेत में लगे आलू की खेती को भी खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इससे भुक्तभोगियों को हजारों का नुकसान हुआ है। इसकी सूचना पाते ही मुखिया लक्ष्मी कोया और पूर्व मुखिया सुनिल कच्छप ने गांव पहुंचकर नुकशान का जायजा लिया। साथ ही वन विभाग से मुआवजा दिलाने एवं हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। लगे हाथ हाथी से बचाव के लिए सुनिल कच्छप ने दोनों टोला में ग्रामीणों के बीच पटाखा और टॉर्च का वितरण किया।

## कांके के बोड़या में वास्तु ज्योतिष परामर्श केंद्र का उद्घाटन



**कांके (आजाद सिपाही)।** मोराबादी-चंदवे मुख्य मार्ग के बोड़ेया छठ पूजा घाट के समीप सोमवार को राज्य के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित अजय कुमार मिश्र के वास्तु ज्योतिष परामर्श एवं अनुसंधान केंद्र सह श्री लक्ष्मी पूजा भंडार का शुभारंभ हुआ। झारखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह प्रवक्ता जनजाति सुरक्षा मंच सोमा उरांव एवं विश्वकर्मा पाहन ने उद्घाटन किया गया। सोमा उरांव ने कहा कि इस केंद्र के खुलने से स्थानीय लोगों और दूर दराज से आने वाले लोगों को आचार्य अजय कुमार मिश्र के ज्योतिष, वास्तु एवं हस्त रेखा आदि विषय ज्ञान का लाभ मिल सकेगा। इस अमौके पर अभय तिवारी, मनोज तिवारी, राकेश राय, कमलकांत दूबे, सुकेश तिवारी, रंजन वर्मा, आनंद कुमार सिन्हा और राम मनोहर मिश्र आदि मौजूद थे।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, 8 घायल, तीन गंभीर

## घायलों में दो सगे भाई व एक दंपति भी शामिल, अस्पताल में चल रहा इलाज

आजाद सिपाही टीम

**नामकुम/रातू/बेड़ो।** थाना क्षेत्र के रिंगरोड पर राजाउलातू पुल के समीप रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सरजोमडीह, रामपुर पंचायत निवासी अजय टोप्पो 20 व घायल युवक अनमोल तिर्की 18 है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने पुल के पास सड़क किनारे एक केटीएम बाइक गिरी हुई देखी। पास जाकर देखा तो दो युवक सड़क पर पड़े हुए थे। अजय टोप्पो की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि अनमोल तिर्की घायल अवस्था में पाया गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को कब्जे में लेकर इलाज के लिए रिम्स भेजा। घटना के बारे में अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह दुर्घटना कब और कैसे हुई। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में बाइक के डिवाइडर से टकराने की बात सामने आई है। फिलहाल मामले की गहन जांच की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर, रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड ठाकुरगांव मार्ग के कोकडे टांड स्थित जोहार होटल से बाहर निकल रहे एक युवक को तेज रफ्तार बाईक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजनों ने उसे तिलता स्थित एक अस्पताल पहुंचाया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। घटना रविवार की शाम सात बजे की है। घायल बसंत उरांव खखरा नया टोली का रहने वाला है। वहीं, टक्कर के बाद बाइक सवार दोनों युवक भी रास्ते पर गिर गये। उन्हें भी हल्की चोट आई है। दोनों युवक ठाकुरगांव के बताये जा रहे है। तीसरी घटना बेड़ो थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर पर जरिया गांव के समीप घचित हुई। यहां असंतुलित होकर गिरने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घटना सोमवार की शाम 6.30 बजे घटित हुई। घायलों में बेड़ो टेंगरिया गांव निवासी सितंबर उरांव (17), हुलसी गांव निवासी सुमन कुजूर (18) और राजू उरांव (14) शामिल है। स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ सनल सोनू बरवार ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं, गंभीर रूप से घायल सितंबर उरांव व सुमन कुजूर को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा नरकोपी थाना क्षेत्र के मसियातु नरकोपी पथ पर मसियातु जंगल के पिंडारकोना के समीप सोमवार की सुबह 10.30 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो सगे भाई और दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मसियातु नरकोपी निवासी तौसिम अंसारी (16) और अबू तल्हा (7) के अलावा गोके नरकोपी निवासी दंपति भारर्तिक सिंह (32) व बबली सिंह (30) शामिल हैं। जिन्हें ग्रामीणों ने उपचार के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ कुसुमलता ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। साथ ही गंभीर रूप से घायल दंपति को बेहतर उपचार के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।



रातू और बेड़ो में घायल युवकों का अस्पताल में चल रहा इलाज।

# एक ही पौधे में आलू व टमाटर उगा देख हैरान हुए वन सेवा के अधिकारी



भारतीय वन सेवा के अधिकारियों ने मास संस्थान का किया दौरा

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भारतीय वन सेवा (आइएफएस) के अधिकारियों की एक टीम नें सोमवार को अनगड़ा के लालगढ़ स्थित मास संस्थान का दौरा किया। इस दौरान टीम की ओर से मास संस्थान में की जा रही विभिन्न अभिनव कृषि तकनीक एवं अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया। टीम ने कृषि वानिकी क्षेत्र में मास के क्रियाकलापों की सराहना की। इस टीम में भारतीय वन सेवा के कुमार स्वामी, सईपून इमाम शेख, उमेश गोरखनाथ, जगदाप किरण सुरेश (महाराष्ट्र कैडर), शिंदे निलेश दोबा, पीए सीमा (कर्नाटक कैडर), विशाल सुरवे, अनिकेत गोवानकर (गोवा कैडर), अमरीश कुमार मल्ल (बिहार कैडर), सुरेश कु मीणा (राजस्थान कैडर), अशोक कुमार (छतीसगढ़ कैडर), भारतीय वन उत्पादक विभाग के एक्सटेंशन हेडावि सुशाना कुजूर, वैज्ञानिक बबली कुमारी, वीरसिंह गौतम, सीनियर वैज्ञानिक डॉ रविशंकर प्रसाद, अरविंद कुमार आदि शामिल थे। अधिकारियों ने मास संस्थान में लगाए गए फलदार पौधों को लगाने की तकनीक का अध्ययन किया और विदेशी किस्मों की सब्जियों के उत्पादन पर चर्चा की। विशेष रूप से उन्होंनें आलू और टमाटर के एक ही पौधे में उगाए जाने की तकनीक को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। साथ ही इसकी सराहना की। इसके अलावा टीम के सदस्यों नें मास संस्थान के सचिव विजय भरत से मोबाइल एग्रीकल्चरल स्कूल एंड सर्विसेज के एक्सटेंशन सिस्टम के विभिन्न पहलुवों की जानकारी प्राप्त की और इसे एक प्रभावी मॉडल के रूप में पहचाना जो किसानों को अपने ही गांव में रहते हुए उन्नत कृषि तकनीकों की शिक्षा प्रदान करता है। सभी अधिकारियों ने इस पहल को भारत में पहला चलंत प्रशिक्षण केंद्र बताया जो किसानों को सही वातावरण में तकनीकी रूप से सशक्त कर रहा है। इस क्रम में अधिकारियों नें विशेष रूप से जमीन के अंदर ओईस्टर मशरूम उत्पादन की तकनीक को सराहा। कहा कि यह किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर साबित हो सकता है। इस मौके पर भारतीय वन सेवा के अधिकारियों नें मास संस्थान के सचिव विजय भरत को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कहा कि यह सम्मान उनकी ओर से कृषि क्षेत्र में किए जा रहे अद्वितीय कार्य और संस्थान के योगदान को सराहने का प्रतीक है।

## सगाई में गया परिवार चोरों ने उड़ाये 25 लाख के गहने और नकदी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रामनगर कोचा टोली में रविवार को चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर 1.5 लाख रुपये नकद और करीब 25 लाख रुपये के गहनों की चोरी कर ली। पीड़ित विनय चंद्र के अनुसार रविवार को उनकी सगाई थी। पूरा परिवार दोपहर 12 बजे घर बंद कर बोकारो गया था। रात करीब 12.30 बजे जब वे लौटे तो देखा कि घर के सभी कमरों के ताले टूटे थे। अलमारियों, बक्सों और बेड के अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरी हुए सामान में उनकी शादी के लिए बनाए गए गहने, मां और बहन के शादी के गहने और नकद राशि शामिल है। चोर पांच ताले तोड़कर कीमती गहने और नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि घर के बगल में पड़ोसी का दरवाजा और वेंटिलेटर है। लेकिन इसके बावजूद किसी को चोरी की भनक तक नहीं लगी। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल, आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का मानना है कि चोरों ने घटना को बारीकी से योजना बनाकर अंजाम दिया है।

## सफाई स्वच्छ वातावरण का प्रतीक : बीडीओ

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ राहुल उरांव व सीओ प्रताप मिंज के नेतृत्व में सोमवार को सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। प्रखंड परिसर में आंचल और प्रखंड के सभी कर्मी एकजुट होकर सफाई किये। पदाधिकारी को सफाई करता देख कई ग्रामीण भी अभियान का हिस्सा बन गये। बीडीओ ने कहा कि सफाई स्वच्छ वातावरण का प्रतीक है। इसे अभियान की तरह अपने घरों, पंचायत और प्रखंड में अवश्य किया जाना चाहिए, ताकि अन्य लोगों के लिए एक मिशाल कायम किया जा सके। वहीं सीओ ने कहा कि जहां से हम अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी अर्जित करते हैं वह पूजा स्थल के समान होता है। उसे स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी हैं। मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, मुखिया रामेश उरांव, लक्ष्मी कोया, सुशांति भगत, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन अंसारी, कुमार रितेश, सुरेश लिंडा, अभय आशीष कोया के अतिरिक्त पंचायत सेवक, जन सेवक, रोजगार सेवक आदि थे।

## बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत जोन्हा अमरूद बागान चौक के निकट जोन्हा फॉल मार्ग पर सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद एवं बैंक ऑफ इंडिया, राजाउलातू के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुल जाने से सुदूर इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। वहीं गांव के किसान भाई खासकर महिलाओं, स्कूली-कॉलेज की छात्र छात्राओं सहित अन्य व्यवसायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को पैसा जमा-निकासी करने में आसानी होगी। वहीं, बैक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि इस ग्राहक सेवा केंद्र पर लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। ऋण, कृषि ऋण, केसीसी आदि सुविधा प्रदान की जाएगी। इस मौके पर बीओआई टाटीसिलवे के शाखा प्रबंधक अजय कुमार, ग्राहक सेवा केंद्र प्रमुख राज कुमार, पूनम आनंद, सहर खान, दीपक गौर, सुमित वर्मा, रणजीत पाण्डेय, नेहाल कुमार, निशांत सिंह आदि उपस्थित थे।

## इटकी पुलिस ने अवैध बालू लदा हाइवा जब्त किया

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रांची-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मलार पुल के निकट पुलिस ने अवैध बालू लदे एक हाईवा को जब्त किया है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में रविवार की रात अवैध उतखनन को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान मलार पुल के समीप रांची-गुमला मुख्य पर अवैध बालू लदे हाईवा को जब्त किया गया है।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरी वितरण

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सोमवार को नामकुम अंचल कार्यालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 23 लाभुकों के बीच बकरी पालन हेतु परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुक को 4 बकरियां, 1 बकरा, मग, बाल्टी, टब, और दवाइयां प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप ने लाभुकों को बकरी पालन की देखभाल और रखरखाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने लाभुकों को योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नामकुम सीओ कमल किशोर सिंह, बीडीओ विजय कुमार, उपप्रमुख वीणा देवी, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, प्रखंड पशुपालन अधिकारी सुरेंद्र राम, पंचायत पदाधिकारी विरेंद्र राम, कल्याण पदाधिकारी अलख सिंह, कृषि पदाधिकारी तपन प्रसाद साहू, हुड़वा पंसस कल्याण लिंडा, सहायक अभियंता मनोज कुमार, प्रखंड नाजीर विजय कुमार, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, कार्यक्रम पदाधिकारी मरीयम बानो मौजूद रही।

## केसीबी कॉलेज में सीआरपीएफ ने शहीद के सम्मान में आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र सैंबो के तत्वावधान में सोमवार को बेड़ो के करमचंद भगत महाविद्यालय में शहीद सिपाही जीडी नगवा उरांव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इसमें असिस्टेंट कमांडेंट अमित कुमार, इंस्पेक्टर एसके विश्वकर्मा, प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी, वर्षर डॉ आशा लकड़ा सहित दर्जनों लोगों ने शहीद की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अमित कुमार ने कहा कि 20 जनवरी को ही त्रिपुरा में सिपाही नगवा उरांव चिकित्सकों की टीम को बचाने के दौरान उग्रवादियों से लड़ते हुए शहीद हुए थे। शहीद के परिवार को जीवन यापन के लिए सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र की ओर से हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी, तीरथ कुमार, आकाश रक्षित, अल्पना कुमारी आदि मौजूद थे।

# न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर एफसीआइ गोदाम के पल्लेदार मजदूरों ने इटकी-बेड़ो में रोकी खाद्यान्न अनलोडिंग

## कहा- जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता, विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी/बेड़ो।** एफसीआई गोदाम के पल्लेदार मजदूरों ने न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर मालवाहक ट्रकों से खादय सामग्री की अनलोडिंग कार्य को बंद कर रखा है। इस कारण गेहूं-चावल लेकर इटकी गोदाम पहुंचे कई ट्रक पिछले एक सप्ताह से यथावत खड़े है। ट्रकों से गेहूं-चावल का अनलोडिंग नहीं होने से चलाक और वाहन मालिकों के समक्ष परेशानी कड़ी हो गयी है। वहीं, प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों को गेहूं-चावल समय पर आवंटन नहीं हो पा रहा है. गोदाम के मोटिया मजदूरों का कहना है कि झारखंड खादय निगम की ओर से मानक न्यूनतम 8.50 रुपया मजदूरी को जिला के हथालन और परिवाहन संवेदक द्वारा अनाकानी की जा रही है। मजदूरों ने चेताया है कि जबतक निगम द्वारा मानक मजदूरी तय नहीं की जाती और बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता तब तक ट्रकों से अनलोडिंग कार्य बंद रहेगा। आदोलनरत मजदूरों ने बकाया मजदूरी और साढ़े आठ रुपया प्रति बोरा मजदूरी की भुगतान की मांग को लेकर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, डीसी, श्रम अधीक्षक और जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपते हुए आग्रह किया है कि जब तक मांगें पूरी नहीं हो जाती, तबतक परिवाहन संवेदक द्वारा भेजे जाने वाले परिवाहन से खाद्यान की अनलोडिंग कार्य नहीं करने दिया जायेगा। बता दें इटकी में करीब 2200 क्विंटल से अधिक गेंहू-चावल ट्रक लदा पड़ा है। इधर, इटकी के अलावे बेड़ो, मांडर, चान्हों, खलारी और बुड़मू प्रखण्ड के एफसीआई गोदाम के मोटिया मजदूरों ने भी 8.50 रुपया न्यूतम मजदूरी की मांग को लेकर दर्जणों ट्रकों से गेहूं-चावल की अनलोडिंग कार्य को ठप कर रखा है। वहीं. बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पीडीएस गोदाम के पल्लेदार मजदूरों ने भी न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। इससे गोदाम से पीडीएस का खाद्यान्न उठाव ठप रहा। वहीं प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों को समय पर गेहूं-चावल आवंटन का काम बाधित हो गया है। गोदाम के मोटिया मजदूरों का कहना है कि झारखंड खाद्य निगम द्वारा मानक न्यूनतम 8.50 रुपये मजदूरी जिले के परिवहन ठेकेदार द्वारा देने में आनाकानी की जा रही है। जबतक निगम द्वारा मानक मजदूरी तय नहीं की जाती और बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक ट्रकों से अनलोडिंग कार्य बंद रहेगा। इस दौरान मांडर, चान्हो, बुढ़मू, बेड़ो और खलारी प्रखंड के मोटिया मजदूर मौजूद थे।





## टुसू आस्था, बलिदान एवं सांस्कृतिक जागरण का पर्व : स्वामी आजपानंद



**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड स्थित मुडमा मौजा के महली महतो बगीचाटुसू टुगरी में समाजिक एंव सांस्कृतिक संस्था के झलक संगम के अनुषांगी इकाई करम डहर के तत्वाधान में नव वर्ष मिलन सह टुसू परब का आयोजन किया गया। इसमें रामकृष्ण मिशन आश्रम के सहसचिव स्वामी आजपानंद महाराज ने टुसू मैदान अखरा में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि टुसू आस्था, बलिदान और सांस्कृतिक जागरण का पर्व है। समय-समय पर पर्व-त्योहार आने से आपसी एकता, उमंग, उल्लास और समाजिक समरसता को मजबूती प्रदान करता है। वहीं, छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के सचिव डॉ सचि कुमारी ने कहा कि कुंवारी कन्यएं टुसू पर्व की सप्ताह पूर्व तैयारी करती है। परब को लेकर पहरे-पहर लोकगीत गाती हैं। इसे अपने लोक-गीत, संगीत और वाद्ययंत्रों का गूंज सांस्कृतिक विरासत को जीवित कर देता है। हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि यह विस्थापितों की धरती है। सरकार से मांग करते हैं कि वर्षों से लगने वाले टूसू पर्व के दौरान मेला लगाने के लिए सरकार पांच एकड़ जमीन आवंटित करें। मौके पर करम डहर संस्था की ओर से पंकज शाहदेव को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र कांत महतो व मंच संचालन अरुण महतो, धन्यवाद ज्ञापन राजेश महतो ने किया। इस मौके पर सुनील जायसवाल, डॉ धनेश्वर महतो, शिक्षाविद धनीराम साहू, झामुमो ज़िला उपाध्यक्ष-मेघनाथ महतो, कलाम आजाद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, उपाध्यक्ष एनुल हक आदि थे।

## नागपुरी गीत पुरना दिवाना की वीडियो शूटिंग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जेडी प्रोडक्शन के बैनर तले सोमवार को नागपुरी एलबम सांग पुरना दिवाना की शूटिंग गेतलसूद डैम, गांधीग्राम, गोंदलीपोखर, हुंडरू फॉल, जोन्हा फॉल सहित अन्य साईट पर की गई। इस दौरान शूटिंग देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। इस वीडियो एलबम में विनोद कोरिया, किरण बड़ाईक आदि कलाकारों ने अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया। इस एलबम के कैमरामैन राजा मिश्रा, सहायक कैमरामैन गौतम व सुभाष महतो, लिरिक्स मदन बैठा, सिंगर मदन एवं खुसबू लिंडा, डायरेक्टर एवं प्रोड्युसर अनिल कु गुप्ता, असिस्टेंट डायरेक्टर राजेन्द्र मिर्धा हैं। इससे पहले भी जेडी प्रोडक्शन के बैनर तले बाबा बरजरंगी, हे डमरू वाले, डुबकी लगाले मोरे जवानी में, देवे की नई चुम्मा, साली कर नीला साड़ी आदि नागपुरी गाने का एलबम बनाया जा चुका है।

## पीएम अवार्ड के लिए डीसी को दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पीएम अवार्ड के लिए चयनित होने पर गुमला के कांग्रेसी नेताओं ने हर्ष जताया है। उन्होंने उपायुक्त को बधाई दी है। कांग्रेसियों ने कहा है कि इसके लिए उपायुक्त विशेष बधाई के पात्र है। जिनके कुशल मार्गदर्शन में जिला विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। राज्य का गुमला ऐसा जिला है, जो दूसरी बार इस अवार्ड के लिए चुना गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री भी बधाई के पात्र है। बधाई देने वालों में प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, दीपनारायण उरांव, रोहित उरांव, हेमावती लकड़ा, हिमेश कुमार, अमर प्रदीप कुजूर, गुलाम सरवर व कलावती आदि के नाम शामिल है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### दो दिनों से चल रही है मुठभेड़, एके 47 और बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद

# घिर गया है झांगूर गुट का सरगना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उग्रवादी झांगुर गुट का सरगना रामदेव को पुलिस घेर चुकी है। रविवार की शाम से चल रही मुठभेड़ के बाद यूं तो झांगुर गुट के सभी उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गये, लेकिन सोमवार की सुबह से ही पुलिस फोर्स ने पूरे जंगल को चारों तरफ से घेर लिया है और चारों तरफ से पुलिस बल आगे बढ़ रही है। जिससे झांगुर गुट के भागने का रास्ता लगभग बंद हो चुका है।






पुलिस के पास यह पुख्ता सूचना है कि झांगुर गुट के कई सदस्य, अपने दस्ते के सरगना रामदेव के साथ बिशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी जंगल में छिपा हुआ है। बिशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी जंगल में रविवार की संध्या शुरू हुआ यह मुठभेड़ अभी तक चल रहा है। बताया जा रहा है कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झांगुर गुट और पुलिस बल के बीच चल रहा यह मुठभेड़ दूसरे दिन भी जारी है। इस मुठभेड़ में पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किये हैं।

सूत्रों के मुताबिक रविवार की संध्या में आइआरबी पुलिस फोर्स एक छापामारी अभियान में निकली हुई थी। इसी क्रम में आइआरबी पुलिस फोर्स के गस्ती दल पर एकाएक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झांगुर गुट द्वारा फायरिंग शुरू कर दिया गया। आइआरबी पुलिस फोर्स भी फौरन मोर्चा संभाल ली और अपने पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह को उक्त घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस फोर्स की मांग की गयी। मुठभेड़ में पुलिस बल को भारी पड़ता देख झांगुर गुट के उग्रवादी घने जंगल का सहारा लेकर मुठभेड़ को जारी रखे हुए हैं।

सूत्रों ने यह भी बताया कि बताया कि इस दौरान एक उग्रवादी को गोली भी लगी है। लेकिन पदाधिकारीयों द्वारा गोली लगने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। आज सोमवार के प्रातः ही गुमला जिला के पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह एवं आरआरबी के कमांडेंट पदाधिकारी सहित अन्य पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे और मुठभेड़ में शामिल जवानों के साथ स्वयं भी मोर्चा संभाल लिए।

## जारी में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय के समीप प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि जीप सदस्य दिलीप बड़ाइक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे बीडीओ यादव बैठा रहे सभी अतिथियों को सहिया एवं एएनएम के द्वारा स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि किसी भी तरह का बीमारी हो तो इलाज करा लें साथ ही कहा कि अगर आसाध्य जैसी रोगी होगा तो उसे आगे उनका इलाज होगा। वहीं उपस्थित जीप सदस्य ने कहा कि सभी तरह के बीमारी का स्टोल लगा हुआ है वहां जाकर संबंधित रोगी आपना इलाज करायें। मौके पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर रेखा वर्णवाल, डॉ अलबन केरकेट्टा, मुखिया फुलमाईत देवी, इंदु कुमारी एकाउंट मैनेजर बीपीएम राजेश केरकेट्टा, एएनएम बसंती बेक, मंजू कुजूर सहित सहिया, एएनएम एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## घाघरा में पंचायत समिति की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति की बैठक सोमवार को प्रखंड प्रमुख सविता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कई महत्वपूर्ण चर्चा की गयी। जिसमें पंचायत समिति के सदस्यों ने कहा कि नल जल योजना पूरी तरह से फेल है किसी के घर में पानी नहीं मिल रहा है। कई जगहों पर आंगनबाड़ी जर्जर अवस्था में है जिसे मरम्मत करने की बात कही। वृद्धा विधवा विकलांग पेंशन के लाभुकों के लिए बैंक ऑफ इंडिया में एक अलग काउंटर बनाया जाये ताकि उन्हें पैसे निकालने में सुविधा हो। ग्रामीण क्षेत्र में जहां बिजली का कनेक्शन नहीं हुआ है वहां बिजली आपूर्ति किया जाए। साथ ही बैंक के कर्मियों को निर्देश देते हुए प्रमुख ने कहा कि केवाईसी के लिए दिन भर लोग लाइन में खड़े रहते है इस पर बैंक कर्मी आपस में बैठकर उचित निर्णय और लोगों को सुविधा बहाल करे। पंचायत समिति से हो रहे कार्यों का समय से भुगतान हो सहित कई निर्देश दिये गये। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार, शिवा देवी, शीला रानी, सतीश बंसल, पंकज साहू, शंकर साहू, बेबी कुमारी, पुष्पा टोप्पो, रेणुका उरांव, सीमा देवी, रामरीत उरांव, रिंकू लोहरा, श्रवण उरांव व प्रधान उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीसी ने कौशल विकास नर्सिंग कॉलेज का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को जिला सदर अस्पताल परिसर में स्थित कौशल विकास नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और फर्स्ट एवं सेकंड ईयर एएनएम की पढ़ाई कर रही छात्राओं से मुलाकात कर उनकी शिक्षा से संबंधित अनुभव साझा किए। इस दौरान उपायुक्त ने कॉलेज की कक्षाओं का निरीक्षण किया और विभिन्न लैब्स में जाकर छात्राओं के ज्ञान एवं कौशल का अवलोकन किया। उन्होंने ऑपरेशन थिएटर और इमरजेंसी सिमुलेशन लैब, ऑडिटोरियम, जेनेटिक केयर एवं होम नर्सिंग लैब, लाइफ स्किल्स एवं कम्युनिकेशन लैब समेत 10 अलग-अलग लैब्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लैब्स में उपलब्ध सुविधाओं और उपकरणों की सराहना की। साथ ही, उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करने के लिए इन आधुनिक लैब्स का अधिकतम उपयोग करें। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।

## नाबालिग छात्रा को अगवा करने के आरोप में उग्रवादी गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में आतंक का पर्याय बने पीएलएफआइ उग्रवादी परमेश्वर गोप के द्वारा स्कूल जाने के दौरान रास्ते से नाबालिग छात्रा को अगवा किये जाने की घटना दैनिक भास्कर में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किये जाने के बाद पुलिस ने उग्रवादी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद सोमवार को जेल भेज दिया। साथ ही नाबालिग छात्रा को सभी कानूनी प्रक्रियाँ पूर्ण कर बांड लिखाने के बाद परिजनों को सौप दिया। परिजन छात्रा को साथ लेकर घर लौट गये। इधर बताया जाता है कि परमेश्वर गोप के गिरफ्तार किए जाने के बाद चाईबासा पुलिस भी सदर थाना पहुंच कर उससे पूछताछ की है। चाईबासा पुलिस राज्य के एक खूंखार अपराधी अमन साहू गिरोह से उसके सांठगांठ के संभवनाओं को लेकर घंटो पूछताछ की है।

## राजनील तिग्गा बने गुमला के सांसद प्रतिनिधि

**पूरी निष्ठा और ईमानदारी से प्रतिनिधि पद का निर्वाह करूंगा : राजनील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सांसद सुखदेव भगत ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत गुमला जिला में संसदीय कोष और सरकारी विकास योजनाओं की निगरानी, अनुश्रवण और मूल्यांकन के लिए युवा कांग्रेसी राजनील तिग्गा को गुमला जिला स्तरीय सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री तिग्गा ने इस बड़ी जिम्मेवारी के लिए आभार प्रगट करते हुए कहा कि सांसद श्री भगत ने जिस आशा और विश्वास से जिम्मेवारी सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी से निर्वाहन करने का प्रयास करेंगे।



**राजनील के सांसद प्रतिनिधि बनने पर कांग्रेसियों में हर्ष**

जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने राजनीति का के सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर हर्ष व्यक्ति है इस संबंध में सचिव मो. फिरोज आलम ने कहा कि राजनील तिग्गा एक ऊर्जावान व्यक्तित्व के मालिक हैं। और उनके सांसद प्रतिनिधि बनने से गुमला की आम जनता को लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाएं धरातल पर पहुंच रही है या नहीं इस बात की निगरानी रखने में राजनील सफल रहेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी को भी उनकी कार्यशैली से मजबूती मिलेगी। हर्ष व्यक्त करने वालों में रामनिवास प्रसाद, खुर्शीद आलम, बेलसाजर मिंज, कलाम आलम, आफताब आलम लाडले, विष्णु राम, मीरा हमिद, ज्योति कुजूर, क्रिस्टीना टोप्पो, मोहम्मद मिनहाज, अनिता देवी, मनसुब अंसारी, नसीम अंसारी, मोख्तार आलम राजू रंजन महतो, शादाब आलम, साहब वसीम आदि के नाम शामिल हैं।

## आज थाना परिसर में होगी व्यवसायियों की बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सीओ आशीष कुमार मंडल ने घाघरा के व्यवसाय वर्गों से थाना परिसर में मंगलवार को 11 बजे से बैठक का आयोजन किया है। इस संबंध में सीओ ने पत्र निर्गत कर कहा है कि घाघरा मुख्यालय में सड़क सुरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित मामले को लेकर व्यवसायी वर्ग से बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें कई अहम फैसले लिए जाएंगे और व्यवसाय वर्गों का भी सलाह व सहयोग भी लिया जायेगा।

## गुमला बायपास में वाहनों की हुई जांच



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप एवं मोटरयान निरीक्षक एवं सड़क सुरक्षा के गुमला बायपास रोड में मोटरसाइकल एवं बड़े वाहनों का जांच अभियान चलाया गया। जिसमें मोटरसाइकिल एवं ओवरलोड वाहनों से कागजात से संबंधित त्रुटियों को जांच किया गया। ज्ञात हो की आवश्यक दस्तावेज जैसे हेलमेट इंस्योरेंस, परमिट, रोड टैक्स, ड्राइविंग लाइसेंस, पॉल्यूशन नहीं लेकर यात्रा करने तथा वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर 30 बाइक एवं बड़े ओवरलोड वाहनों से 2.54 लाख रुपये का दंड राशि वसूला गया।

## धर्म परिवर्तन नहीं करने पर घर पर किया कब्जा, लगायी न्याय की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के अमकुली गांव में सुधमन लोहरा को गांव के कुछ लोगों द्वारा जबरन ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सुमधन लोहरा द्वारा ईसाई धर्म अपनाने से इंकार करने पर गांव के कुछ लोगों ने सरकार द्वारा उसे आवंटित मुर्गी शेड को तोड़ दिया और उसे गांव से भगा कर उसके 40 वर्ष पुराना मकान को कब्जा करना चाह रहे हैं। इस संबंध में सुधमन लोहरा ने सोमवार की अपराह्न 3 बजे अपने पूरे परिवार के साथ उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सिसई थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देते हुए सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। उपायुक्त को लिखे गए आवेदन में



सुधमन लोहरा का कहना है कि गांव के ही जुएल टेटे और थोमस टेटे ने बिना कारण उसका मुर्गी पालन शेड को तोड़ दिया। शेड को तोड़ने के लिए, गांव के ही प्रवीण टेटे, निर्मल टेटे, तारासियुस टेटे, रोशन टेटे और लोथे भगत पर उकसाने का आरोप लगाया है। कहा कि जिस जमीन पर उसके मुर्गी शेड को तोड़ा है उसी जमीन पर उसे प्रधानमंत्री आवास मिला है। उसके पिताजी द्वारा निर्मित खपड़ा का घर 40 वर्ष पुराना है। जहां पूरा परिवार रहते हैं। जिन लोगों ने मेरे मुर्गी शेड को तोड़ा है और तोड़ने के लिए उकसाया है वे लोग उसे ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बना रहे हैं। जब वह धर्म परिवर्तन करने से इंकार कर रहा है तब गांव में मेरा हुक्का पानी बंद कर दिया है। पूर्वजों के मकान को हड़पने की साजिश हो रही है। सुधमन लोहरा ने अधिकारियों से न्याय व सुरक्षा की गुहार लगायी है।

## स्वास्थ्य मेला का लाभ उठायें ग्रामीण : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, उप प्रमुख शिव देवी, डीपीसी अभिनीत आनंद, चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरविंद कुशल एक्का, अनिरुद्ध चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य जांच संबंधित लाभ प्राप्त होंगे। आप सभी ग्रामीण इसका लाभ उठाये। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य जांच होने से किसी भी बीमारी की जानकारी प्राप्त होती है। आप सभी ग्रामीण उक्त स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाये।



स्वास्थ्य मेला में स्किल सेल जांच, यक्ष्मा जांच, दंत जांच, तंबाकू नियंत्रण, मलेरिया फाइलेरिया जांच, नेत्र जांच, स्वास्थ्य जांच, योगा, यूनानी एवं होम्योपैथी जांच, परिवार नियोजन परामर्श, किशोर स्वास्थ्य राष्ट्रीय किशोर किशोरी परामर्श, एनडीसी सहित कई जांच स्टाल लगाए गए। जहां आवश्यकता अनुसार हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों का चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया है। वही अतिथियों द्वारा यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण फूड किट का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में चिकित्सक डॉ निधि आनंद, डॉ. अनिल कुमार, अमित कुमार, ज्ञान रंजन, बिटीटी सीमा कुमारी, बबीता कुमारी, लक्ष्मण को पारस साहू, संजोती देवी, बीने कुमार, अनिल कुमार, आलोक कुमार, अशोक कुमार सहित कई चिकित्सक, सीएचओ, स्वास्थ्य कर्मी एएन एम, स्वास्थ्य सहिया ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना अन्तर्गत सुरहु नवटोली में एक महिला के साथ कुसुम पेट का पता तोड़ने को लेकर डायन बोलकर मारपीट और छेड छाड़ करने के आरोप में दो लोगों को कर्मपाल साहू 70 वर्ष और विष्णु प्रसाद साहू 55 वर्ष दोनों नवटोली सुरहू निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



## लोकतंत्र में जनता मालिक, प्रशासन और जनप्रतिनिधि सेवक : मिशन बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव कामडारा प्रखंड के द्वारा बनभोज सह कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह का आयोजन बसिया के बाघमुंडा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन बदलाव के भूषण भगत ने की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यस्था में जनता मालिक होता है और प्रशासन और जनप्रतिनिधि सेवक होता है। इसलिये प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लगाम लगाने की जवाबदेही मालिक की होती है और एक जनता को लेकर जागरूक करने की नितांत आवश्यकता है। सभी समस्याओं का समाधान के लिये जनता को आगे भी आने की जरूरत है।



उन्होंने घोषणा की कि 22 मार्च को कामडारा में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन अयोजित किया जायेगा। सिसई विधानसभा के प्रत्याशी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी इनडोर संजय बरला ने कहा कि मिशन बदलाव की सोच और उद्देश्य सभी को बराबर सम्मान देना है और समानता को लाना है। इसलिये सेवा धर्म का पालन कर लोगों के मददगार के रूप में हमेशा आगे आना है। मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य अमित झा ने कहा कि सांप्रदायिक शक्तियां समय समय पर धार्मिक उन्माद फैलाकर हमेशा समाज को तोड़ने की कोशिशें करेंगी, लेकिन हमलोगों को मजबूती के साथ सभी को मिलकर रहते हुए ऐसी ताकतों के विरुद्ध में खड़ा होना होगा और समाज को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए हमेशा आवाज उठाना होगा। इस मौके पर सत्रह सदस्यीय अभियान समिति की घोषणा की गयी। जिसका उद्देश्य मिशन बदलाव से लोगो को जोड़ने के लिये सदस्यता अभियान और अन्य मुहीम भी चलायी जायेंगी। और जिलों के सभी प्रखंड स्तर पर कार्यकर्ता बैठक करने का निर्णय लेते हुए, मिशन बदलाव के प्रखंड अध्यक्ष की घोषणा करते हुए इसकी जिम्मेवारी दी जायेगी। मिशन बदलाव के लीगल हेड और उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिनव कुमार और भास्कर कुमार ने मिशन बदलाव आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया और कहा कि झारखंड में वैकल्पिक राजनीति का प्रयोग मिशन बदलाव का भविष्य के रणनीतियों में है और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने की जरूरत है।

## भाजयुमो के जिला अध्यक्ष और महामंत्री ने घाघरा मंडल अध्यक्ष के मातृ शोक पर दी सांत्वना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पिछले दिनों घाघरा के भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष सोनी की माता जी का देहांत हृदयगति रुक जाने से हो गया था। उनका दाह संस्कार कोटामती घाघरा मुक्ति धाम में उनके पति ने किया। इस शोकाकुल परिवार से मिलने भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद, महामंत्री सह गुमला चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह एवं प्रदीप सिंह घाघरा उनके आवास पर पहुंचे। भाजयुमो पदाधिकारी शोकाकुल परिवार से मिलकर उनको ढांढस बंधाया और यह आश्वासन दिलाया कि पूरा भाजपा परिवार आपके हर सुख दुख में साथ खड़ा है।

## विद्यालय के स्वास्थ्य और आरोग्य दूतों को मिला प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुमला में 13 से 20 जनवरी तक विद्यालय के स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूतों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सरकारी-अल्पसंख्यक विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के उत्तम स्वास्थ्य व्यवहार परिवर्तन एवं स्वस्थ जीवन शैली के लिए कार्य करना है। प्रशिक्षण में जिले के गुमला, भरनो, कामडारा, बिशुनपुर एवं डुमरी प्रखंड के लगभग 199 शिक्षकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में पिछले 4 वर्षों से संचालित है। जिसमें बच्चों के नैतिक विकास



के निमित्त एनसीईआरटी दिल्ली के द्वारा कई मॉड्यूल तैयार किये गये हैं। जिसमें स्वस्थ बढ़ना, पारस्परिक संबंध, जेंडर समानता, पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, प्रजनन स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, मूल्य एवं जिम्मेदार नागरिकता, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग साथ ही साथ झारखंड के परिप्रेक्ष्य में मानव तस्करी, दहेज प्रथा, बाल विवाह, सड़क सुरक्षा एवं सामाजिक और भावनात्मक शिक्षण पर राज्य एवं जिला साधन सेवियों के द्वारा जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग के लिए सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज की ओर से प्रकाश सारंगी का पूर्ण सहयोग रहा। पूरे प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं संस्थान के संकाय सदस्यों के अधीन रहा।

## मजदूरों के मसीहा थे बिंदेश्वरी दुबेः अनुपमा



**झरिया (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के जोड़ापोखर स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को मजदूरों के मसीहा स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूरी यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने कहा कि स्व बिंदेशवरी दुबे बिहार के कुशल मुख्यमंत्री के साथ ही एक कुशल राजनीतिज्ञ भी थे। इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए अखंड बिहार सरकार में शिक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री भी रहे। आज मजदूरों को जो पेंशन एवं वेतन में बढ़ोतरी, वेतन समझौता, जेबीसीसीआइ की बैठक में मजदूरों के हित में अहम भूमिका भी निभाई। वे सेवा त्याग एवं सादगी के मिशाल थे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार खान, क्यूम खान, प्रमोद चंद्रवंशी, रामविलास राम, किशोर कुमार, संतोष चौधरी, सतपाल सिंह ब्रोका, अब्दुल अजीज, जयप्रकाश चौहान, शिव शंकर सिंह, अन्नु पासवान, विक्की कुमार, फैज अहमद रिजवी, राकेश पासवान आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आयुक्त ने की डीएमएफटी के कार्यों की समीक्षा

## कोचिंग संस्थान की व्यवस्था को दूसरे जिलों में भी शुरू करने की अनुशंसा की

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो समाहरणालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते आयुक्त पवन कुमार।

**बोकारो।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग क्षेत्र के आयुक्त पवन कुमार ने सोमवार को समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। यहां जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की कार्यों की विस्तृत जानकारी लिया। उन्होंने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। डीएमएफटी के मैनेजमेंट कमेटी, गर्वनिंग बाडी की कितनी बार बैठक हुई, इस संदर्भ में पूछताछ की। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए न्यास परिषद से विभिन्न सेक्टरों के तहत पारित योजनाओं की जानकारी लिया। डीएमएफटी के तहत जरूरतमंद बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर शुरू किए गए कोचिंग संस्थान की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अन्य जिलों में भी ऐसी व्यवस्था शुरू करने के लिए अनुशंसा करने की बात कही। उन्होंने डीसी के राजस्व न्यायालय, अपर समाहर्ता के राजस्व न्यायालय, डीसीएलआर चास/बेरमो के राजस्व न्यायालय में पारित आदेशों के रिकार्ड का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर डीसी विजया जाधव, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, डीसीएलआर बेरमो मुकेश मछुआ, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश आदि थे।

## मधुबन आउटसोर्सिंग गोलीकांड का एक और आरोपित गिरफ्तार

**महुदा (आजाद सिपाही)।** मधुबन आउटसोर्सिंग गोली कांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। रविवार की शाम को महुदा थाना क्षेत्र के भूरंगिया गांव में पुलिस ने छापामारी कर एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। पुलिस की मानें तो गिरफ्तार आरोपी का नाम फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। उसे कड़ी सुरक्षा में न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। महुदा थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से गोली कांड से जुड़े अन्य पहलुओं का खुलासा होने की उम्मीद है। इस मामले की जांच जारी है। पुलिस की छापामारी अभियान से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रखने में मदद मिल रही है। पुलिस का दावा है कि हिंसा में शामिल सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ और श्रीश्री दुख हरण बाबा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए सांसद-विधायक



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास में स्थित श्रीश्री 108 रुद्र महायज्ञ एवं श्रीश्री दुख हरन बाबा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी शामिल हुए। इस अवसर पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान समाजसेवी पिंटू पासवान और महेश पासवान ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान कई आकर्षक झांकियां भी निकाली गयी।

## 30 दिव्यांगों के बीच निःशुल्क व्हीलचेयर वितरित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राउंड टेबल इंडिया धनबाद चैपटर की ओर से सोमवार को होटल वेंडलॉक ग्रीन में आयोजित कार्यक्रम में 30 दिव्यांगो के बीच निःशुल्क व्हील चेयर बांटे गए। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैतन्य देव सिंह ने बताया कि 60 वर्षो से भी अधिक समय से राउंड टेबल इंडिया सामाजिक क्षेत्रों में बढ़चढ़कर योगदान देते आ रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में राउंड टेबल इंडिया लगातार काम कर रहा है। 3600 स्कूलों में करीब 9 हजार क्लास रूम बनाये हैं। सरकारी स्कूलों के साथ मिलकर बच्चों को हवाई यात्रा का भी अनुभव कराते हैं। सोमवार को व्हील चेयर और हेलमेट वितरण कार्यक्रम के दौरान राउंड टेबल इंडिया की कार्य योजनाओं पर भी प्रदर्शनी दी गयी। इस मौके राउंड टेबल इंडिया के एरियेट कशिश व्यास, धनबाद चैपटर के चेयरमैन अनूप गोयल, कशिश व्यास, सरबजीत सिंह, कमल चौधरी व बलराम अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## विश्वकर्मा परियोजना के असंगठित मजदूरों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उठायी आवाज

**धनसार (आजाद सिपाही)।** असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर विश्वकर्मा परियोजना के असंगठित मजदूरों ने एटक के बैनर तले सोमवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। अपने संबोधन में एटक से जुड़े मजदूरों ने कहा कि विश्वकर्मा में अनियमितता के चलते मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोडिंग प्वाइंट में जगह नहीं रहने के कारण मजदूरों को ट्रक लोडिंग करने में परेशानी होती है। ट्रक लोडिंग स्थल पर ट्रांसपोर्टिंग के लिए हाइवा भी पेलोडर से लोड किया जाता है। यह सुरक्षा की दृष्टिकोण से खतरनाक है। इसलिए प्रबंधन सुसोजित तरीके से लोडिंग स्थल बनाये। अन्यथा यहां कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इसके अलावा ट्रक लोडिंग की प्रतिटन 500 रुपये की जगह 600 रुपये किया जाए। कोयला का डीओ आफर बढ़ाया जाए। इसके अलावा आरओएम डीओ भी चालू की जाए। अगर इन मांगों को प्रबंधन पूरा नहीं करता है तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगें। बताया कि बुधवार को विश्वकर्मा परियोजना में सांसद ढुल्लू महतो एटक की ओर से एक सभा करेंगे जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस मौके पर छोटू राम, सुभाष मुर्मू, आजादी चौहान, केदार चौहान, देवप्रकाश साव, टुन्नू गुप्ता, अकबर आलम, भगवान पासवान, चंपा देवी, पूजा देवी व महेंद्र चौहान आदि उपस्थित थे।

## पांडेडीह में डीके एकवा हिल्ल पेयजल फिल्टर प्लांट का हुआ उद्घाटन

**महुदा (आजाद सिपाही)।** सिंगड़ा पंचायत के पांडेडीह में सोमवार को डीके एकवा हिल्ल पेयजल फिल्टर प्लांट का शुभारंभ हुआ। इसका जिप सदस्य शारदा सिंह ने उद्घाटन कर स्थानीय निवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि यह जल फिल्टर प्लांट क्षेत्रवासियों के लिए एक अहम कदम है। यह प्लांट ना केवल पानी की गुणवत्ता में सुधार करेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराएगा, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आएगी। शारदा सिंह ने कहा कि पानी एक बुनियादी आवश्यकता है। इस पहल से पांडेडीह और आसपास के क्षेत्रों में जल संकट से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यह प्लांट भविष्य में जल संकट को हल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मौके पर मुखिया सूर्यकांत महतो, उप मुखिया कृष्णा रजक, पंसस प्रतिनिधी भरत रजक, वार्ड सदस्य बासु रजक, गौवर्धन रजक, रमेश रजक, दिनेश रजक, टींकू दास, राजेश रजक, विजय रजक, प्रो सुरेश रजक, सुरेश कुंभकार, मनू रजक, संजय रजक, साधू रजक, मालती देवी, मंजु देवी, शांति देवी, सावित्री देवी और संतोष ठाकुर आदि मौजूद थे।

## स्वच्छता को लेकर कार्यशाला आयोजित

**महुदा (आजाद सिपाही)।** जमडीहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार को एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से ऐडेंट संस्था की ओर से स्वच्छता कार्यक्रम कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें ऐडेंट के कार्यक्रम प्रबंधक नितेश कुमार सिंह ने छात्रों को स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण आदतों और इसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे अपनी आदतों में शामिल करने की अपील की। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन और ऐडेंट संस्था द्वारा विद्यालय में छात्रों के लिए वॉटर कूलर, प्यूरिफायर, बुक सेल्फ, लाइब्रेरी टेबल, कुर्सी के साथ ही खेलकूद की सामग्री और शौचालय मरम्मत कार्य भी किया जा रहा है। योगेश कुमार ने बताया कि धनबाद जिले के कुल 50 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है, जिनकी आधारभूत संरचना में सुधार के कार्य चल रहे हैं।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

70वीं औपबंधिक सूची
जिला– लातेहार (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरसा मुण्डा एवं सुर्यदेव भगत द्वारा पहचान एवं नोडल पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–807/24 2. आवेदक–मो0 बारीक अंसारी, पिता–गुलाम नबी मियां<br>3. ग्राम–हेठ पोचरा , पोस्ट–हेठ पोचरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें हाथ में सुई का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर , विजय भगत, सत्येन्द्र सिंह एवं विश्वनाथ प्रसाद आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 2. | 1 आवेदन क्र0–808/24 2. आवेदक–विनय प्रसाद, पिता– अयोध्या प्रसाद गुप्ता<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–590/24 2. आवेदक–श्याम बिहारी सिंह, पिता–माधो सिंह<br>3. ग्राम– ढलसुलया, पोस्ट–सतबरवा, थाना–सतबरवा, प्रखण्ड–सतबरवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख क नीचे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–809/24 2. आवेदक–सिता देवी, पति–रमेश प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–लुहुर, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–591/24 2. आवेदक–सेबेस्तीयानुस कुजूर, पिता–स्व0 इसीदोर कुजूर<br>3. ग्राम–विजय नगर चियाँकी, पोस्ट–मेदनीनगर, थाना–मेदनीनगर (डाल्टेनगंज), प्रखण्ड–मेदनीनगर (डाल्टेनगंज) 4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1 आवेदन क्र0–592/24 2. आवेदक–लल्लू प्रसाद जायसवाल, पिता– सरयू प्रसाद जायसवाल<br>3. ग्राम–कान्दू मुहल्ला, पोस्ट–बेलवाटीकर, थाना–मेदनीनगर (डाल्टेनगंज), प्रखण्ड– मेदनीनगर (डाल्टेनगंज) 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1 आवेदन क्र0–810/24 2. आवेदक–अरविन्द विजय टोप्पो, पिता–स्व0 अल्फोस टोप्पो<br>3. ग्राम– अम्बोवाटोली, पोस्ट–महुआडांड़, थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1 आवेदन क्र0–593/24 2. आवेदक–विरेन्द्र सिंह, पिता– रामनाथ सिंह<br>3. ग्राम–हुकवा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना ठेहुना में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–811/24 2. आवेदक–राजेश पासवान, पिता–स्व0 ललन राम<br>3. ग्राम– बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1 आवेदन क्र0–812/24 2. आवेदक–रंजीत कुमार, पिता–ललन राम<br>3. ग्राम– बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–813/24 2. आवेदक–लक्ष्मी देवी, पति–नागेन्द्र प्रसाद<br>3. ग्राम– बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कान में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1 आवेदन क्र0–594/24 2. आवेदक–उपेन्द्र ठाकुर, पिता– कृष्णमुरारी ठाकुर<br>3. ग्राम–हुरुहंसा, पोस्ट–नौडीहा, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिना में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1 आवेदन क्र0–814/24 2. आवेदक–कुंदन कुमार, पिता– योधन राम<br>3. ग्राम–लुहूर, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिना में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1 आवेदन क्र0–815/24 2. आवेदक–सुखमणिया देवी, पति–स्व0 विष्णु उराँव<br>3. ग्राम–केडू, पोस्ट–मौंगर, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हांथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1 आवेदन क्र0–816/24 2. आवेदक–विन्दा देवी, पति–अजीत कुमार<br>3. ग्राम–अम्बाकोठी, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के नीचे बायें तरफ तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1 आवेदन क्र0–817/24 2. आवेदक–बसंत ठाकुर, पिता–अर्जून ठाकूर<br>3. ग्राम– बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1 आवेदन क्र0–818/24 2. आवेदक–भोला राम, पिता– स्व0 बाजो राम<br>3. ग्राम–केडू, पोस्ट–मौंगर, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिना में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–819/24 2. आवेदक–जुली खलखो, पति–जैतून मिंज<br>3. ग्राम– बमण्डी, पोस्ट–छेंचा, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1 आवेदन क्र0–595/24 2. आवेदक–बुधन सिंह, पिता–स्व0 सहदेव सिंह<br>3. ग्राम–सिंजो, पोस्ट–मनिका, थाना–मनिका, प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1 आवेदन क्र0–820/24 2. आवेदक–बृजकिशोर प्रजापति, पिता–स्व0 वालचन्द प्रजापति<br>3. ग्राम– बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–821/24 2. आवेदक–कुलदीप प्रसाद, पिता–स्व0 तुलशी साव<br>3. ग्राम– सेमरी, पोस्ट–डेमू, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–822/24 2. आवेदक–राजीव रंजन, पिता–स्व0 ब्रजेश प्रसाद<br>3. ग्राम– बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–823/24 2. आवेदक–चिंता देवी, पति–स्व0 राजकुमार सिंह<br>3. ग्राम–हरातू, पोस्ट–छिपादोहर, थाना–छिपादोहर, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–824/24 2. आवेदक–सकुन्तला देवी, पति–रमेश प्रसाद साव<br>3. ग्राम– हरिनामाड़, पोस्ट–छिपादोहर, थाना–छिपोदोहर, प्रखण्ड–छिपादोहर<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– ललाट में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–825/24 2. आवेदक–प्रदीप कुमार सिंह, पिता–स्व0 राजमोहन सिंह<br>3. ग्राम–निन्दीर, पोस्ट–डेमू, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–826/24 2. आवेदक–अब्दुल बारी, पिता–अख्तर हुसैन<br>3. ग्राम– बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–827/24 2. आवेदक–प्रकाश महतो, पिता–शिबु महतो<br>3. ग्राम–जिलगा, पोस्ट–मारंगलोईया, थाना– बालुमाथ, प्रखण्ड–बालुमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–828/24 2. आवेदक–सुनीता मसोमात, पति–सकेन्द्र राम<br>3. ग्राम–केडू, पोस्ट–मौंगर, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–829/24 2. आवेदक–अजय कुमार पाण्डेय, पिता–स्व0 राजदेव पाण्डेय<br>3. ग्राम–विशुनपुर पोस्ट–लातेहार, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–830/24 2. आवेदक–देववासी देवी, पति–स्व0 कैलाश प्रजापती<br>3. ग्राम–नावाडीह, पोस्ट–नावाडीह, थाना–छिपादोहर, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–831/24 2. आवेदक–सत्येन्द्र कुमार सिंह, पिता–धनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–कल्याणपुर, पोस्ट–सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–596/24 2. आवेदक–प्रभु विश्वकर्मा, पिता–शिवनाथ विश्वकर्मा<br>3. ग्राम–राजहरा, पोस्ट–राजहारा कोलचरी, थाना– नावा बाजार, प्रखण्ड–नावा बाजार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हांथ में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–832/24 2. आवेदक–आशिक मियाँ पिता–स्व0 जलील मियां<br>3. ग्राम–तरवाडीह पोस्ट–तरवाडीह, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–833/24 2. आवेदक–शिवशंकर प्रसाद, पिता–स्व0 तुलसी साह<br>3. ग्राम–सेमरी पोस्ट–डेमु, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–834/24 2. आवेदक–मोहरमनिया देवी, पति–स्व0 विनोद प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम– कुटमू पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना गाल में मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–835/24 2. आवेदक–दयानन्द मिस्त्री, पिता–स्व0 सुखलाल मिस्त्री<br>3. ग्राम– कुटमू पोस्ट–सरईडीह, थाना– बरवडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– हांथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–836/24 2. आवेदक–मोहम्मद आसिफ ईकबाल, पिता–स्व0 फजलुर रहमान<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–837/24 2. आवेदक–शिवनन्दन नाम पिता–स्व0 तेतर राम<br>3. ग्राम–चन्दनडीह, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–838/24 2. आवेदक–सुनीता कुजूर, पति–स्व0 हरवंश उराँव<br>3. ग्राम–मुक्का, पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हांथ मे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–839/24 2. आवेदक–गोपाल प्रसाद, पिता–स्व0 नन्द किशोर गुप्ता<br>3. ग्राम–पोचरा पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62वर्ष, पहचान चिन्ह–गालमें तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–840/24 2. आवेदक–सतीश कुमार सिंह, पिता–स्व0 रामऔतार सिंह<br>3. ग्राम–निन्दीर पोस्ट–डेमू, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर मेंकटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–841/24 2. आवेदक–मलिका उराँव ,पिता–स्व0 कलहू उराँव<br>3. ग्राम–डेमू पोस्ट–डेमू, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–842/24 2. आवेदक–महफुज अंसारी, पिता–हमीद मियाँ<br>3. ग्राम–केडू , पोस्ट–मौंगर, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गालमेंमस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–843/24 2. आवेदक–लक्ष्मन प्रसाद, पिता–रामकिशुन साव<br>3. ग्राम–हुन्डरू पोस्ट–डेमू, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के निचे मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–844/24 2. आवेदक–कामेश बैठा, पिता–ठुनी बैठा<br>3. ग्राम–मौंगर पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा मेंतील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–845/24 2. आवेदक–मीना देवी, पति–योगेन्द्र मिस्त्री<br>3. ग्राम–कुटमू, पोस्ट–सरइडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला, आयु–50वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिनाकान के निचेजला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–846/24 2. आवेदक–सकेन्द्र पासवान पिता–स्व0 त्रिवेनी मांझी<br>3. ग्राम–केडूपोस्ट–मौंगर, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर मेंतील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–847/24 2. आवेदक–लक्ष्मण राम, पिता–चमन राम<br>3. ग्राम–केडू पोस्ट–मौंगर, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गालमेंतील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–862/24 2. आवेदक–रामजन्म सिंह, पिता–बासुली सिंह<br>3. ग्राम– केचकी, पोस्ट–सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये आंख के निचे मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–सत्यनारायण प्रसाद, पिता–स्व0 रघुवंश साव<br>3. ग्राम– धांधर टोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कंधा पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–पवन कुमार, पिता–सत्यनारायण प्रसाद<br>3. ग्राम– धांधर टोला, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–मनोज यादव, पिता–विश्वनाथ यादव<br>3. ग्राम– बारेशाड़, पोस्ट–गारू, थाना–गारू, प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–848/24 2. आवेदक–हेरमन केरकेटा, पिता–स्व0 मरकस केरकेटा<br>3. ग्राम–माराबार, पोस्ट–पोचरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन के नीचे सिना सिना पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–849/24 2. आवेदक–प्रदीप कुमार यादव, पिता–गजेन्द्र यादव<br>3. ग्राम–भुसूर, पोस्ट–जालिम, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–कनपटी के दाहिनी ओर बड़ा तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–850/24 2. आवेदक–जोसेफ तिर्की, पिता–जयमसीह तिर्की<br>3. ग्राम–जारम, पोस्ट–पोचरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन के बायीं ओर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–851/24 2. आवेदक–दीप नारायण गुप्ता, पिता–स्व0 सूरज प्रसाद<br>3. ग्राम–जुबली चौक लातेहार, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिनी हाथ के कलाई से उपर हथेली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–2313/24 2. आवेदक–निमो देवी, पति–करमदेव उराँव<br>3. ग्राम–रोन्हे, पोस्ट–गड़गोमा, थाना–बरियातु, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के भौं में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–852/24 2. आवेदक–अर्जुन पाठक, पिता–स्व0 भिखो पाठक<br>3. ग्राम–अम्बावाटीकर, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–853/24 2. आवेदक–महेन्द्र उरांव, पिता–जगु उरांव<br>3. ग्राम–पतरातू (तरवाटांड), पोस्ट–कुरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–854/24 2. आवेदक–आबिद अंसारी, पिता–कुतुबुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–करकट, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–855/24 2. आवेदक–जितेन्द्र प्रसाद, पिता–शिवनारायण प्रसाद<br>3. ग्राम–चन्दडीह, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के भौ पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–856/24 2. आवेदक–लक्ष्मण उरांव, पिता–बणदेय उरांव<br>3. ग्राम–कोल्हेरूआ पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट के नीचे कमर के पास बड़ा घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–597/24 2. आवेदक–रामकृष्ण प्रसाद, पिता–स्व0 रामजीत<br>3. ग्राम–कोशियारा पोस्ट–कटुवलकलां, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–598/24 2. आवेदक–उदय कुमार, पिता–बिन्देश्वरी राम<br>3. ग्राम–हन्सा , पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48. वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–857/24 2. आवेदक–संजय कुमार, पिता–श्यामसुन्दर राम<br>3. ग्राम–बरवाडीह पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में छाप का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–858/24 2. आवेदक–जगनारायण सिंह, पिता–स्व0 नान्हू सिंह<br>3. ग्राम–पोखरीकलां पोस्ट–सरईडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–859/24 2. आवेदक–रामावतार चौधरी, पिता–शिवनारायण चौधरी<br>3. ग्राम– बरवाडीह, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 344702 Home (24-25)_D — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
- 2 YEARS M.Sc. Nursing
- 2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
- 4 YEARS B.Sc. Nursing
- 3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
- 2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
- 4 YEARS BMLT
- 2 YEARS DMLT
- 2 YEARS OT ASSISTANT
- 2 YEARS ECG
- 2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
- 2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
- 2 YEARS RADIO-IMAGING
- 2 YEARS ANESTHESIA TECH.
- 1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
- 2 YEARS D-PHARM
- 4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# खो -खो विश्व विजेता भारतीय दल को कीट - कीस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कीस डीम्ड विश्वविद्यालय के तीन खिलाड़ियोंः पाबनी सबर, सुभाश्री सिंह और मगई माझी ने खो -खो के पारंपरिक खेल में इतिहास रच दिया है। नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में खेले गये पहले खो-खो विश्वकप में भारत पुरुष और महिला दोनों वर्गों में विजयी हुआ। कीस के पावनी सबर ने भारतीय पुरुष टीम में प्रतिनिधित्व किया, जबकि सुभश्री सिंह और मगई माझी महिला टीम की हिस्सा थीं। इस उपलब्धि ने भारतीय और ओडिशा के खेलों के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। ऐसे में कीट और कीस के संस्थापक प्रो. अच्युत सामंत ने व्यक्तिगत रूप से दिल्ली जा कर चैंपियनों को बधाई दी। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि तीनों विश्व चैंपियन न केवल कीस के लिए बल्कि ओडिशा, भारत और पूरे आदिवासी समुदाय के लिए भी गर्व का विषय हैं। गौरतलब है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी भारतीय खो-खो टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए अपने 'एक्स' हैंडल पर बधाई दी है। प्रो सामंत ने इस सम्मान के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय प्रो अच्युत सामंत और कीस को दिया तथा कहा कि उन्हें जो समर्थन और प्रोत्साहन मिला है, उससे ही यह उपलब्धि मिली है।

# कोणार्क में दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**कोणार्क।** कोणार्क में दो दिवसीय खनन मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने आज इसका उद्घाटन किया। सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय खान मंत्रालय और ओडिशा सरकार के सहयोग से किया गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय खनिज संसाधन मंत्री जी किशन रेड्डी शामिल हुए हैं। ओड़िशा समेत 16 खनन राज्यों के मंत्री शामिल हुए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि ओडिशा विविध खनिज संसाधनों से समृद्ध राज्य है, न केवल क्योंझर बल्कि राज्य का हर कोना खनिज संसाधनों से समृद्ध है। इसलिए, मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा वास्तव में एक रत्न है। देश के विकास में ओडिशा की भूमिका अहम है। अब ओडिशा की मिट्टी में लिथियम के संकेत मिले हैं। यह ई-बैटरी उद्योग के लिए अच्छी खबर है।

# बड़े-बड़े अधिकारियों के नाम पर बना है राशन कार्ड : कृष्णचंद्र पात्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बड़े-बड़े अधिकारी के नाम पर राशन कार्ड है, गरीब लाभुकों के लिए जो राशन कार्ड बना था, वह भी बड़े सरकारी कर्मचारियों के नाम पर है। ई-केवाईसी जांच से ऐसी अहम जानकारी सामने आयी है। आपूर्ति मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र ने जल्द से जल्द कार्ड वापस नहीं करने पर जुर्माना लगाने की तागीद की है। मंत्री ने कहा कि गिनती के बाद सभी कार्ड बरामद किये जायेंगे।

**आपूर्ति मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र ने की अपील:** ई-केवाईसी के बाद सब कुछ सामने आ जायेगा। जिन लोगों ने इसे लिया है, मैं उनसे इसे वापस करने की अपील करता हूं। अगर हमें पता चलता है कि हम उन्हें राशन कार्ड से हटादेंगे और उन्हें कुछ वित्तीय दंड का भी सामना करना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री आवास सर्वेक्षण 24 से शुरू होगा : मंत्री रवि नायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** तारीख से शुरू होगा प्रधानमंत्री आवास सर्वेक्षण, पंचायतराज मंत्री रवि नायक ने बताया कि लाभार्थी ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से आवेदन कर सकते हैं, 24 तारीख को राज्य सरकार आधिकारिक तौर पर आवास पोर्टल लॉन्च करेगी। डेढ़ से दो महीने तक चलने वाले आवास सर्वेक्षण के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है।

## जानिए क्या होंगे वैधानिक नियम

आवेदक पंचायतों में ऑफलाइन या ऑनलाइन में आवेदन कर सकते हैं : ▪ इसके लिए विभाग ने पहले ही पंचायतों में पल्ली सभा कर विभाग ने सचेतन किया है। ▪ केंद्र सरकार ने आवास की संख्या दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ कर दी है। ▪ ओडिशा को और अधिक मिलने की उम्मीद है।

## केंद्र सरकार ने नियमों में दी ढील, बाइक और फ्रिज हो तो भी कर सकते हैं आवेदन

▪ यदि आपकी मासिक आय 15 हजार है तो भी आप आवेदन कर सकते हैं। ▪ किसी को भी नहीं छोड दिया जायेगा। ▪ जो बेटा अपने पिता से अलग हो गया है, वह भी आवेदन कर सकता है। ▪ एक महिला जो अपने पति से अलग रह रही है, वह भी आवेदन कर सकती है। उन्होंने कहा कि बीजू पक्का घर अब नहीं है, घर के सामने बीजू पक्का घर का पदचिह्न ही है, लोग इसे बहुत जल्द हटा देंगे।

# यात्रियों के लिए सानपदर में पैसेंजर हॉल्ट स्थापित किया जायेगा : रेल मंत्री




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कनेक्टिविटी बढ़ाने और स्थानीय मांग को पूरा करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विकास में, भारतीय रेलवे ने खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन पर स्थित सानपदर में नये यात्री हॉल्ट का शुभारंभ किया है। यह नया स्टेशन क्षेत्र की बढ़ती परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करेगा और स्थानीय यात्रियों के लिए पहुंच में सुधार करेगा।

पिछले साल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की दसपल्ला यात्रा के दौरान आम जनता के अनुरोध के बाद सानपदर पैसेंजर हॉल्ट को खोलने का निर्णय लिया गया था। रेल मंत्री ने बेहतर रेल संपर्क के लिए स्थानीय लोगों की मांग को स्वीकार किया और उन्हें आश्वासन दिया कि सानपदर में पैसेंजर हॉल्ट स्थापित किया जायेगा। इस शुभारंभ के साथ, श्री वैष्णव ने एक बार फिर इस क्षेत्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया है। सानपदर पैसेंजर हॉल्ट आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। पैसेंजर हॉल्ट टी का निर्माण 55 लाख रुपये की लागत से किया गया है और इसका प्लेटफॉर्म 450 मीटर है। यात्री हॉल में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में छह छोटे यात्री आश्रय हैं। प्लेटफार्म पर 30 यात्रियों और प्रतीक्षालय में 13 यात्रियों के बैठने के लिए छह बेंचों की भी व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा, रात के समय यात्रा के दौरान दृश्यता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 22 लाइट पोस्ट, पानी की जरूरतों के लिए 1 हैंड ट्यूबवेल, 1 बुकिंग काउंटर, वेटिंग रूम में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग शौचालय के साथ वेटिंग रूम उपलब्ध कराया गया है।

**सानपदर में रुकने के लिए चार जोड़ी ट्रेनें :** स्थानीय यात्रा को बेहतर बनाने की पहल के तहत, पूर्व तट रेलवे ने घोषणा की है कि एक एक्सप्रेस ट्रेन सहित चार जोड़ी ट्रेनें अब 20 जनवरी 2025 से सानपदर में रुकेंगी।


**Ph.D. Awarded**



By the order of Hon'ble Vice-Chancellor of Capital University, Koderma (Jharkhand) the under Mentioned Candidate-Sulochana Kumari daughter of Sh.Mahendra Saw and Mrs. Premshila Devi, wife of Mr. Prem Nayak is declared to have passed the Doctor of Philosophy (Psychology) Open Viva-Voce held On 23rd December 2024. She has been awarded with The Degree of Ph.D. for her research work on **"A Study On The Socio-Economic Status Of Students And Its Effects On Adjustments And Achievements Of The School Education Of North Chhotanagpur Zone"** University Registration No.-**1701802079914111** under the supervision of Dr. Archana Krishna (Supervisor), Capital University Department Of Psychology.

**Dr. Sulochana Kumari**


# एसओए स्नातकोत्तर मेडिकल छात्रों ने राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरस्कार जीते



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यहां शिक्षा ह्यओह्ल अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (एसओए) के चिकित्सा संकाय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान और एसयूएम अस्पताल के चार स्नातकोत्तर छात्रों ने पिछले 8 से 12 जनवरी तक मुंबई में आयोजित 67वें अखिल भारतीय प्रसूति और स्त्री रोग सम्मेलन (एआईसीओजी) में पुरस्कार जीते हैं। आईएमएस और एसयूएम अस्पताल के ग्यारह स्नातकोत्तर छात्रों ने सम्मेलन में भाग लिया, जो फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) के 75वें वर्ष के समारोह के साथ मेल खाता था।

डॉ नंदना राजगोपाल, डॉ चौ. विनीला नायडू और डॉ. शिल्पा जेना ने अपने-अपने वर्ग में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि डॉ सत्यजीत बरहा ने दूसरे वर्ग में तीसरा पुरस्कार जीता। एसओए के कुलपति प्रो. प्रदीप्त कुमार नंदा और आईएमएसएसएच में स्त्री रोग के प्रोफेसर प्रो. बसंत कुमार पति भी मौजूद थे।

# भारतीय बिलिंग कांग्रेस ने सोआ के संस्थापक अध्यक्ष को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के संस्थापक अध्यक्ष (डॉ.) मनोजरंजन नायक को सोमवार को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनके अपार योगदान के लिए इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस के ओडिशा चैप्टर द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

आईबीसी के ओडिशा चैप्टर के अध्यक्ष बिजय चंद्र त्रिपाठी और इसके उपाध्यक्ष प्रो प्रभात कुमार पाढ़ी ने प्रो (डॉ.) नायक को सम्मानित करने के लिए उनके कार्यालय में उनसे मुलाकात की। प्रो (डॉ.) नायक को एक मजबूत और सफल उद्यमी बताते हुए श्री त्रिपाठी ने आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी राज्य की सेवा करते रहेंगे। प्रो नायक ने यह भी कहा कि इंडियन बिल्ड कांग्रेस की ओडिशा शाखा को भविष्य में सोआ की ओर से हर संभव सहायता दी जायेगी।


**FURNITURE PLANET**
*A Unit of Supreme Techno (India)*
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture



LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788



**प्रकाशित**

झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन

वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
With OMR Sheet for Practice
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
All Subjects Combined in ONE BOOK
Arts Subject: Hindi (Core), English (Core), Hindi (Elective), English (Elective), Economics, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Philosophy and Home Science
Science Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology and Computer Science
Commerce Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Accountancy, Business Studies, Commercial Arithmetic, Entrepreneurship and Computer Science
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।


# राष्ट्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता 8 फरवरी से

**खेल समारोह के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को एक सम्मानजनक अवसर प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना**




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय खेल-कूद समारोह का कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर में 08 फरवरी से 10 फरवरी 2025 तक आयोजित होगी। एक सशक्त, समर्थ व संस्कारित राष्ट्र के निर्माण का मूलाधार सशक्त युवा पीढ़ी है, जो कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विचारवान व सक्षम हो। किंतु राष्ट्र के युवाओं का सामूहिक विकास उनकी प्रबल इच्छा शक्ति, रचनात्मकता, प्रतिभा तथा आन्तरिक व वाह्य पक्षों के समग्र विकास हेतु एक उपयुक्त वातावरण की आवश्यकता है। इस विस्तृत कार्ययोजना के आधार पर अभ्युदय यूथ क्लब की मुख्य अवधारणा प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक खेलों में पदक प्राप्त कराकर देश को गौरवान्वित करना है।

इस योजना के व्यवस्थित संचालन हेतु एकल विद्यालय की संगठनात्मक रुपरेखा को आधार बनाकर हम समाज मे प्रत्येक एकल विद्यालय को खिलाड़ियों की नर्सरी के रूप मे स्थापित करना चाहते हैं। संपूर्ण राष्ट्र के जन-जन में देश भक्ति का ज्वार उठाने हेतु 'हर घर तिरंगा' अभियान को माध्यम बनाया जा सकता है, तो क्यों न अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत मे तिरंगा फहराने हेतु 'घर-घर प्रतिभा खोज' का राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जायेगा, जिससे भारत के जन-जन मे यह आस्था जगायी जा सके कि 'खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत।'

'घर-घर प्रतिभा अभियान' को मूर्त रूप प्रदान करने हेतु भारत के 4 लाख गांवों मे फैले एकल ग्राम संगठन के तन्त्र को माध्यम बनाया गया। एकल अभियान की जागरण शिक्षा के कार्यकर्ताओं ने घर-घर से प्रतिभा खोजने के लिए ग्रामीण युवाओं को गतिमान बनाने हेतु 'अभ्युदय यूथ क्लब' नामक युवा संगठन का गठन करते हुए, इसी संगठन के बैनर तले भारत के एक लाख गांवों में खेल समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया।

**भविष्य की आशाः** विभिन्न स्तर पर आयोजित खेल समारोहों को जिस प्रकार से समाचार माध्यमों की आत्मीयत मिली, समाचार पत्रों मे खेल पृष्ठ पर सम्मानजनक कवरेज मिला, समाज के अतिविशिष्ट जनों ने इन समारोहों मे हमारा आतिथ्य स्वीकार कर हमारे खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया, इसके कारण विभिन्न प्रदेशों में स्थित सरकारी खेल विभाग के प्रशिक्षकों ने वनवासी खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखकर अपने तन्त्र के माध्यम से इन प्रतिभाओं को निखारने हेतु जैसा आश्वासन दिया है, उसे देखकर अब यह आशा जगी है कि एकल अभियान का अभ्युदय यूथ क्लब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वनवासी खिलाड़ियों को पहुंचाने में निश्चित ही सफल हो सकेगा।

## खेल समारोह में ये खिलाड़ी ले सकते हैं भाग

1. एथलेटिक्सः16 वर्ष आयु से कम के बालक/बालिकाओं हेतु 100मी0, 200मी0, 400मी0 दौड़, लम्बी कूद और ऊंची कूद।
2. खेलः 1. कुश्ती-केवल बालक (भार)-45 किलो, 48 किलो, 51 किलो और 55 किलो। 2. कबड्डी-कबड्डी बालक/बालिका खिलाड़ियों हेतु। 3.योगः-आचार्य/आचार्या हेतु।


POPKORN cinemas
Now Showing
SUJATA PICTURE PALACE



| at Screen-1 (Sujata) | Schedule For 20th Jan., 2025 onwards! |
|---|---|
| Marco | : 11.00 |
| Pushpa: The Rule-Part 2 | : 2.00,6.00 |
| **at Screen-2 (Miniplex)** | |
| Game Changer | : 10.30, 4.00 |
| Marco | : 1.30 |
| Emergency | : 7.00 |
| **at Popkorn Cinemas** | |
| Emergency | : 3.30 |
| Game Changer | : 11.00 |
| Marco | : 12.30, 7.00 |
| Pushpa: The Rule-Part 2 | : 2.00, 6.00 |

*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.



**JOB VACANCY**
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
- Only Female.
- Age 30 to 45 Years.
- Minimum Qualification Graduation
- Married only.
- Experience को वरियता

Post Applied For
Life planning Officer (LPO)

Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**